निष्पक्ष एवं निर्भीक हिन्दी दैनिक

# नवबिहार टाइम्स



वैष्णो देवी के अर्द्धकुमारी में लैंडस्लाइड

• बोकारो, बुधवार, 27 अगस्त 2025 • वर्ष : 09 • अंक : 101 • पृष्ठ : 12 • मूल्य : 3.00 रु. • RNI No. : JHAHIN2017/72655 • बोकारो व औरंगाबाद से प्रकाशित

# सेल ने नौसेना को 8 हजार टन क्रिटिकल-ग्रेड स्टील की आपूर्ति की, आइएनएस उदयगिरि और हिमगिरि नौसेना में शामिल



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** भारत की महारत्न कंपनी और सबसे बड़ी सार्वजनिक क्षेत्र की स्टील उत्पादक इकाई, स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) ने देश के रक्षा क्षेत्र के साथ अपनी साझेदारी को और मजबूत किया है। कंपनी ने भारतीय नौसेना के दो अत्याधुनिक फ्रंटलाइन युद्धपोतों—आईएनएस उदयगिरि और आईएनएस हिमगिरि—के निर्माण के लिए लगभग 8,000 टन क्रिटिकल-ग्रेड स्टील की आपूर्ति की है। विशाखापत्तनम में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में आयोजित भव्य समारोह में मंगलवार को दोनों फ्रिगेट्स को नौसेना में शामिल किया गया। सेल ने मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स लिमिटेड और गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स लिमिटेड के सहयोग से बोकारो, भिलाई और राउरकेला स्टील प्लांट से विशेष हॉट-रोल्ड शीट्स और प्लेट्स उपलब्ध कराए। क्रिटिकल-ग्रेड स्टील का विकास और आपूर्ति न केवल आत्मनिर्भर भारत और 'मेक इन इंडिया' अभियान को मजबूती देता है, बल्कि रक्षा क्षेत्र में आयात पर निर्भरता भी घटाता है। राउरकेला स्टील प्लांट का 'स्पेशल प्लेट प्लांट' अब तक टैंक, मिसाइल और युद्धपोतों के लिए एक लाख टन से अधिक विशेष स्टील उपलब्ध करा चुका है। सेल पहले भी आईएनएस विक्रांत, आईएनएस नीलगिरी, आईएनएस अजय, आईएनएस विंध्यगिरि और आईएनएस सूरत जैसे प्रतिष्ठित जहाजों को स्टील उपलब्ध करा चुका है। यह उपलब्धि दर्शाती है कि भारत अब युद्धपोतों के लिए आवश्यक स्टील से लेकर जटिल डिजाइन और संचालन तक पूरी तरह स्वदेश में विकसित करने में सक्षम है।

# नशे में पुत्र ने की पिता की हत्या, आरोपित गिरफ्तार



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**मेदिनीनगर (पलामू)।** पलामू जिले के पंड़वा थाना क्षेत्र के कजरमा गांव में शराब के नशे में पुत्र ने अपने ही पिता की हत्या कर दी। पुलिस ने आरोपी पुत्र को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। घटना 21 अगस्त की है। जानकारी के मुताबिक, कजरमा निवासी प्यारे भुईया को उनके पुत्र कारू कुमार (20) ने शराब के नशे में लोहे के सब्बल से हमला कर घायल कर दिया। इसके बाद रस्सी से गला कसकर उनकी हत्या कर दी। आरोपी ने शव को घर के एक अंधेरे कमरे में छिपा दिया और अगले दिन 22 अगस्त को परिजनों के साथ शवदाह के लिए श्मशान ले गया। इसी बीच थाना प्रभारी अंचित कुमार को सूचना मिली और उन्होंने अंतिम संस्कार रुकवा दिया। पुलिस की जांच में शव पर चोट और गला कसने के निशान मिले। इसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए रांची रिम्स भेजा गया। जांच में खुलासा हुआ कि मृतक प्यारे भुईया अक्सर नशे में पत्नी और बेटे से मारपीट करता था। घटना वाली शाम विवाद के दौरान आरोपी पुत्र ने पिता की हत्या कर दी। पुलिस ने 25 अगस्त को आरोपी कारू कुमार को गिरफ्तार किया। उसकी निशानदेही पर हत्या में प्रयुक्त सब्बल और रस्सी बरामद कर ली गई है। इस मामले में पंड़वा थाना कांड संख्या 61/2025 दर्ज किया गया है।

# पूर्णिया एयरपोर्ट का पीएम मोदी करेंगे उद्घाटन



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**


**पटना।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 15 सितंबर को एक बार फिर बिहार दौरे पर आएंगे। इस बार उनका कार्यक्रम कोसी इलाके के पूर्णिया में तय है, जहां वे लंबे समय से प्रतीक्षित पूर्णिया एयरपोर्ट का उद्घाटन करेंगे। इसके साथ ही वे हजारों करोड़ की विभिन्न विकास योजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास भी करेंगे। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल ने इसकी पुष्टि करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री का यह दौरा कोसी क्षेत्र के लिए ऐतिहासिक साबित होगा। उन्होंने कहा, "पूर्णिया एयरपोर्ट इस इलाके की कनेक्टिविटी और आर्थिक संभावनाओं को नई उड़ान देगा। प्रधानमंत्री मोदी लगातार बिहार को विकसित और आत्मनिर्भर बनाने के प्रयास में जुटे हैं।" बताया जा रहा है कि पीएम मोदी अपने दौरे में इंफ्रास्ट्रक्चर, स्वास्थ्य, शिक्षा और सड़क विकास से जुड़ी कई परियोजनाओं की सौगात देंगे। सूत्रों के अनुसार, हजारों करोड़ रुपये की योजनाएं इस अवसर पर जनता को समर्पित की जाएंगी। विपक्ष की ओर से पूर्णिया एयरपोर्ट परियोजना को लेकर लगातार सवाल उठाए जाते रहे हैं। कांग्रेस नेता राहुल गांधी और राजद नेता तेजस्वी यादव केंद्र सरकार पर वादाखिलाफी और वोट चोरी के आरोप लगाते रहे हैं। ऐसे में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपने दौरे के दौरान इन आरोपों का जवाब देने के साथ-साथ केंद्र की उपलब्धियों को जनता के सामने रखने की तैयारी में हैं। लगातार हो रहे पीएम मोदी के बिहार दौरे यह संकेत दे रहे हैं कि आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर राज्य उनके एजेंडे में सर्वोच्च प्राथमिकता पर है। इस बार की यात्रा से न सिर्फ पूर्णिया बल्कि पूरे कोसी क्षेत्र के लोगों को बड़ी सौगात मिलने जा रही है।

# डेटा अपलोडिंग में मुंगेर विश्वविद्यालय ने हासिल की राज्य में पहली सफलता

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**मुंगेर।** मुंगेर विश्वविद्यालय ने शैक्षणिक सत्र 2024–25 के लिए एआईएसएचई पोर्टल पर 100% डेटा अपलोड कर बिहार के सभी विश्वविद्यालयों में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। विश्वविद्यालय के अंतर्गत आने वाले 17 अंगीभूत महाविद्यालय, 17 सम्बद्ध महाविद्यालय, 5 बी.एड. महाविद्यालय और 1 विधि महाविद्यालय ने समय रहते सफलतापूर्वक ऑनलाइन डेटा अपलोड कर यह उपलब्धि सुनिश्चित की। विश्वविद्यालय के एआईएसएचई नोडल अधिकारी डॉ. सुरज कोनार ने इस सफलता पर सभी महाविद्यालयों के प्राचार्यों और एआईएसएचई नोडल अधिकारियों को बधाई दी। उच्च शिक्षा निदेशक, बिहार सरकार, प्रो. (डॉ.) एन. के. अग्रवाल ने जानकारी दी कि पूरे राज्य में सबसे पहले मुंगेर विश्वविद्यालय ने अपना पूर्ण डेटा पोर्टल पर अपलोड किया है, जो विश्वविद्यालय की कार्यकुशलता और प्रतिबद्धता को दर्शाता है। इस उपलब्धि में कुलपति प्रो. (डॉ.) संजय कुमार, कुलसचिव डॉ. घनश्याम रॉय और निदेशक प्रो. (डॉ.) एन. के. अग्रवाल के सतत मार्गदर्शन और प्रोत्साहन की महत्वपूर्ण भूमिका रही। डेटा अपलोडिंग प्रक्रिया में अग्रणी भूमिका निभाने वाले तीन महाविद्यालयों—बी. एन. एम. कॉलेज, बरहिया; एस. जी. के. कॉलेज, महेशखुंट; तथा आर. डी. कॉलेज, शेखपुरा—को विश्वविद्यालय द्वारा विशेष रूप से पुरस्कृत किया जाएगा। यह पहल अन्य संस्थानों को भी समयबद्ध एवं गुणवत्ता-आधारित कार्य के लिए प्रेरित करेगी।

# जम्मू-कश्मीर के डोडा में बादल फटने से चार की मौत



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डोडा/जम्मू।** जम्मू संभाग में पिछले 24 घंटों से हो रही मूसलाधार बारिश ने तबाही मचा दी है। डोडा जिले में बादल फटने से आई बाढ़ और भूस्खलन में अब तक चार लोगों की जान जा चुकी है, जबकि कई घर क्षतिग्रस्त हो गए हैं। हालात लगातार बिगड़ते जा रहे हैं और प्रशासन ने लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने का काम तेज कर दिया है। डोडा के भलेसा क्षेत्र में सबसे ज्यादा तबाही हुई है। यहां अमृतपुरा, जक्यास निवासी 13 वर्षीय आसिया बानो की घर गिरने से मौत हो गई। तांता, कहरा के नूर मुहम्मद बाढ़ की चपेट में आकर मारे गए। समाई भलेसा निवासी रुबीना बेगम नाले में बह गईं, जिनका शव अब तक बरामद नहीं हो सका है। वहीं, भद्रवाह के थानाला क्षेत्र में घर गिरने से राहिला बानो की जान चली गई। डोडा के डिप्टी कमिश्नर हरविंदर सिंह ने बताया कि जिले की नदियां इस समय उफान पर हैं और हालात बेहद नाजुक बने हुए हैं। बारिश और बाढ़ की वजह से जिले की कई सड़कें और संपर्क मार्ग बंद हो गए हैं। जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग पर यातायात पूरी तरह रोक दिया गया है। डोडा, किश्तवाड़ और राजौरी जिलों के ऊंचाई वाले इलाकों में लगभग 15 रिहायशी घरों और गोशालाओं को नुकसान पहुंचा है, जबकि तीन पैदल पुल बह गए हैं। चिनाब नदी का जलस्तर खतरनाक स्तर के करीब पहुंच चुका है। इसका अधिकतम जलस्तर 900 फीट है और फिलहाल यह 899.3 फीट पर बह रही है। नदी किनारे और उससे सटे इलाकों में लोगों की आवाजाही प्रतिबंधित कर दी गई है। भारी बारिश और लगातार हो रहे भूस्खलन से जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। जम्मू शहर में भी हालात बिगड़ते जा रहे हैं। प्रशासन ने प्रभावित इलाकों में राहत और बचाव कार्य शुरू कर दिया है। ग्रामीणों को सुरक्षित स्थानों पर शिफ्ट किया जा रहा है।

# रामचंद्र चंद्रवंशी विश्वविद्यालय में दो दिवसीय कार्यशाला संपन्न

## कुलाधिपति बोले - विश्वविद्यालय समग्र विकास का केन्द्र बने



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**मेदिनीनगर (पलामू)।** विश्रामपुर स्थित रामचंद्र चंद्रवंशी विश्वविद्यालय में "परिणाम आधारित शिक्षा (ओबीई)" विषय पर आयोजित दो दिवसीय कार्यशाला मंगलवार को सम्पन्न हुई। समापन समारोह में कुलाधिपति डॉ. ईश्वर सागर चंद्रवंशी ने कहा कि विश्वविद्यालय केवल डिग्री प्रदान करने का माध्यम नहीं, बल्कि छात्रों के समग्र विकास का केन्द्र होना चाहिए। उन्होंने जोर देकर कहा कि भविष्य में रोजगार और प्रतिस्पर्धा केवल ज्ञान पर नहीं, बल्कि कौशल और दक्षता पर आधारित होगी। कुलाधिपति ने बताया कि कार्यशाला का उद्देश्य संबद्ध महाविद्यालयों के प्राचार्यों व समन्वयकों को ओबीई की अवधारणा से अवगत कराना और विद्यार्थियों को इस दिशा में प्रेरित करना है। मुख्य वक्ता डॉ. रवि कुमार ने ओबीई की संरचना, उसके लाभ और क्रियान्वयन की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों की प्रगति का आकलन केवल परीक्षा अंकों से नहीं, बल्कि उनके व्यवहारिक ज्ञान, कौशल और उपलब्धियों से होना चाहिए। कुलपति डॉ. संजय कुमार झा ने कहा कि ओबीई प्रणाली शिक्षा की गुणवत्ता को अधिक प्रभावी बनाती है और विद्यार्थियों की कार्यकुशलता एवं व्यावहारिक ज्ञान का सही मूल्यांकन सुनिश्चित करती है। रजिस्ट्रार डॉ. देवाशीष मंडल, परीक्षा नियंत्रक डॉ. नील कुमार सिंह, उप-निर्देशक अनुराग चंद्रवंशी और प्रशिक्षण एवं प्लेसमेंट प्रमुख मनीषा सिंह ने भी कार्यशाला की सराहना की। समन्वयक रवि रंजन मंजुल ने कहा कि शिक्षा तभी सार्थक है जब उसका सीधा प्रभाव विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास और परिणामों में दिखाई दे। कार्यशाला में विभिन्न महाविद्यालयों के प्राचार्य, समन्वयक और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

# वैष्णो देवी यात्रा मार्ग पर भूस्खलन छह श्रद्धालुओं की मौत, 14 घायल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**कटरा/जम्मू।** माता वैष्णो देवी यात्रा मार्ग पर मंगलवार को अर्धकुमारी के पास बड़ा हादसा हो गया। यहां भूस्खलन के कारण छह श्रद्धालुओं की मौत हो गई, जबकि 14 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी घायलों को तुरंत कटरा स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है। हादसा उस समय हुआ जब श्रद्धालु दर्शन कर लौट रहे थे। खराब मौसम को देखते हुए प्रशासन ने पहले ही यात्रा स्थगित कर दी थी। इधर, जम्मू में तवी नदी पर बने पुल के पास सड़क धंसने से कई वाहन नीचे गिर गए। पुलिस और राहत दल मौके पर पहुंचकर रेस्क्यू अभियान में जुटे हैं। फिलहाल नुकसान का विस्तृत ब्योरा सामने नहीं आया है। जम्मू-कश्मीर के डोडा जिले में भी मौसम का कहर जारी है। मंगलवार को यहां कई इलाकों में बादल फटने से अचानक बाढ़ आ गई, जिसमें 10 से 15 घर बह गए। बीते 24 घंटे में डोडा जिले में 4 लोगों की मौत की पुष्टि हुई है। लगातार तीन दिनों से रुक-रुक कर हो रही भारी बारिश से जनजीवन अस्त-व्यस्त है। एहतियातन अगले दो दिनों के लिए स्कूल बंद कर दिए गए हैं। जम्मू-श्रीनगर और बटोटे-किश्तवाड़ समेत कई राष्ट्रीय राजमार्गों पर आवाजाही पूरी तरह ठप है। कई क्षेत्रों में मोबाइल नेटवर्क और इंटरनेट सेवा बाधित होने से लोगों को अतिरिक्त परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं, हिमाचल प्रदेश के कुल्लू और मनाली में भी हालात बिगड़ गए हैं। ब्यास नदी और पहाड़ी नालों के उफान से 20 से ज्यादा घर, दुकानें और रेस्टोरेंट बह गए हैं। नदियों के किनारे बने 30 से अधिक मकान खतरे में हैं। कुल्लू-मनाली मार्ग का एक हिस्सा नदी में बह जाने से मनाली का जिला मुख्यालय से संपर्क पूरी तरह कट चुका है। लगातार बारिश ने जम्मू-कश्मीर और हिमाचल प्रदेश दोनों राज्यों में जनजीवन को गंभीर संकट में डाल दिया है।

# अमेरिकी टैरिफ से भारतीय निर्यात को बड़ा झटका, लाखों नौकरियों पर संकट



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** भारतीय निर्यातकों के लिए एक बड़ी चुनौती सामने आ गई है। 27 अगस्त से अमेरिका भारत के करीब 60.2 अरब डॉलर मूल्य के उत्पादों पर 50 प्रतिशत तक का भारी शुल्क लगाने जा रहा है। यह भारत के अमेरिका को होने वाले कुल 86.5 अरब डॉलर के निर्यात का लगभग दो-तिहाई हिस्सा है। विशेषज्ञों का मानना है कि इस फैसले से भारत के श्रम-गहन उद्योगों—जैसे कपड़ा, रत्न और झींगा—पर सबसे बड़ा असर पड़ेगा। इन क्षेत्रों की शिपमेंट में 70 प्रतिशत तक की गिरावट की आशंका जताई जा रही है, जिससे लाखों नौकरियों और आजीविका पर संकट मंडरा रहा है। ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव (GTRI) की ताजा रिपोर्ट के अनुसार, हालांकि लगभग 27.6 अरब डॉलर के निर्यात को आंशिक राहत मिलेगी, जिसमें दवाएं, API और इलेक्ट्रॉनिक्स शामिल हैं। इसमें अकेले फार्मा उत्पाद इस छूट वाले हिस्से का आधे से अधिक योगदान देंगे। लेकिन इसके बावजूद भारत की मुश्किलें कम नहीं होंगी, क्योंकि चीन, वियतनाम और मैक्सिको जैसे प्रतिस्पर्धी देश पहले से ही अमेरिका और वैश्विक बाजार में भारत की हिस्सेदारी को हथियाने की तैयारी कर रहे हैं। रिपोर्ट का अनुमान है कि अमेरिकी टैरिफ के बाद भारत का अमेरिका को निर्यात वित्त वर्ष 2026 में 43 प्रतिशत घटकर लगभग 49.6 अरब डॉलर रह जाएगा, जबकि वर्तमान में यह 86.5 अरब डॉलर है। हालांकि, वैश्विक स्तर पर कुछ राहत की उम्मीद है। भारत का वस्तुओं और सेवाओं का कुल निर्यात बढ़कर लगभग 839.9 अरब डॉलर तक पहुंच सकता है। इसमें सर्विस सेक्टर की 10 प्रतिशत वृद्धि शामिल है, जिससे सेवा निर्यात 421.9 अरब डॉलर तक जा सकता है। आर्थिक मोर्चे पर यह झटका भारत की जीडीपी ग्रोथ को भी प्रभावित कर सकता है। अनुमान है कि विकास दर 6.5 प्रतिशत से घटकर 5.6 प्रतिशत तक रह सकती है। हालांकि, भारत के कुल निर्यात का 20 प्रतिशत जीडीपी अनुपात और गैर-अमेरिकी बाजारों में 5 प्रतिशत की स्थिर वृद्धि (जिससे निर्यात 368.5 अरब डॉलर तक पहुंच सकता है) इस संकट को आंशिक रूप से संतुलित कर सकती है। निर्यातकों ने केंद्र सरकार से राहत पैकेज और नीतिगत समर्थन की मांग की है, ताकि उद्योगों और रोजगार पर मंडरा रहे इस संकट को टाला जा सके। सभी की नजरें अब सरकार और कूटनीतिक स्तर पर होने वाली वार्ताओं पर टिकी हैं।

# डकैती की योजना बनाते पांच अपराधी गिरफ्तार, तीन फरार




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गिरिडीह।** जमुआ थाना क्षेत्र में डकैती की योजना बना रहे एक अंतरराज्यीय गिरोह का पुलिस ने पर्दाफाश किया है। पुलिस ने छापेमारी कर पांच अपराधियों को गिरफ्तार किया, जबकि तीन अन्य अंधेरे का फायदा उठाकर भागने में सफल रहे। गिरिडीह पुलिस अधीक्षक को गुप्त सूचना मिली थी कि जमुआ इलाके में अपराधी बड़ी वारदात की योजना बना रहे हैं। सूचना के आधार पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी खोरीमहुआ, राजेन्द्र प्रसाद के नेतृत्व में छापामारी दल गठित किया गया। पुलिस टीम ने जमुआ रेलवे स्टेशन के पास छापेमारी की, जहां आठ लोग संदिग्ध हालत में मौजूद थे। पुलिस को देखते ही वे भागने लगे, जिनमें से पाँच को पकड़ लिया गया। गिरफ्तार अपराधियों की पहचान अमरदीप सोनी, सुधीर पाढ़े, संजय सोनी, रोहित कुमार सोनी और सुनील भाष्कर के रूप में हुई है। फरार अपराधियों के नाम मो. इसराफिल उर्फ गुड्डु (कोडरमा), राजेश पासवान (गया) और राजेश बासफोर (गया) बताए गए हैं। पूछताछ में गिरफ्तार आरोपियों ने स्वीकार किया कि वे जमुआ चौक स्थित केडी ज्वेलर्स में डकैती की योजना बना रहे थे, लेकिन गश्ती पुलिस की मौजूदगी देख मौके से लौट आए। तलाशी के दौरान पुलिस ने एक देशी कट्टा, तीन जिंदा कारतूस, पांच मोबाइल फोन, एक सब्बल, एक गैस कटर और दो मोटरसाइकिल बरामद की। सभी गिरफ्तार आरोपियों के खिलाफ जमुआ थाना कांड संख्या 193/2025 दर्ज कर उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए सघन अभियान जारी है। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार अमरदीप सोनी और सुनील भाष्कर सहित फरार आरोपी इसराफिल और राजेश बासफोर के खिलाफ पहले से भी कई थानों में आपराधिक मामले दर्ज हैं।

FOR REGISTRATION : ISO, TRADE MARK, PATENT
DESIGN AND COPYRIGHT, ATTORNEY
GLOBAL VISION
(A Complete Solution in Professional Services)
: Regd. Office/ Head Office :
Manaitand, Near Water Tank
Dhanbad, Jharkhand- 826001
Command Office : Jagat Trade Centre, Patna
Contact No.- 9835333441, 8210823092
E-Mail : globalvision96@yahoo.in

## संक्षिप्त समाचार

### दिल्ली के लिए बिहार से चलेगी एक और अमृत भारत ट्रेन

**पटना, एजेंसी।** दिवाली और महापर्व छठ पर रेलवे ने शेखपुरा से दिल्ली के लिए विशेष अमृत भारत ट्रेन चलाने का फैसला लिया है। इसकी समय सारिणी भी जारी कर दी गई है। स्थानीय रेल अधिकारियों के अनुसार, यह विशेष ट्रेन भागलपुर से दिल्ली तक संचालित होगी। यह प्रत्येक बुधवार को भागलपुर से और प्रत्येक मंगलवार को दिल्ली से चलेगी। इस ट्रेन का ठहराव शेखपुरा जंक्शन पर होगा। इसका परिचालन 23 सितंबर से 25 नवंबर तक निर्धारित किया गया है। मंगलवार को यह ट्रेन सुबह 11 बजे दिल्ली से रवाना होकर अगले दिन सुबह 6~20 बजे शेखपुरा और 10~30 बजे भागलपुर पहुंचेगी। वहीं, बुधवार को यह दोपहर 1~40 बजे भागलपुर से चलकर 4~58 बजे शेखपुरा और अगले दिन 3~30 बजे दिल्ली जंक्शन पहुंचेगी। इसके अतिरिक्त, रेलवे ने हावड़ा और कोलकाता से भी विशेष ट्रेनों के संचालन की योजना बनाई है। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के बिलासपुर मंडल में चांपा-झारसुगुड़ा रेलखंड के बीच तीसरी व चौथी लाइन परियोजना के तहत रायगढ़ स्टेशन पर नान-इंटरलाकिंग (एनआई) कार्य किया जाएगा। इस कारण इस खंड से गुजरने वाली तीन जोड़ी महत्वपूर्ण ट्रेनों का परिचालन रद किया गया है।

### शिक्षिका स्कूल के बच्चों से करती थी गाली-गलौज, किया गया सस्पेंड

**भागलपुर, एजेंसी।** शिक्षकों के आचरण और अनुशासन को लेकर जिला प्रशासन ने सख्ती दिखाई है। नारायणपुर प्रखंड के उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय बीरबन्ना में तत्कालीन +2 शिक्षिका एवं वर्तमान में प्राचार्या, उच्च माध्यमिक विद्यालय तीनटंगा दियारा, रंगरा चौक रंजना कुमारी को गंभीर आरोपों के बाद निलंबित कर दिया गया है। यह कार्रवाई प्रखंड विकास पदाधिकारी द्वारा दिए गए जांच के आधार पर जिला शिक्षा पदाधिकारी निर्देश पर डीपीओ स्थापना द्वारा की गई है। निलंबन अवधि में उनका मुख्यालय प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी, नगर निगम भागलपुर का कार्यालय तय किया गया है और इस दौरान उन्हें नियमानुसार जीवन-निर्वाह भत्ता देय होगा। शिक्षिका के विरुद्ध आरोप पत्र अलग से निर्गत किया जाएगा। जानकारी के मुताबिक विद्यालय अनुशासन समिति की बैठक में नियोजित शिक्षक प्रियरंजन कुमार से रंजना कुमारी ने अमर्यादित शब्दों का प्रयोग किया था। यही नहीं, पूर्व में भी उनके विरुद्ध छात्रों के साथ दुर्व्यवहार, गाली-गलौज और अमर्यादित भाषा प्रयोग करने की शिकायतें मिली थीं। आरोप था कि उन्होंने कई बार बच्चों को चप्पल और लात से मारा पीटा भी था। इन गंभीर आरोपों की जांच सहायक सांख्यिकी पदाधिकारी, नारायणपुर से कराई गई। जांच में यह तथ्य सामने आया कि शिक्षिका का व्यवहार छात्रों और सहकर्मियों दोनों के प्रति असंयमित और अमर्यादित रहा है। रिपोर्ट में बच्चों से गाली-गलौज और अनुचित शब्दों का प्रयोग करने के साथ-साथ उन्हें शारीरिक दंड देने की बातें सत्य पाई गईं।

### त्योहारों के लिए पुरी स्पेशल ट्रेनों का विस्तार, झाझा-जसीडीह रूट से चलेंगी ट्रेनें

**झाझा (जमुई), एजेंसी।** आगामी पर्व त्योहारों के सीजन में यात्रियों की अत्याधिक भीड़ के मद्देनजर रेलवे ने अहम फैसला लिया है। रेलवे ने पुरी के लिए चलाई जा रही स्पेशल ट्रेनों के परिचालन अवधि में विस्तार करते हुए उसे पूजा स्पेशल के रूप में चलाने का निर्णय लिया है। उक्त जानकारी हाजीपुर जोन के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी सरस्वती चंद्र ने दी। उन्होंने बताया कि 03230/03229 पटना-पुरी-पटना स्पेशल ट्रेन झाझा-जसीडीह-आसनसोल-दानकुनी-खड़गपुर-कटक-भुवनेश्वर के रास्ते चलाए जाएगी। 03230 पटना-पुरी स्पेशल पटना से 28 अगस्त से 25 दिसंबर तक सप्ताह के प्रत्येक गुरुवार को कुल 18 फेरे पूजा स्पेशल के रूप में परिचालित की जाएगी। यह स्पेशल ट्रेन पटना से 08।45 बजे चलकर अगले दिन 05।00 बजे पुरी पहुंचती है। इसी तरह गाड़ी 03229 पुरी-पटना स्पेशल पुरी से 29 अगस्त से 26 दिसम्बर तक सप्ताह के प्रत्येक शुक्रवार को कुल 18 फेरे पूजा स्पेशल के रूप में परिचालित की जाएगी। यह स्पेशल पुरी से 14।15 बजे चलकर अगले दिन 10।45 बजे पटना पहुंचेगी। इसके अलावा, 08439/008440 पुरी-पटना-पुरी स्पेशल ट्रेन झाझा-जसीडीह-आसनसोल-दानकुनी-खड़गपुर-कटक-भुवनेश्वर के रास्ते 08439 पुरी-पटना

# नीतीश कैबिनेट में 26 एजेंडों पर मुहर, एक रुपए के टोकन पर जमीन देने का बड़ा फैसला



**पटना, एजेंसी।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में चल रही बिहार कैबिनेट की बैठक समाप्त हो गई है। नीतीश कैबिनेट ने 26 एजेंडों पर अपनी मुहर लगायी है। उद्योग विभाग के 9 एजेंडों पर मुहर लगी है। सीएम ने 15 अगस्त को 1 करोड़ युवाओं को नौकरी-रोजगार देने के वादे पर फोकस करते हुए अहम एजेंडों पर मुहर लगाई है।

**निवेश को बढ़ावा देने के लिए सरकार का बड़ा फैसला :** नए औद्योगिक पैकेज 2025 के तहत निवेश को बढ़ावा देने के लिए निःशुल्क भूमि आवंटित की जाएगी। 100 करोड़ से अधिक का निवेश करने वाली एवं 1000 से अधिक प्रत्यक्ष रोजगार सृजित करने वाली औद्योगिक इकाइयों को 10 एकड़ तक भूमि निःशुल्क आवंटित की जाएगी।

**31 मार्च 2026 से पहले आवेदन करना अनिवार्य :**1000 करोड़ से अधिक का निवेश करने वाली औद्योगिक इकाइयों को 25 एकड़ तक भूमि निःशुल्क आवंटित की जाएगी। फॉर्च्यून 500 कंपनियों को 10 एकड़ तक भूमि निःशुल्क आवंटित की जाएगी। इस औद्योगिक पैकेज 2025 के अंतर्गत लाभ लेने के लिए निवेशकों को 31 मार्च 2026 से पूर्व आवेदन करना अनिवार्य होगा।

बिहार में उद्योगों को बढ़ावा : नए औद्योगिक पैकेज 2025 से 5 वर्षों में 1 करोड़ युवाओं को नौकरी एवं रोजगार देने में सहायता मिलेगी। इस पहल का उद्देश्य है कि बिहार में उद्योगों को और ज्यादा बढ़ावा मिले, बिहार के युवा दक्ष एवं आत्मनिर्भर हों। उन्हें राज्य के अंदर ही अधिक से अधिक रोजगार मिल सके और उनका भविष्य सुरक्षित हो सके। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने 15 अगस्त को गांधी मैदान में इसकी घोषणा की थी।

**अमृत लाल मीणा ने दी जानकारी :** भोजपुर आरा के तरारी में औद्योगिक क्षेत्र के विस्तार के लिए 249।48 एकड़ जमीन अधिग्रहण के लिए 52 करोड़ 62 लाख 22900 की स्वीकृति दी गई है। शेखपुरा जिले में औद्योगिक क्षेत्र के विस्तार के लिए 250।06 एकड़ भूमि अधिग्रहण के लिए 42 करोड़ 16 लाख 30233 की स्वीकृति हुई है। बिहार औद्योगिक निवेश प्रोत्साहन पैकेज 2025 कैबिनेट में स्वीकृति दिए जाने के बाद मुख्य सचिव अमृतलाल मीणा ने दी जानकारी।

बिहार औद्योगिक निवेश प्रोत्साहन पैकेज 2025 : कैबिनेट में बिहार में उद्योगों को प्रोत्साहित करने के लिए सरकार ने बियाडा एमनेस्टी पॉलिसी 2025 के बाद अब नया बिहार औद्योगिक निवेश प्रोत्साहन पैकेज 2025 लागू किया है। इसके तहत 40 करोड़ रुपए तक की ब्याज सब्सिडी दी जाएगी। नई इकाइयों को स्वीकृत परियोजना लागत का 300 प्रतिशत तक शुद्ध स्त्रस्ज्ञ की प्रतिपूर्ति 14 वर्षों के लिए की जाएगी। 30 प्रतिशत तक पूंजीगत सब्सिडीप्रदान की जाएगी।

साथ ही निर्यात प्रोत्साहन की सीमा 14 वर्ष की अवधि के लिए 40 लाख रुपए प्रतिवर्ष होगी। इसके अतिरिक्त कौशल विकास, पर्यावरण संरक्षण, नवीकरणीय ऊर्जा उपयोग, स्टाम्प ड्यूटी एवं भूमि रूपांतरण शुल्क की प्रतिपूर्ति, निजी औद्योगिक पार्कों को सहयोग, पेटेंट पंजीकरण एवं गुणवत्ता प्रमाणन के लिए सहायता दी जाएगी।

अमृतलाल मीणा ने कहा कि निर्यात प्रोत्साहन के लिए जो इंसेंटिव दी जाती थी उसे बढ़ा कर दोगुना कर दिया गया है और इसकी अवधि भी 14 साल तक के लिए बढ़ा दी गई है। स्किल डेवलपमेंट इंसेंटिव के तहत 20000 तक प्रति कर्मी देने का भी फैसला कैबिनेट में लिया गया है। रिन्यूएबल एनर्जी यूज करने वाले को इंसेंटिव के तौर पर6 लाख तक देने की भी स्वीकृति दी गई है।

**32 औद्योगिक पार्क बनाने का फैसला :** अमृतलाल मीणा ने कहा कि 32 औद्योगिक पार्क बनाने का सरकार ने फैसला लिया है और उसके तहत बिहार सरकार ने 8000 एकड़ जमीन का अधिग्रहण किया गया है और 14600 एकड़ जमीन अधिग्रहण और करने का फैसला लिया गया है। दरभंगा जिला के बहादुरपुर में औद्योगिक क्षेत्र विस्तार के लिए 385।45 एकड़ भूमि अधिग्रहण के लिए तीन अरब 76 करोड़ 7 लाख 79329 रुपए की स्वीकृति दी गई है।

**जमीन अधिग्रहण को लेकर फैसला :** पटना पूर्णिया एक्सप्रेस वे के समीप पूर्णिया में 279।65 एकड़ भूमि के अधिग्रहण के लिए 66 करोड़ 91 लाख 91318 रुपए की स्वीकृति दी गई है। पटना जिला के फतुहा में लॉजिस्टिक पार्क के लिए 242 एकड़ जमीन के अधिग्रहण के लिए 408 करोड़ 81 लाख 30503 रुपए की स्वीकृति दी गई है। बिहार जल विद्युत निगम अंतर्गत 12 निर्माण मशीन परियोजनाओं में से परियोजनाओं के लिए 166।81 करोड़ राशि की स्वीकृति दी गई है

# भागलपुर जिले में पांच बालू घाटों की होगी नीलामी, कमेटी तय करेगी दर



**भागलपुर, एजेंसी।** जिला प्रशासन ने एक बार फिर पांच बालू घाटों की नीलामी कराने का निर्णय लिया है। राज्य सरकार के निर्देश पर जिला खनिज पदाधिकारी ने जिलाधिकारी को पत्र लिखा है। इस बार दस प्रतिशत कम दर (रेट) पर बालू घाटों की नीलामी होने की संभावना है। पिछले तीन वर्षों से पांच बालू घाटों की नीलामी नहीं हो पाई है।

अभी तक मात्र दो बालू घाटों की ही नीलामी हो पाई है। गेरुआ यूनिट वन घाट की नीलामी मार्च 2024 व चानन घाट फोर की नीलामी अक्टूबर 24 में हुआ है। कोसी बालू घाट की नीलामी तो हो गई है, लेकिन अभी तक बालू उठाव को लेकर प्रक्रिया चल रही है।

गेरुआ यूनिट तीन की नीलामी हो गई थी, लेकिन डाल्फिन सेंचूरी होने की वजह से इसे रद कर दिया गया। अभी चानन ब्लाक वन, चानन ब्लाक टू, चानन ब्लाक तीन, गेरुआ यूनिट टू व अंधरी ब्लाक एक से चार तक की नीलामी होगी। दर तय करने को लेकर सदस्यों से संपर्क साधा जा रहा है।

नदियों की बंदोबस्ती की प्रक्रिया खनन विभाग छह-सात साल बाद भी पूरी नहीं कर सका है। घाटों का ठेका लेने में ठेकेदार दिलचस्पी नहीं ले रहे हैं। ठेका नहीं होने से घाटों से बालू बिक्री का रास्ता साफ नहीं हो सका है। जिले में चार नदियों के नौ बालू घाट चिह्नित हैं।

छह-सात सालों में खनन विभाग ने सिर्फ तीन नदियों के चार घाटों की ही बंदोबस्ती कर सकी है। जिसमें सिर्फ दो घाट गेरुआ नदी की यूनिट-1 व चानन यूनिट-4 ही संचालित हो रहे हैं।

शहर में जो बालू की बिक्री हो रही है, उसमें ज्यादातर बांका जिले की नदियों की है। इसके लिए लोगों को ज्यादा कीमत चुकानी पड़ रही है। यही बालू अगर जिले की नदियों की रहती, तो कम कीमत में लोगों को आसानी से उपलब्ध होता।

घाटों का ठेका करने के लिए खनन विभाग ने पांच साल में नौ बार टेंडर निकाल चुका है। दसवीं बार टेंडर निकालने की प्रक्रिया चल रही है। पहला टेंडर 23 नवंबर, 2019 को निकाला था और नौवीं बार टेंडर 12 अप्रैल, 2023 को किया गया था। इस दौरान सिर्फ चार घाटों की बंदोबस्ती हो सकी है। दो संचालित हैं, एक प्रक्रियाधीन और एक को निरस्त किया जा चुका है।

पांच बालू घाटों की बंदोबस्ती जिले के तीन नदियों के पांच बालू घाटों की बंदोबस्ती की प्रक्रिया दो साल से बंद है। खनन विभाग ने न तो इसके लिए कोई निविदा जारी की है और किसी तरह की कोई प्रकिया अपना रही है। चांदन नदी का तीन, गोरुआ नदी का एक एवं अंधरी नदी का एक बालू घाट की बंदोबस्ती नहीं हुई है।

जिले के पांच बालू घाटों की बंदोबस्ती के लिए सुरक्षित जमा राशि 15 करोड़ 44 लाख 22 हजार रखी गई है। जितनी राशि से बंदोबस्ती होगी, उतनी राशि का नदियों में बालू नहीं है। नदियों में 1995 की तरह बाढ़ नहीं आई है। बाढ़ नहीं आने से पहले की तरह बालू भी जमा नहीं हुआ है। हालांकि, इस साल नदियों में बाढ़ आई है और बालू जमा होने की संभावना है।

# खेत में पड़ा था पाउच, दो सगे भाइयों ने देसी समझकर गटक लिया, अचानक बिगड़ी तबियत



**गोपालगंज:** जिले के मांझागढ़ थाना क्षेत्र के मधु सरेया गांव में दो भाइयों ने देसी शराब समझकर खेत में डालने के लिए रखा गया जिंक का पाउच पी लिया। इसके बाद दोनों की तबीयत अचानक बिगड़ गई। जिसके बाद दोनों को तत्काल इलाज के लिए मांझागढ़ प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है, जहां डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद दोनों को बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल रेफर कर दिया है।

दरअसल इस संदर्भ में परिजन दीपक कुमार ने बताया कि स्व। मुंशी यादव के बेटे कंचन यादव और जनक यादव महावीरी अखाड़ा जुलूस में शामिल होने से पहले शराब पीने के लिए गांव से बाहर गए थे। जब दोनों घर लौटे तो घर में खेतों में डालने के लिए रखा गया जिंक का पाउच पड़ा था, जिसे शराब की तलब में उन्होंने देसी शराब समझकर पी लिया।

डॉक्टरों ने बताया कि जिंक के रसायन का सेवन करने से दोनों की स्थिति गंभीर हो गई है और उन्हें बचाने के लिए पूरी कोशिश की जा रही है। इधर, घटना की जानकारी मिलने पर मांझा थाना पुलिस भी सक्रिय हो गई है। पुलिस का कहना है कि पूरे मामले की जांच की जा रही है और अस्पताल से रिपोर्ट मिलने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

स्थानीय लोग इस घटना से सकते में हैं और गांव में चर्चा का विषय बन गया है कि शराब की लत इंसान को किस हद तक गलत कदम उठाने पर मजबूर कर देती है। फिलहाल परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है, वहीं गांव में माहौल गमगीन हो गया है।

# बेलागंज में मर गई आठ क्विंटल मछलियां, नहीं हुई कारण की जांच, सभी को दफनाया

**बेलागंज, एजेंसी।** गया जिले के बेलागंज प्रखंड अंतर्गत कोरमा पोखर में रविवार की रात बड़ी संख्या में मछलियों की मौत हो गई। करीब आठ क्विंटल मछलियों के नुकसान का अनुमान है। प्रथमदृष्टया ऑक्सीजन की कमी होने की बात कही जा रही है। पानी में किसी प्रकार की खराबी है या कोई बीमारी के कारण ऐसा हुआ है, यह जांच के बाद ही स्पष्ट हो पाएगा।

आठ दिन पहले भी रेवाड़ा स्थित पोखर में मछलियां मरने लगी थीं। मछली पालकों को प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न सरकारी पोखर लीज पर दिए गए हैं। वे इससे अपनी आजीविका चलाते हैं।

मत्स्यजीवी के प्रखंड अध्यक्ष व कोरमा पोखर के लीज मालिक देवश दास ने बताया कि सोमवार की सुबह उन्हें घटना की जानकारी मिली। जब पोखर के पास पहुंचे तो मछलियां मरने के बाद पोखर में उपला रही थीं। एक वर्ष पूर्व इसमें रेहू प्रजाति की मछली का जीरा डाला गया था। मछलियां अब पूर्ण रूप से तैयार हो चुकी थीं, जिसे निकालकर बेचने की तैयारी थी। दो माह पूर्व भी रेहू प्रजाति की मछलियों का जीरा डाला था। जाल डालने के बाद ही उसकी स्थिति पता चलेगी। देवश ने बताया कि पोखर में आसपास कई खटाल का गोबर गिराया जाता है। रविवार की रात पोखर में ऑक्सीजन आपूर्ति करने वाली मशीन भी बंद हो गई थी। इससे भी ऑक्सीजन की कमी होने का अनुमान है। यदि इसी प्रकार मछलियों की मौत होती रही तो मछली के उत्पादन एवं व्यवसाय पर असर पड़ेगा।

एक पोखर में बीज डालने के समय औसत 70-80 हजार की लागत आती है। उसके बाद मछली के दाना और चूना एवं दवा में भी 25-30 हजार की लागत आती है। इसके बाद औसत आठ से दस क्विंटल मछली का उत्पादन होता है। मछलियों के मरने के बाद प्रशासन की ओर से कोई जांच नहीं की गई। मरी मछलियों को जमीन में दफना दिया गया।

दरअसल, बड़ी संख्या में मछलियों की मौत हो और आशंका हो कि किसी ने पानी विषैला पदार्थ मिला दिया है तो प्राथमिकी दर्ज करानी होगी।

# बिहार में पीके के प्रति दीवानगी ! छत पर जन सुराज के रंग में स्कार्पियो वाली पानी की टंकी




**भागलपुर, एजेंसी।** बिहार के लिए ये साल चुनावी साल है। जनता भी अपने पंसदीदा नेता के प्रति झुकाव देखा रही है। इसी बीच भागलपुर में एक शख्स प्रशांत किशोर का इतना क्रेजी फैंस है कि उसने अपने घर की छत पर पानी की टंकी को स्कॉर्पियो का स्वरूप देकर जन सुराज के रंग में रंग दिया है।

आकर्षण का केन्द्र पानी की टंकी~ जन सुराज के रंग में रंगी स्कॉर्पियो नुमा पानी की टंकी पर जन सुराज पार्टी के कई स्टिकर भी लगे हैं। जिससे पानी की टंकी पूरे जिले में आकर्षण का केन्द्र बनी हुई है। लोग उक्त पानी की टंकी को देखने के लिए पहुंचे रहे हैं। साथ ही फोटो और सेल्फी ले रहे हैं।

जनसुराग के रंग में पानी की टंकी~ दरअसल इंतसार आलम 2 साल से जन सुराग पार्टी के सूत्रधार प्रशांत किशोर के लिए काम कर रहे हैं। जिससे उन्होंने पीके (प्रशांत किशोर) को प्रभावित करने के लिए पानी की टंकी वाली स्कॉर्पियो का रंग बदलवा दिया और उसे जन सुराज का स्वरूप दे दिया।

ये है इंतसार आलम की ख्वाहिश~ इंतसार आलम की ख्वाहिश है कि जिस तरह आनंद महिंद्रा ने ट्वीट कर उनकी सराहना की थी, उसी तरह प्रशांत किशोर भी अपने एक्स हैंडल पर जनसुराग पार्टी के रंग में रंगी स्कॉर्पियो की तस्वीर को पोस्ट करें। जिससे पार्टी का प्रचार हो।

पानी की टंकी को दिया था स्कॉर्पियो का स्वरूप~ बता दें कि सबौर में ह॥80 के किनारे इंतसार आलम का चार मंजिला मकान है। इससे पहले घर के मालिक इंतसार आलम ने साल 2020 में पानी की टंकी को महिंद्र की स्कॉर्पियो का स्वरूप देकर सबका ध्यान अपनी ओर खींचा था। उसमें कई ओरिजिनल पार्ट्स भी लगाए गए थे। आनंद महिंद्रा ने किया था ट्वीट~ पानी की टंकी को महिंद्र स्कॉर्पियो का स्वरूप देने के लिए आगरा से मिस्त्री बुलाए गए थे और ढाई लाख रुपए का खर्च किया गया था। इसके बाद देशभर में उनकी खूब चर्चा हुई थी और स्कॉर्पियो वाली टंकी का वीडियो भी सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हुआ था। जिसके बाद उद्योगपति आनंद महिंद्रा ने भी ट्वीट करके उनकी सराहना की थी।

# बिहार राजस्व विभाग की बड़ी कार्रवाई, 110 संविदा कर्मियों को किया बर्खास्त



**पटना, एजेंसी।** बिहार सरकार के राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग ने सोमवार को बड़ा कदम उठाते हुए 110 संविदा कर्मियों की सेवा तत्काल प्रभाव से समाप्त कर दी। इन पर आरोप है कि इन्होंने हड़ताल भड़काई, सरकारी कार्यों में बाधा डाली और राजस्व महाअभियान को प्रभावित करने की कोशिश की है। विभाग ने जिन कर्मियों की सेवा समाप्त की है, उनमें विशेष सर्वेक्षण अमीन, विशेष सर्वेक्षण कानूनगो, विशेष सर्वेक्षण सहायक बंदोबस्त पदाधिकारी और विशेष सर्वेक्षण लिपिक शामिल हैं।

11000 संविदा कर्मियों का हरड़ताल~ विभाग के अनुसार, हड़ताल में शामिल सभी कर्मियों पर कार्रवाई की जाएगी। विभाग का कहना है कि संविदा शर्तों के उल्लंघन के कारण इनकी सेवा समाप्त की गई है। आदेश निदेशक, विशेष सर्वेक्षण निदेशालय, पटना द्वारा जारी किया गया है। गौरतलब है कि विभाग के लगभग 11000 संविदा कर्मी बीते 10 दिनों से हड़ताल पर है और उनकी मांग है कि उन्हें 60 वर्ष की उम्र तक के लिए नौकरी का स्थायित्व दिया जाए।

संघ के पदाधिकारियों पर सीधी कार्रवाई~ विभाग ने हड़ताल में प्रमुख भूमिका निभाने वाले कथित संघ के पदाधिकारियों को भी निशाने पर लिया है। विभाग ने साफ तौर पर कहा है कि संघ के अध्यक्ष रोशन आरा ने 16 अगस्त से अनिश्चितकालीन हड़ताल का आह्वान किया था। वहीं संघ के सचिव विभूति कुमार भी उसी दिन अपने दायित्व का निर्वहन छोड़कर हड़ताल पर चले गए। विभाग का कहना है कि यह आचरण अनुशासनहीनता और सरकारी आदेशों की अवहेलना की श्रेणी में आता है। इन दोनों की सेवा समाप्त करने का निर्देश विभाग के अपर मुख्य सचिव दीपक कुमार सिंह की ओर से जारी किया गया है।

संविदा शर्तों का उल्लंघन~ विभाग का कहना है कि संविदा पर नियुक्त सभी कर्मियों को यह स्पष्ट शर्त दी गई थी कि वे किसी भी परिस्थिति में हड़ताल या आंदोलन में शामिल नहीं होंगे। इसके बावजूद कुछ कर्मियों ने न केवल हड़ताल का समर्थन किया बल्कि सक्रिय रूप से सरकारी कार्यों को प्रभावित करने की कोशिश की। यही वजह रही कि विभाग को कठोर निर्णय लेना पड़ा। विभाग हड़ताल पर डटे हुए 11000 कर्मियों को भी नौकरी से निकलने की तैयारी कर रहा है और एक-एक कर सभी कर्मियों को विभाग की ओर से पहले नोटिस जा रहा है।

राजस्व महाअभियान पर असर~ बहरहाल राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग फिलहाल राज्यभर में विशेष सर्वेक्षण और राजस्व महाअभियान चला रहा है। यह अभियान आम लोगों की जमीन से जुड़ी समस्याओं के समाधान और रिकॉर्ड दुरुस्त करने के लिए महत्वपूर्ण माना जा रहा है। विभाग का मानना है कि हड़ताल से इस अभियान की गति प्रभावित हो रही थी, जिसके चलते आम जनता को भी परेशानी हो रही थी।

भविष्य में भी होगी कार्रवाई~विभाग ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि हड़ताल में शामिल किसी भी संविदा कर्मी को बख्शा नहीं जाएगा। अनुशासनहीनता और आदेश उल्लंघन करने वालों पर आगे भी कठोर कदम उठाए जाएंगे। विभाग ने यह भी स्पष्ट किया कि सरकारी कार्यक्रमों में बाधा डालना बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। राजस्व विभाग की इस कार्रवाई ने संविदा कर्मियों में हलचल मचा दी है। 110 लोगों की सेवा समाप्त किए जाने से एक बड़ा संदेश गया है कि सरकार अब संविदा कर्मियों की हड़ताल और अनुशासनहीनता को कतई बर्दाश्त नहीं करेगी।

## हाथुडीह में घर का ताला तोड़ एक लाख की जेवरात चोरी

**धनबाद, एजेंसी।** महुदा थाना क्षेत्र के हाथूडीह बाउरी टोला में उमेश बाउरी के घर का ताला तोड़कर शनिवार की रात चोरों ने पांच हजार रुपये तथा करीब एक लाख रुपये की जेवरात चोरी कर ली। चोरी गये सामानों में सोने का एक हार, एक मांगटिका, दो सोने का झुमका, दो सोने की साखा बाली, एक सोने की नथ, एक नकफुटकी, दो जोड़ी पायल, एक चांदी का चेन, दो जोड़ी चांदी की चूड़ी शामिल है। गृहस्वामी उमेश बाउरी ने इस संबंध में महुदा थाना में लिखित शिकायत की है। गृहस्वामी के अनुसार चोरों ने घर में दो बक्सा व एक अलमीरा का लॉकर तोड़कर जेवरात व नकदी चोरी कर ली। रात करीब दो बजे नींद खुली, तो कमरे के बाहर से कुंडी बंद थी। हल्ला करने पर आसपास के लोगों ने पहुंच कर दरवाजा खोला। इसके बाद घटना की जानकारी हुई। महुदा क्षेत्र अंतर्गत बीसीसीएल लोहापट्टी कोलियरी कार्यालय के समीप लगे ट्रांसफॉर्मर को शनिवार की देर रात अपराधियों ने क्षतिग्रस्त कर क्वायल निकाल लिया। लगभग 550 लीटर ट्रांसफॉर्मर ऑयल अपराधियों ने जमीन पर बहा दिया। अपराधियों ने ट्रांसफॉर्मर का फ्यूज उड़ाने के बाद घटना को अंजाम दिया। ट्रांसफॉर्मर क्षतिग्रस्त करने से आसपास के क्वार्टरों में बिजली गुल हो गयी है। सुबह लोगों ने घटना की सूचना कोलियरी प्रबंधन को दी। इसके बाद प्रबंधक ने पुलिस को सूचना दी। सूचना पाकर महुदा पुलिस पहुंची और जांच पड़ताल की। इस संबंध में प्रबंधक ने महुदा थाना में शिकायत देकर कार्रवाई की मांग की की है।

## राहुल के विवादित बयान मामले की सुनवाई अब 6 सितंबर को

**रांची, एजेंसी।** कांग्रेस सांसद राहुल गांधी से जुड़े मानहानि मामले में चाईबासा के एमपी–एमएलए विशेष न्यायालय ने सोमवार को अगली सुनवाई की तिथि छह सितंबर तय की। राहुल की ओर से कांग्रेस नेता राजेश ठाकुर अधिवक्ता सुभाष मिश्रा के साथ अदालत पहुंचे। उन्होंने न्यायाधीश सुप्रिया रानी तिग्गा के समक्ष राहुल गांधी की व्यक्तिगत उपस्थिति से छूट का आवेदन दिया। कोर्ट ने सुनवाई की तिथि छह सितंबर निर्धारित कर दी। यह मामला वर्ष 2018 के कांग्रेस अधिवेशन से जुड़ा है। उस दौरान राहुल ने भाजपा के तत्कालीन राष्ट्रीय अध्यक्ष अमित शाह पर टिप्पणी की थी। इस संबंध में भाजपा नेता प्रताप कटियार ने 9 जुलाई 2018 को शिकायत दर्ज कराई थी। इधर, झारखंड हाईकोर्ट में भी सोमवार को इस मामले पर सुनवाई हुई। जस्टिस ए ।के । चौधरी की अदालत में राहुल गांधी की ओर से याचिका में संशोधन करने के लिए समय देने का आग्रह किया गया। अदालत ने इस पर अगली सुनवाई दो सप्ताह बाद निर्धारित की है।

## सड़क हादसे में पंचेत ओपी के कांस्टेबल की मौत, घर में मातम

**धनबाद, एजेंसी।** पंचेत ओपी में पदस्थापित कांस्टेबल (आरक्षी संख्या 1693) कालीचरण टुडू (29) की शनिवार की रात चिरकुंडा में सड़क दुर्घटना में मौत हो गयी। वह किसी काम से चिरकुंडा आया था। नेहरू रोड पर बाइक स्किट करने से गिर कर बुरी तरह जख्मी गया। लोगों ने इसकी सूचना चिरकुंडा पुलिस को दी। पुलिस ने उन्हें कालीमंडा स्थित निजी नर्सिंग होम पहुंचाया, जहां से एसएनएमएमसीएच भेजा गया, वहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। कालीचरण टुडू मुराईडीह बस्ती का रहने वाला था। 24 जून 2017 को झारखंड पुलिस में उसकी बहाली हुई थी। फिलहाल वह पंचेत ओपी में पदस्थापित था। इधर, रविवार को कांस्टेबल का शव पहुंचने से गांव में मातम पसर गया। उसके परिजनों का रो–रो कर बुरा हाल था। दो भाई और एक बहन में कालीचरण सबसे बड़ा था। उसकी अभी शादी नहीं हुई थी। उसका पूरा परिवार उसी पर आश्रित था। उसके परिजनों की दहाड़ से माहौल गमगीन हो गया। खोदो नदी श्मशान घाट पर दाह–संस्कार किया गया। घटना पर बाघमारा विधायक शत्रुघ्न महतो, सोनोत संथाल समाज के प्रखंड सचिव रामजीत टुडू, मुखिया अनिता देवी, मंगल हेंब्रम ने शोक जताया है।

## बोकारो हवाई अड्डे का नाम दिशोम गुरु शिबू सोरेन के नाम पर हो : रतन लाल

**बोकारो, एजेंसी।** झारखंड मुक्ति मोर्चा बोकारो जिला के अध्यक्ष रतनलाल मांझी और बोकारो महानगर के अध्यक्ष मंटू कुमार यादव ने बोकारो हवाई अड्डे का नामकरण ::दिशोम गुरु शिबू सोरेन हवाई अड्डा:: करने की मांग की है। इसके संबंध में उन्होंने रांची में चल रहे अनुपूरक बजट सत्र के दौरान मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मिलकर मांग पत्र सौंपा। मांग पत्र में कहा गया है कि बोकारो न केवल झारखंड की औद्योगिक नगरी है, बल्कि यह दिशोम गुरु शिबू सोरेन की कर्मभूमि भी रही है। उन्होंने अपना पूरा जीवन समाज के उत्थान और आदिवासियों, वंचितों एवं शोषितों की आवाज उठाने में समर्पित कर दिया। उनका योगदान पूरे देश के लिए प्रेरणादायक है। इस दौरान झामुमो के केंद्रीय महासचिव विनोद पांडे, मंत्री योगेंद्र प्रसाद महतो, मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू, मुख्य सचेतक मथुरा प्रसाद महतो, चंदनकियारी विधायक उमाकांत रजक और विधायक दशरथ गागराई को भी मांग पत्र की प्रति दी गई।

# विस में जमकर हंगामा, दो बार सदन स्थगित, आसन के सामने पहुंचे पक्ष-विपक्ष के नेता

**रांची, एजेंसी।** झारखंड विधानसभा में मंगलवार को विधानसभा सत्र की कार्यवाही हंगामे के चलते दो बार स्थगित करनी पड़ी। अब दोपहर 2 बजे सदन की कार्यवाही फिर से शुरू की जाएगी। इससे पहले विपक्षी नेताओं ने विधानसभा के मुख्य गेट पर हाथों में तख्तियां लेकर विरोध प्रदर्शन किया। झारखंड में मंगलवार को सुबह सदन की कार्यवाही शुरू होने से पहले विधानसभा के गेट पर विपक्ष के सदस्यों ने प्रदर्शन किया। इसके बाद विधानसभा की कार्यवाही शुरू हुई। हालांकि, कार्यवाही शुरू होते ही हंगामा होने लगा।

हंगामे के दौरान दोनों पक्ष आसन के समक्ष पहुंच गए। इस दौरान करीब 3 मिनट तक ही सदन चल सका। इसके बाद आसन की ओर से सदन की कार्यवाही को दोपहर 12 बजे तक के लिए स्थगित कर दिया गया।

सदन की कार्यवाही शुरू होते ही कांग्रेस विधायक दल के नेता प्रदीप यादव ने एसआइआर का मुद्दा उठाया। प्रदीप यादव ने विपक्ष की ओर इशारा करते हुए कहा कि ये हमारे वोट की चोरी कर रहे हैं, पिछले दरवाजे से सत्ता में आना चाहते हैं, ये वोट चोर हैं।




उनका समर्थन करते हुए सत्ता पक्ष के मंत्रियों सहित सभी विधायकों ने %वोट चोर गद्दी छोड़% के नारे लगाते हुए प्रदर्शन करने लगे। इस दौरान विपक्ष के विधायकों ने भी प्रदर्शन करना शुरू कर दिया। प्रदर्शन करते हुए दोनों पक्ष आसन के समक्ष पहुंच गए। हंगामा को देखते हुए स्पीकर ने सदन की कार्यवाही दोपहर 12 बजे तक के लिए स्थगित कर दी। सुबह हंगामे के बाद सदन की कार्यवाही दोपहर 12.04 बजे दोबारा शुरू हुई। सदन शुरू होते ही फिर से हंगामा होने लगा।

इस बार भी दोनों पक्ष हंगामा करते हुए आसन के समक्ष पहुंच गए। ऐसे में स्पीकर ने सदन की कार्यवाही दोपहर 2 बजे तक के लिए स्थगित कर दी।

नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने एसआईआर के मुद्दे को लेकर सत्ता पक्ष के आरोप पर पलटवार करते हुए कहा कि ये बांग्लादेशियों को वोटर बनाना चाहते हैं, आदिवासी की खतियानी जमीन छीनकर मामले को दबाना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि सूर्या हांसदा एनकाउंटर मामले को दबाना चाहते हैं।

संसदीय कार्य मंत्री राधा कृष्ण किशोर ने नेता प्रतिपक्ष के आरोप पर सदन के नेता से बात कर आज ही जवाब देने का आश्वासन दिया।

इस दौरान :वोट चोर गद्दी छोड़: के नारे भी लगाए गए। वहीं सदन के भीतर विपक्ष भी हंगामा करता दिखा। इस दौरान विधानसभा अध्यक्ष ने सदन की कार्यवाही का जारी रखने को लेकर सदस्यों ने आग्रह किया। लेकिन बात नहीं बनी। सत्ता और विपक्ष हंगामा करते रहे। इसके बाद महज 3 मिनट के बाद ही सदन की कार्यवाही को दोपहर 12 बजे तक के लिए स्थगित कर दिया गया। इधर, सोमवार को विधानसभा में अनुपूरक बजट पर सरकार का पक्ष रखते हुए वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने दावा किया कि राज्य सरकार का वित्तीय प्रबंधन मजबूत है। पैसे की कोई कमी नहीं है। मंईयां सम्मान या राज्य संपोषित योजनाओं के लिए राशि की कोई कमी नहीं होने दी जाएगी। राजस्व संग्रहण हो या खर्च की स्थिति, या फिर योजनाओं की प्रगति, सरकार पिछले वर्षों की तुलना में हर क्षेत्र में आगे है।

**मंईयां सम्मान योजना फ्री बीज नहीं**

सदन में उन्होंने बताया कि वर्ष 2010-11 से पीएल खाते में लगभग 22 हजार करोड़ की राशि जमा थी। उसमें से सरकार ने लगभग चार हजार करोड़ राजकोष में जमा कराया। वित्त मंत्री ने कहा कि मंईयां सम्मान योजना फ्री बीज नहीं है। इससे न सिर्फ लाभुक महिलाओं की बल्कि ग्रामीण आर्थिक स्थिति भी सुदृढ़ हो रही है। उन्होंने यह भी कहा कि मानसून सत्र किसानों को समर्पित होगा। ऐसे में अतिवृष्टि से प्रभावित किसानों के लिए आज विशेष घोषणा होने की संभावना है।

## सड़क हादसे में जख्मी जवान की मौत, पुलिस लाइन में दी गई सलामी



**पलामू, एजेंसी।** सड़क हादसे में जख्मी पलामू पुलिस के जवान अजय कुमार पांडेय की रिम्स में इलाज के क्रम में मौत हो गई। रिम्स में पोस्टमार्टम के बाद उनका शव पलामू लाया गया है। मंगलवार सुबह पलामू पुलिस के स्टेडियम में अजय कुमार पांडेय को सलामी दी गई। इस दौरान एएसपी अभियान राकेश सिंह, प्रशिक्षु आईपीएस शुभम नागरकोट, सीडीपीओ मणिभूषण प्रसाद, आलोक कुमार टूटी समेत कई पुलिस अधिकारी मौजूद रहे।

अजय कुमार पांडेय पलामू एसपी कार्यालय के डीसीबी शाखा में तैनात थे। कुछ दिनों पहले अजय कुमार पांडेय अपने पैतृक गांव चैनपुर थाना क्षेत्र के तलेया से वापस लौट रहे थे। इस दौरान वह सड़क हादसे का शिकार हो गए, जिससे उनके सिर में चोट लग गई। मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल में इलाज के बाद उन्हें रिम्स रेफर किया गया था। जहां रिम्स में इलाज के क्रम में उनकी मौत हो गई।

रिम्स में सोमवार को अजय कुमार पांडेय के शव का पोस्टमार्टम किया गया था। अजय कुमार पांडेय का पैतृक गांव तलेया में उनका अंतिम संस्कार किया गया। अजय कुमार 2012 बैच के कांस्टेबल थे और पिछले कई वर्षों से पलामू एसपी कार्यालय में तैनात थे। पलामू मेंस एसोसिएशन के अध्यक्ष सुशील सिन्हा ने बताया कि जवान अजय कुमार पांडेय का रिम्स में निधन हुआ है। सलामी के दौरान सार्जेंट मेजर सुरेश राम, मेंस एसोसिएशन के विक्रांत दुबे, मोहम्मद इसराइल, नरेंद्र कुमार सिंह समेत कई लोग शामिल रहे।

## हजारीबाग के डोमचांच में पीजी छात्रा ने की आत्महत्या

**कोडरमा, एजेंसी।** हजारीबाग के डोमचांच थाना क्षेत्र के लेंगरापीपर गांव में एक दर्दनाक घटना सामने आई। हजारीबाग में पीजी की पढ़ाई कर रही 29 वर्षीय ममता कुमारी ने अपने ही घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। इस घटना से पूरे गांव में मातम छा गया है। ममता कुमारी इन दिनों हजारीबाग में स्नातकोत्तर की पढ़ाई कर रही थी। रक्षाबंधन के मौके पर वह अपने पैतृक गांव लेंगरापीपर स्थित घर आई हुई थी। परिवार वालों का कहना है कि वह हमेशा खुशमिजाज रहती थी और उसकी पढ़ाई भी ठीक-ठाक चल रही थी।

रविवार की दोपहर ममता अपने पिता कृष्ण नारायण मेहता और परिवार के अन्य सदस्यों के साथ खेत में धान की फसल में खाद डालने गई थी। अचानक खेत में उसकी तबीयत बिगड़ गई। इसके बाद पिता ने उसे घर छोड़ दिया और फिर खुद वापस खेत चले गए।

शाम के समय जब परिवार के लोग घर लौटे तो ममता का कमरा अंदर से बंद मिला। काफी देर तक दरवाजा न खुलने पर परिजन जबरन अंदर घुसे। वहां ममता का शव पंखे से लटकता हुआ देखा गया। यह दृश्य देखकर परिवार के लोग बेसुध हो गए और पूरे गांव में अफरा-तफरी मच गई। घटना की जानकारी मिलते ही परिजनों ने तुरंत डोमचांच थाना पुलिस को सूचना दी। थाना प्रभारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और शव को कब्जे में लिया। इसके बाद ममता के शव को पोस्टमॉर्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया गया।

फिलहाल पुलिस इसे आत्महत्या का मामला मान रही है, हालांकि आत्महत्या की वजह अभी स्पष्ट नहीं हो पाई है। पुलिस ने मामले की गहन जांच शुरू कर दी है। वहीं, ममता की असामयिक मौत से गांव के लोग भी सदमे में हैं। परिजन लगातार रो-रोकर बेहाल हैं।

# गिरिडीह में पति ने पत्नी का गला रेता, मौत:4 साल पहले हुई थी लव मैरिज

**गिरिडीह, एजेंसी।** गिरिडीह जिले के मुफस्सिल थाना क्षेत्र के योगीटांड़ में दिल दहला देने वाली घटना सामने आई। स्थानीय निवासी गोपी दास ने अपनी 30 वर्षीय पत्नी कंचन देवी का धारदार हथियार से गला रेतकर हत्या कर दी। घटना वार्ड संख्या 24 स्थित सामुदायिक भवन के पास हुई। जानकारी के अनुसार, शाम करीब 7:30 बजे महिला खून से लथपथ सड़क किनारे तड़पती हुई मिली। लोगों ने तत्काल वार्ड पार्षद नुरुल होदा को सूचना दी। वे मौके पर पहुंचे और गंभीर रूप से घायल कंचन को वाहन से गिरिडीह सदर अस्पताल ले जाया गया।

चिकित्सकों ने उसकी हालत गंभीर देखते हुए धनबाद पीएमसीएच रेफर कर दिया। लेकिन रास्ते में ही गोविंदपुर के पास उसकी मौत हो गई।

मृतका की सास किरण देवी ने बताया कि चार वर्ष पूर्व कंचन देवी और गोपी दास ने प्रेम विवाह किया था। शुरुआती वर्षों में दंपती का जीवन सामान्य रहा, लेकिन धीरे-धीरे विवाद बढ़ने लगा। दोनों के दो बच्चे भी हैं। पिछले दो माह से पति-पत्नी के बीच मनमुटाव चरम पर पहुंच गया था। इसी कारण तीन दिन पूर्व कंचन अपने बच्चों के साथ घर छोड़कर चली गई थी।



इस पर गोपी दास ने मुफ्फसिल थाना में गुमशुदगी की शिकायत दर्ज कराई थी।

पुलिस दबाव के बाद सोमवार को कंचन देवी थाना पहुंचीं। थाना प्रभारी श्याम किशोर महतो की मौजूदगी में पति-पत्नी के बीच समझौता कराया गया। दोनों से बॉन्ड भरवाकर घर जाने की हिदायत दी गई। लेकिन समझौते के कुछ ही घंटे बाद गोपी दास ने अपनी पत्नी पर हमला कर दिया। बताया जाता है कि पति-पत्नी साथ में घर लौट रहे थे, तभी सामुदायिक भवन के समीप गोपी ने अचानक चाकू से पत्नी का गला रेत दिया और मौके से फरार हो गया।

वारदात की जानकारी मिलते ही मुफ्फसिल थाना प्रभारी श्याम किशोर महतो के नेतृत्व में पुलिस टीम ने घटनास्थल का मुआयना किया। प्रारंभिक जांच में स्पष्ट हो गया कि हत्या का आरोपी पति गोपी दास ही है। इसके बाद पुलिस ने त्वरित छापेमारी कर उसे गिरफ्तार कर लिया। फिलहाल आरोपी से पूछताछ की जा रही है। पुलिस ने कहा कि कंचन देवी की हत्या पारिवारिक विवाद और आपसी कलह का परिणाम है। इस घटना से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई है।

# धनबाद के बाघमारा में कोयला कारोबारी पर हमला, तीन बाइक पर आए थे हमलावर

**धनबाद, एजेंसी।** धनबाद के बाघमारा प्रखंड के मंदरा पंचायत की मुखिया ललिता देवी के पति शंकर बेलदार पर सोमवार को अपराधियों ने फायरिंग कर दी। घटना बीसीसीएल बरोरा क्षेत्रीय कार्यालय के समीप डूमरा-फुलारीटांड़ सड़क पर घटी। बाइक सवार तीन अपराधियों ने शंकर पर लगातार तीन गोलियां चलाईं।

इसमें एक गोली उनके पेट में और दूसरी पैर के अंगूठे में लगी। गोली लगने के बाद घायल शंकर किसी तरह भागकर बरोरा क्षेत्रीय कार्यालय के परिसर में पहुंचे। वहां मौजूद कर्मियों और गार्डों की मदद से उन्हें धनबाद स्थित एसजेएस अस्पताल ले जाया गया। चिकित्सकों ने उनकी स्थिति खतरे से बाहर बताई है।

घटना की सूचना मिलते ही बाघमारा एसडीपीओ पुरुषोत्तम कुमार, तोपचांची सर्किल इंस्पेक्टर, बरोरा, बाघमारा और कतरास थाना प्रभारी मौके पर पहुंचे। पुलिस ने घटनास्थल से दो खोखा बरामद किया और प्रत्यक्षदर्शियों तथा कार्यालय के सुरक्षा गार्डों से पूछताछ की।

एसडीपीओ ने अस्पताल पहुंचकर शंकर से बयान लिया, जिसमें उन्होंने हमलावरों की



पहचान संबंधी जानकारी दी। प्रारंभिक जांच में पुलिस ने इसे आपसी रंजिश का मामला माना है। अधिकारियों ने बताया कि एक संदिग्ध की पहचान कर उसकी तलाश शुरू कर दी गई है।

स्थानीय सूत्रों के अनुसार, शंकर बेलदार पूर्व में मंदरा पंचायत के मुखिया रह चुके हैं। सोमवार दोपहर उनका विवाद विशु नामक युवक से हुआ था। विवाद के दौरान विशु ने शंकर को देख लेने की धमकी दी थी। पुलिस को जांच में पता चला है कि विशु पर पहले से कई आपराधिक मामले दर्ज हैं। वह क्षेत्र के एक अवैध धंधेबाज का करीबी बताया जाता है। इसी कारण पुलिस उसे मुख्य संदिग्ध मानकर जांच कर रही है।

घटना के संबंध में जानकारी मिली है कि शंकर अपने घर से एक व्यक्ति के साथ बाइक पर बैठक के लिए डूमरा की ओर जा रहे थे। इसी दौरान तीनों अपराधी बाइक पर उनका पीछा करते हुए बरोरा क्षेत्रीय कार्यालय के समीप पहुंचे और ताबड़तोड़ गोलियां चला दीं। घटना के बाद सभी अपराधी फरार हो गए। पुलिस सूत्रों का कहना है कि हमले में शामिल अपराधियों में से एक माटीगढ़ा का रहने वाला बताया जा रहा है। फिलहाल पुलिस आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है।

## गोड्डा के सूर्या हांसदा एनकाउंटर मामले की जांच शुरू

**गोड्डा, एजेंसी।** राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग की सदस्य आशा लकड़ा ने अपनी सात सदस्यीय टीम के साथ गोड्डा जिले के बोआरीजोर थाना क्षेत्र में हुए सूर्या हांसदा एनकाउंटर मामले की जांच शुरू कर दी है। टीम ने धमनी रहरबड़िया पहाड़ स्थित एनकाउंटर स्थल का दौरा किया। मौके पर मौजूद पुलिस अधिकारियों से पूरी जानकारी ली। इस दौरान पुलिस उपाधीक्षक जेपीएन चौधरी, महागामा अनुमंडल पदाधिकारी आलोक वरण केसरी और बोआरीजोर पुलिस निरीक्षक वीरेंद्र पासवान मौजूद रहे।

एनकाउंटर स्थल का निरीक्षण करने के बाद आयोग की टीम ललमटिया के डकैता गांव पहुंची। यहां आशा लकड़ा ने मृतक सूर्या हांसदा के परिवार से मुलाकात की और पूरी घटना की जानकारी जुटाई। उन्होंने हांसदा की तस्वीर पर पुष्प अर्पित किए। साथ ही पत्नी, भाई, बच्चों और मां से बातचीत कर उनकी समस्याएं सुनीं। बच्चों से पढ़ाई और स्कूल की सुविधाओं के बारे में भी जानकारी ली। बच्चों ने बताया कि उनकी पढ़ाई, रहना और भोजन स्कूल में निशुल्क था।

जांच के दौरान आयोग की टीम ने जिला पुलिस अधिकारियों से सवाल-जवाब किए। आशा लकड़ा ने कहा कि टीम अभी जानकारी जुटाने की प्रक्रिया में है। जल्द ही प्रशासन के साथ बैठक की जाएगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि घटनास्थल के निरीक्षण के बाद आयोग तुरंत कोई टिप्पणी नहीं करेगा।

मीडिया से बातचीत में आशा लकड़ा ने कहा कि आयोग अपनी संवैधानिक शक्तियों का उपयोग करते हुए मामले की निष्पक्ष जांच करेगा। उन्होंने कहा कि जांच पूरी होने के बाद ही नतीजे बताए जाएंगे और जो भी तथ्य सामने आएंगे, उन्हें कानून और विधि के अनुसार सार्वजनिक किया जाएगा।

# चंदनकियारी के महाबीर मोदी पैरालंपिक क्रिकेट में इंडिया टीम का करेंगे प्रतिनिधित्व

**चंदनकियारी, एजेंसी।**

चंदनकियारी प्रखंड के बरमसिया रोहिनीगढ़ा निवासी दिव्यांग क्रिकेट खिलाड़ी महाबीर मोदी ने अपने हौसले और प्रतिभा के बल पर जिले का मान बढ़ाया है। आगामी 6 से 10 अक्टूबर तक श्रीलंका के कोलंबो में आयोजित इंटरनेशनल पैरालंपिक क्रिकेट टूर्नामेंट के लिए उनका भारतीय टीम में चयन हुआ है। उन्हें 21 से 27 सितंबर तक देहरादून बेस कैंप में पहुंचना है।

यह खबर पूरे इलाके के लिए गौरव का क्षण है और ग्रामीणों के बीच हर्ष का माहौल है। महाबीर ने विपरीत परिस्थितियों को पार कर क्रिकेट में अपनी अलग पहचान बनाई। बचपन से ही शारीरिक चुनौती झेलने के बावजूद उन्होंने हार नहीं मानी और लगातार अभ्यास के बल पर इस मुकाम तक पहुंचे। भारतीय पैरालंपिक क्रिकेट क्लब की ओर



से चयन पत्र मिलना उनके जीवन का महत्वपूर्ण अवसर है। परिवार और ग्रामीण इस सफलता पर गर्व महसूस कर रहे हैं, लेकिन उनके सामने अब आर्थिक संकट की एक बड़ी दीवार खड़ी है।

दरअसल, श्रीलंका में होने वाले इस अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट में हिस्सा लेने के लिए उन्हें लगभग साठ हजार रुपए की जरूरत है। इस राशि में क्रिकेट किट, हवाई यात्रा, ठहरने और अन्य खर्च शामिल हैं। महाबीर का कहना है कि वे फिलहाल खेती-बाड़ी कर परिवार का भरण-पोषण कर रहे हैं। ऐसे में इतनी बड़ी रकम जुटाना उनके लिए किसी असंभव चुनौती से कम नहीं है। उनका दर्द साफ झलकता है, जब वे कहते हैं कि सरकार अक्सर खेल और खिलाड़ियों के उत्थान की बातें करती है, लेकिन पैरालंपिक खिलाड़ियों की ओर ध्यान देने वाला कोई नहीं है।

अब तक दर्जनों मैच खेले हैं 2004, 2009 में ईस्ट जॉन दिव्यांग क्रिकेट इम्फाल मणिपुर, 2006 व 2009 में कोलकाता व भिलाई, 2007 में दिव्यांग क्रिकेट नेशनल दिल्ली में, 2007 में ईस्ट जॉन दिव्यांग क्रिकेट झारखंड, छत्तीसगढ़, उत्तर प्रदेश, 2011 में गया बिहार, 2012 में लखनऊ, 2013 में रांची, 2015 में लखनऊ, 2016 में मेरठ, 2016, 2017में रांची राज्य चैंपियनशिप, 2018 राज्य चैंपियनशिप महाराष्ट्र, 2018 में आईपीपीएल कानपुर, 2018 में अजमेर राजस्थान, 2019 राज्य चैंपियनशिप रामगढ़ झारखंड, 2019 में जिला चैंपियनशिप बोकारो, 2021 में दिल्ली, 2023 में नेशनल गेम उदयपुर राजस्थान, 2024 में नेशनल जेम ग्वालियर में खेल चुका है।

## देवघर में 11 हजार वोल्ट की चपेट में आया युवक, मौत

**देवघर, एजेंसी।** देवघर जिले के सारवां थाना क्षेत्र के सुडीयाडीह गांव में एक दर्दनाक हादसा हो गया। गांव में मनसा पूजा की तैयारियों के बीच 32 वर्षीय अवलेश झा की करंट लगने से मौत हो गई। यह घटना उस समय हुई, जब अवलेश अपने घर में बल्ब लगाने का काम कर रहे थे।

जानकारी के मुताबिक, घर के पास से गुजर रही 11 हजार वोल्ट की बिजली की लाइन काफी नीचे झुकी हुई थी। इसी दौरान बल्ब लगाने के लिए इस्तेमाल किए जा रहे बांस के डंडे का संपर्क हाई वोल्टेज तार से हो गया। अचानक तेज करंट लगने से अवलेश गंभीर रूप से घायल हो गए और मौके पर ही बेहोश होकर गिर पड़े।

परिजनों और ग्रामीणों ने तुरंत उन्हें देवघर सदर अस्पताल पहुंचाया। लेकिन वहां ड्यूटी पर मौजूद चिकित्सक ने जांच के बाद अवलेश को मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना अस्पताल प्रबंधन ने बैद्यनाथ धाम ओपी पुलिस को दे दी है। इस घटना से गांव में शोक की लहर दौड़ गई है।

मृतक के भाई ने बताया कि गांव में मनसा पूजा की तैयारियां चल रही थीं। इसी दौरान हादसा हुआ। अवलेश के करंट की चपेट में आते ही उनकी पत्नी ने शोर मचाया।

# पहाड़िया युवती से सामूहिक दुष्कर्म

## ▸ पांचों आरोपित को पुलिस ने किया गिरफ्तार

## ▸ झारखण्ड में आदिम जनजाति है पहाड़िया

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**दुमका**। जिले के काठीकुंड थाना क्षेत्र में सोमवार की रात पांच युवकों ने पहाड़िया युवती के साथ सामूहिक दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया है। मंगलवार की दोपहर को पुलिस ने पांचों युवकों को हिरासत में लिया है। पुलिस सभी से पूछताछ कर रही है।

पुलिस सूत्रों की मानें तो युवती किसी ट्रक चालक के कहने पर काठीकुंड आई थी। उसी चालक के साथ बाइक से दूधिया गांव होते हुए मुख्य मार्ग पर आ रही थी। तभी दो बाइक पर सवार पांच युवकों ने उसके साथ गलत काम किया। जिस समय आरोपित चालक के साथ मारपीट कर रहे थे, तभी शोर सुनकर एक निजी होटल के मालिक ने टार्च जलाई। इस पर युवक भड़क गए और होटल में जाकर उसके मालिक से गाली गलौज किया। मालिक ने अपने कर्मियों को आवाज दी, तब तक सभी वहां से भाग गए। हालांकि पुलिस अभी खुलकर कुछ नहीं बता रही है। केवल घटना की पुष्टि की है।

पहाड़िया जनजाति झारखंड की एक प्रमुख आदिम जनजाति है। यह मुख्य रूप से संथाल परगना के साहेबगंज, पाकुड़, गोड्डा और दुमका जिलों में पाई जाती है। पहाड़िया जनजाति को तीन उपसमूहों में बांटा गया है- माल पहाड़िया, कुमारभाग पहाड़िया और सोरिया पहाड़िया। ये लोग पहाड़ों और जंगलों में रहते हैं, और पारंपरिक रूप से झूम खेती, शिकार और वन उत्पाद संग्रह पर निर्भर करते हैं। 2011 की जनगणना के अनुसार, झारखंड में पहाड़िया आदिम जनजातियों की कुल जनसंख्या 81,828 है, जिसमें माल पहाड़िया की आबादी 46,222 और सोरिया पहाड़िया की आबादी 13,688 है।

झारखंड में कुल 32 जनजातियां हैं, जिनकी कुल आबादी लगभग 86.45 लाख है, जो राज्य की कुल जनसंख्या का 26.2% है।

## हाइटेंशन टावर पर चढ़ी युवती

**जमशेदपुर**। जमशेदपुर के सोनारी थाना क्षेत्र में मंगलवार को उस समय हड़कंप मच गया, जब एक युवती मरीन ड्राइव के पास स्थित एक हाईटेंशन बिजली टावर पर चढ़ गई। वह करीब 60 फीट की ऊंचाई पर पहुंची और नीचे उतरने के लिए मना करती रही।

देखते ही देखते घटनास्थल पर लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई। लोग लगातार उससे नीचे उतरने का आग्रह करते रहे, लेकिन युवती ने किसी की बात नहीं मानी। सूचना मिलते ही सोनारी के थाना प्रभारी सरयू आनंद मौके पर पहुंचे। उन्होंने ध्वनि यंत्र (लाउडस्पीकर) और फोन के जरिए युवती से संपर्क साधने की कोशिश की और उसे आश्वासन दिया कि उसकी समस्या का समाधान किया जाएगा, बशर्ते वह सुरक्षित नीचे उतर आए।

समाचार लिखे जाने तक युवती टावर पर ही थी और पुलिस उसे सुरक्षित रेस्क्यू करने का प्रयास कर रही थी। हालांकि, युवती के इस कदम के पीछे का कारण अभी तक स्पष्ट नहीं हो पाया है, लेकिन यह आशंका जताई जा रही है कि मामला प्रेम-प्रसंग का है और प्यार में मिले धोखे के कारण उसने यह कदम उठाया है।


# गणेश चतुर्थी को ले एसडीओ ने की निषेधाज्ञा जारी, आज से प्रभावी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**हजारीबाग** । जिले में 27 अगस्त से 29 अगस्त 2025 तक गणेश चतुर्थी पर्व मनाया जाना है। किसी भी प्रकार के साम्प्रदायिक तनाव उत्पन्न न हो व पूर्व की घटनाओं को देखते हुए तथा पर्व के दौरान बड़ी संख्या में लोगों की भागीदारी एवं कार्यक्रमों के आयोजन को ध्यान में रखते हुए अनुमंडल पदाधिकारी, सदर बैद्यनाथ कामती ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 163 के तहत निषेधाज्ञा आदेश जारी किया है।

इस आदेश के तहत पूजा समितियों एवं आयोजकों को निम्नलिखित निर्देशों का पालन करना अनिवार्य होगा। सभी पूजा समितियों को अनुज्ञप्ति प्राप्त करना अनिवार्य है। विलम्ब से अनुज्ञप्ति हेतु आवेदन करने वाली समितियाँ जुलूस मार्ग/तिथि/समय का पूर्ण विवरण प्रस्तुत करेंगी।, सभी समितियाँ सीसीटीवी कैमरा अधिष्ठापित करेंगी अथवा पंडालों की वीडियोग्राफी कराना सुनिश्चित करेंगी, ध्वनि विस्तारक यंत्र का उपयोग 70 डीबी तक सीमित रहेगा तथा किसी भी प्रकार के भड़काऊ गीत नहीं बजाए जाएंगे।

इसी तरह पंडालों में अग्निशमन की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी तथा पंडाल परिसर की साफ-



सफाई कराई जाएगी। यातायात बाधित न हो, इसका ध्यान रखा जाएगा और 20 वॉलंटियर्स की सूची उनके सक्रिय मोबाइल नंबर सहित संबंधित थाना में जमा कराई जाएगी। महिला एवं पुरुष के लिए प्रवेश एवं निकास द्वार अलग-अलग होंगे। भवन प्रमंडल एवं विद्युत विभाग से अनापत्ति प्रमाण पत्र प्राप्त करना आवश्यक होगा। मेला क्षेत्र में अस्त्र-शस्त्र, घातक हथियार, आग्नेयास्त्र, लाठी आदि ले जाने पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। जबकि लाउडस्पीकर से किसी भी प्रकार का उत्तेजक भाषण या वक्तव्य प्रसारित करने पर रोक रहेगी। बिना अनुमति के किसी भी प्रकार के जुलूस या प्रदर्शन पर प्रतिबंध रहेगा। आर्केस्ट्रा कार्यक्रम की स्थिति में आयोजक द्वारा उसकी अनिवार्य रूप से वीडियोग्राफी कराई जाएगी तथा सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर भड़काऊ, साम्प्रदायिक संदेश/ ऑडियो/ वीडियो/ पोस्ट आदि प्रसारित करने पर सख्त प्रतिबंध रहेगा। यह आदेश 26 अगस्त की सुबह बजे से 29 अगस्त की रात्रि तक हजारीबाग सदर अनुमंडल क्षेत्र में प्रभावी रहेगा।

## एसडीओ ने की बैठक

**गिरिडीह**। आज अनुमंडल पदाधिकारी-सह-अनुमंडल दण्डाधिकारी, खोरीमहुआ अनिमेष रंजन की अध्यक्षता में गावां, तिसरी, देवरी, जमुआ एवं धनवार के अंचल अधिकारियों के साथ गूगल मीट के माध्यम से समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में लंबित म्यूटेशन मामलों के शीघ्र निष्पादन, सरकारी भूमि पर अतिक्रमण हटाने, अवैध खनन, परिवहन एवं भंडारण पर कठोर कार्रवाई, तथा बालू उठाव संबंधी आदेशों के अनुपालन पर विशेष बल दिया गया।

# नगर कीर्तन व शोभा यात्रा को लेकर तैयारियां जोरों पर

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**हजारीबाग**। विश्वभर की सम्पूर्ण सिख संगत द्वारा श्री गुरु तेग बहादुर साहिब जी के 350वें शहीदी दिवस के उपलक्ष्य में निकाली जा रही भव्य नगर कीर्तन (शोभा यात्रा) देशभर में धार्मिक और ऐतिहासिक महत्व का केंद्र बनी हुई है। शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी, अमृतसर द्वारा आयोजित एवं संचालित यह शोभा यात्रा घुबड़ी साहिब, असम से प्रारंभ होकर 21 राज्यों से गुजरते हुए श्री आनंदपुर साहिब, पंजाब पहुँचेगी।

यात्रा में शामिल लगभग 30 गाड़ियों का काफिला और 500 से अधिक श्रद्धालु संगत के साथ चल रहे हैं। यह यात्रा 28 अगस्त 2025 को दोपहर में रांची-रामगढ़ होते हुए हजारीबाग पहुंचेगी।हजारीबाग गुरुद्वारा प्रबंधन समिति ने इस ऐतिहासिक नगर कीर्तन के स्वागत की तैयारियां बड़े ही भावपूर्ण और श्रद्धापूर्वक की हैं। यात्रा बुढ़वा महादेव आनंदा चौक होते हुए मुख्य मार्गों से गुजरते हुए गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा पहुँचेगी। यहाँ पर शबद-कीर्तन का विशेष आयोजन किया गया है। इसके बाद यात्रा आगे के लिए रवाना होगी।गुरुद्वारा समिति



के पदाधिकारियों ने बताया कि नगर कीर्तन के स्वागत को लेकर युद्ध स्तर पर तैयारियां की जा रही हैं।

अध्यक्ष परमवीर सिंह कालरा, उपाध्यक्षःगुरप्रीत सिंह गांधी, नितिन बावा,सचिव आनंद राज सिंह कालरा,कोषाध्यक्ष कुलतार सिंह लाम्बा,सह कोषाध्यक्ष जसमीत सिंह,मीडिया प्रभारी रोहित बजाज मौजूद रहे। मीडिया प्रभारी श्री बजाज ने बताया कि यह यात्रा गुरुद्वारा परिसर में पहुँचकर कीर्तन और अरदास से संगत को निहाल करेगी। इसके बाद यात्रा पुनः अपने अगले पड़ाव की ओर रवाना होगी।यह शोभा यात्रा न केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक है, बल्कि समाज में समानता, भाईचारे और बलिदान की महान परंपरा को याद दिलाने का एक अनुपम अवसर भी है।

# जिला कांग्रेस की बैठक संपन्न

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**हजारीबाग**। झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के निर्देशानुसार जिला कांग्रेस कार्यालय कृष्ण बल्लभ आश्रम में संगठन सृजन 2025 के तहत नगर एंव वार्ड कांग्रेस अध्यक्ष चयन हेतू जिला कांग्रेस के तत्वावधान में एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया । आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिला अध्यक्ष शैलेन्द्र कुमार यादव ने कहा कि कांग्रेस पार्टी की यही खाशियत है जब भी कांग्रेस संगठन को मजबूत करने की बात आती है तब सभी कार्यकर्ता एक जूट हो जाते हैं ।

बैठक में नगर पर्यवेक्षक सह सदस्य मुन्ना सिंह ने कहा कि संगठन को युद्ध स्तर पर मजबूत करना कांग्रेस का लक्ष्य है । प्रदेश उपाध्यक्ष सह सदस्य भीम कुमार ने कहा कि प्रतिपक्ष के नेता राहुल गांधी की कड़ी मेहनत आने वाले दिनों में मील का पत्थर साबित होगा ।बैठक में कार्यकताओं द्वारा प्रस्तावित वार्ड अध्यक्षों तथा नगर अध्यक्षों के लिए कई नाम आए । कार्यक्रम का




संचालन नगर अध्यक्ष मनोज नारायण भगत तथा धन्यवाद ज्ञापन मीडिया अध्यक्ष निसार खान ने किया ।

मौके पर प्रदेश सचिव अवधेश कुमार सिंह, शशि मोहन सिंह, बिनोद सिंह वरिष्ठ कांग्रेसी रजी अहमद, विरेन्द्र कुमार सिंह, अजीम खान, लाल बिहारी सिंह, अजय गुप्ता, कृष्णदेव प्रसाद सिंह, सुनिल सिंह राठौर, साजिद हुसैन, मिथिलेश दुबे, कैलाश पति देव, ओमप्रकाश झा, सेवादल अध्यक्ष गुड्डु सिंह, नरेश गुप्ता, दिलीप कुमार रवि, सदरूल होदा, उदय पाण्डेय, इकबाल रजा, रघु जायसवाल, मनिषा टोप्पो, जावेद इकबाल, परवेज अहमद, रवि शर्मा, पंचम पासवान, चन्द्र शेखर आजाद, विजय कुमार सिंह, ओमप्रकाश गोप, नौशाद आलम, अनिल कुमार भुईंया, बाबु खान, राशिद खान, मेहराब आलम, सुरेन्द्र कुमार सिंह अफताब आलम, बाबर अंसारी, भैया असीम कुमार, मुस्ताक अंसारी, शमश तबरेज अशरफी, मोहम्मद हसनैन आजाद, रियाजउद्दिन अंसारी, मुगेश्वर प्रसाद चौधरी, अरूण कुमार सिन्हा, अमीत सिन्हा, मोहम्मद सलाउद्दीन, मोहम्मद मुजिब, मोहम्मद शमशाद, कमरूउद्दीन, इकरार अहमद, रोहन ठाकुर के अतिरिक्त कई कांग्रेसी उपस्थित थे ।

# सुहागिनों ने पति की लंबी उम्र के लिए रखा तीज व्रत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मेदिनीनगर (पलामू)**। पलामू जिले के आसपास के क्षेत्रों में हरितालिका तीज का निर्जला व्रत सुहागिन महिलाओं ने रखा। पूरे विधि-विधान से भगवान भोलेनाथ व माता पार्वती की पूजा- अर्चना कर पति की लंबी उम्र व अखंड सौभाग्य की कामना की। व्रत भाद्रपद के शुक्ल पक्ष के तृतीया तिथि को मनाया गया। इस अवसर पर सुहागिनों ने निर्जला रहकर हरितालिका तीज का वर्त रखा। किसी ने दिन के एक बजे के पूर्व तो किसी ने संध्या बेला पर भगवान शिव की पूजा-अर्चना की साथ ही अखंड सौभाग्य होने व अपने सुखमय वैवाहिक जीवन का वरदान मांगा।



हरतालिका तीज की कथा माता पार्वती व भगवान शिव के पुनर्मिलन से जुड़ी है। पौराणिक कथा के अनुसार, देवी पार्वती ने भगवान शिव को पति के रूप में पाने के लिए कठोर तपस्या की थी। उन्होंने भाद्रपद शुक्ल तृतीया को भगवान शिव की पूजा की व भगवान शिव ने उन्हें दर्शन देकर पार्वती को अपनी पत्नी के रूप में स्वीकार करने का वचन दिया। इसी दिन को हरतालिका तीज के रूप में मनाया जाता है। एक सुहागिन व्रती शिक्षिका अनिता वर्मा व अनामिका उर्फ छोटू ने कहा कि हम सुहागिन महिलाओं का सौभाग्य है कि उन्हें यह अवसर वर्षो से मिला है। वे अपने पति के लंबी उम्र, दीघार्यु व उनके स्वस्थ रखने के लिए व्रत रखते हैं। पति को भी उसी तरह अपने अर्धांगिनी का भी ख्याल रखना चाहिए।

# रजिस्टर टू मामले को ले बैठक में किसान जनता पार्टी ने भरी हुंकार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह**। झारखण्ड उच्च न्यायलय के रिट याचिका संख्या 5925/2022 में पारित आदेश के आलोक में गिरिडीह जिला के गरीब हरिजन आदिवासी रैयतों के जमीन को लुटने से बचाने हेतु मांगे जा रहे रजिस्टर टू रूपी सुरक्षा कवच को देने में बाधक बन रहे भ्रष्ट अधिकारियों से मुकाबला करने का रणनीति बनाने को लेकर किसान जनता पार्टी ने मंगलवार को झंडा मैदान गिरिडीह में बैठक किया। बैठक को संबोधित करते हुए किसान जनता पार्टी के केन्द्रीय कमिटी अध्यक्ष सह अधिवक्ता अवधेश कुमार सिंह ने कहा कि किसी भी रैयत का जमीन तभी सुरक्षित रहेगा जब उस रैयत के मौजा के सम्पूर्ण मूल रजिस्टर टू का सत्यापित प्रति एक ही बार में निर्गत करवाया जाएगा। जब तक किसी मौजा के सम्पूर्ण मूल रजिस्टर टू का सत्यापित प्रति एक बार नहीं निकल जाएगा तब तक भ्रष्ट अंचल अधिकारी रिश्वत लेकर भूमाफियाओं अमीरों और दबंग लोगों के नाम से रजिस्टर टू में अवैध जमाबंदी कायम करते रहेंगे और गरीब आदिवासी दलित कमजोर तबका का लोग जमीन से बेदखल होता रहेगा। पार्टी के एससी / एसटी मोर्चा के संरक्षक नीलम कुमारी ने कहा कि यदि किसी खाता के जमीन का कूल रकवा 10 एकड़ है तो भ्रष्ट अंचल अधिकारी भूमाफियाओं से घुस लेकर 15 एकड़, 20 एकड़ जमीन ऑनलाइन रजिस्टर टू में इंट्री कर दिए हैं। धरातल में जमीन तो बढ़ नहीं सकता अधिकारी जिससे घुस लिए हैं उसी के पक्ष में खड़ा होगा ऐसे में रैयत एकजुट होकर भ्रष्ट अधिकारीयों का मुकाबला नहीं



करेगा तो आनेवाले सर्वे में गरीबों का जमीन छीना जाना तय है। किसान जनता पार्टी के संयोजक दासो मुर्मू ने कहा कि गिरिडीह जिला के उन सभी चारो अंचल अधिकारी को हम हरिजन आदिवासी समुदाय के लोग धन्यवाद देते हैं जिन्होंने अगड़ी जाति और पिछड़ी जाति के सम्पूर्ण मौजा के रजिस्टर टू का सत्यापित प्रति दिया है लेकिन रुपैया लेकर भी हरिजन आदिवासी मौजा के रजिस्टर टू का सत्यापित प्रति नहीं देने वाले अंचल अधिकारीयों के खिलाफ हम अंतिम दम तक उलगुलान करते रहेंगे।

बैठक में सर्वसम्मति से गिरिडीह जिला के विभिन्न मौजा में एक अभियान चलाने का निर्णय लिया गया। अभियान के माध्यम से रैयतों को यह समझाने का प्रयास किया जाएगा कि यदि पुरे मौजा के रजिस्टर टू का एक साथ सत्यापित प्रति निकालकर उस मौजा के रैयत यह जान लेंगे कि उनके मौजा के मूल रजिस्टर टू में आज के तारीख में कौन कौन व्यक्ति के नाम से उस मौजा के किस किस खाता नंबर में कितना जमीन है।

धरना में मुंशी मुर्मू, खुशबु देवी, जहाँगीर अंसारी, घनश्याम पंडित, टिप्पण ठाकुर, बडकी किस्कू, बेदमिया देवी, जोशील मरांडी, छत्रधारी सिंह, नवी अंसारी, सावना हांसदा, मालती देवी, मुकेश मरांडी, पानो हेम्ब्रम, सरिता मरांडी, सुमनी सोरेन, महादेव विश्वकर्मा, अफसर खान, भागीरथ राय, विक्रम मुर्मू, ललिया देवी आदि सैकड़ो किसान उपस्थित रहे।

## ट्रेलर चोरी मामले में दो धराए

**चौपारण (हजारीबाग)**। थाना क्षेत्र के रानीक मोड़ के पास रविवार की रात हुई सड़क दुर्घटना में दो लोगों की मौत और एक के घायल होने के बाद पुलिस ने संबंधित ट्रेलर को जब्त कर चौपारण थाना परिसर के सामने खड़ा किया था। किंतु 25 अगस्त की रात अज्ञात अपराधियों ने थाना परिसर से ही ट्रेलर चोरी कर लिया। इस घटना से पूरे इलाके में हड़कंप मच गया। इस मामले में चौपारण थाना में प्राथमिकी दर्ज की गई। इसके बाद डीएसपी अजीत कुमार बिमल के नेतृत्व में विशेष टीम गठित कर छापेमारी की गई। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए चोरी गए ट्रेलर को बरामद कर लिया और दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।

गिरफ्तार आरोपियों की पहचान पवन कुमार यादव (उम्र 28 वर्ष, पिता बलेश्वर यादव, साकिन-

# समाजसेवी के पुण्यतिथि पर राजद नेताओं ने दी श्रद्धांजलि

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह**। बेंगाबाद के मोतीलेदा पंचायत के वरिष्ठ समाज सेवी स्व कैलाश प्रसाद यादव के पांचवीं पुण्य तिथि पर सभी राजद नेताओं और कार्यकर्ताओं एवं सामाजिक संगठनों ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। सभा में मुख्य अतिथि बतौर राष्ट्रीय जनता दल के जिला अध्यक्ष इरफान आलम प्रदेश अध्यक्ष किसान प्रकोष्ठ के गिरेंद्र प्रसाद यादव, राष्ट्रीय यादव सेना के जिला अध्यक्ष धर्मेन्द्र यादव , सरयू गोप, छोटेलाल यादव, कोडरमा सांसद प्रतिनिधि दिनेश प्रसाद यादव, बेंगाबाद प्रखण्ड प्रमुख सुनील कुमार यादव, पूर्व प्रमुख राम प्रसाद यादव, फॉरवर्ड ब्लॉक नेता राजेश यादव, जेएलके एम नेता मनोज यादव, मोतीलेदा पंचायत मुखिया प्रमिला यादव सहित सैकड़ों महिला पुरुष और नौजवान शामिल थे सर्व प्रथम स्व कैलाश यादव के प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजली अर्पित की।

**पूर्व रेलवे**

**ई-नीलामी सूचना**

**ई-नीलामी सूचना सं. सीओएम/एटीएम/एएसएन/एसटीएन/25 दिनांक : 18.08.2025** वरिष्ठ मंडल वाणिज्यिक प्रबंधक, पूर्व रेलवे, आसनसोल मंडल, स्टेशन रोड, पिन-713301 अनुबंध प्रदान करने के लिए आईआरईपीएस पोर्टल वेबसाइट **www.ireps.gov.in** के माध्यम से खुली ई-नीलामी आमंत्रित करते हैं। जिसका विवरण इस प्रकार है: **सूची क्रम.: एटीएम-एएसएन-एसटीएन-25** सभी अनुक्रम संख्याओं के लिए; **नीलामी प्रारंभ तिथि एवं समय:** 04.09.2025 को 12.00 बजे सभी अनुक्रम संख्याओं के लिए; **अनुक्रम सं. एए/1; लॉट सं. :** एटीएम-एएसएन-जीआरडी-जनरल-16-25-3 (एटीएम-जनरल); **विवरण:** गिरिडीह रेलवे स्टेशन पर 6 फीट x 6 फीट का एक एटीएम; **अनुक्रम सं. एए/2; लॉट सं. :** एटीएम-एएसएन-एएसएन-जनरल-45-25-1 (एटीएम-जनरल); **विवरण:** वीआईपी रोड और जीटी रोड के प्रवेश द्वार के पास एटीएम की स्थापना एवं संचालन; **अनुक्रम सं. एए/3; लॉट सं. :** एटीएम-एएसएन-यूएलटी-जेन-8-25-1 (एटीएम-जनरल); **विवरण:** कुल्टी स्टेशन पर एक एटीएम; **अनुक्रम सं. एए/4; लॉट सं. :** एटीएम-एएसएन-डीजीएचआर-जनरल-18-25-1 (एटीएम-जनरल); **विवरण:** देवघर रेलवे स्टेशन पर 6 फीट x 6 फीट आकार का एटीएम; **अनुक्रम सं. एए/5; लॉट सं. :** एटीएम-एएसएन-डीयूएमके-जनरल-28-25-1 (एटीएम - जनरल);**विवरण:** दुमका रेलवे स्टेशन पर 6 फीट x 6 फीट आकार का एक एटीएम; **अनुक्रम सं. एए/6; लॉट सं. :** एटीएम-एएसएन-सीआरजे-जनरल-39-25-1 (एटीएम - जनरल); **विवरण:** 6 फीट x 6 फीट क्षेत्रफल के एटीएम की स्थापना; **अनुक्रम सं. एए/7; लॉट सं. :** एटीएम-एएसएन-एसटीएल-जनरल-33-25-5 (एटीएम - जनरल); **विवरण:** सिमुलतला स्टेशन के पूर्वी हिस्से में एटीएम की स्थापना एवं संचालन; **अनुक्रम सं. एए/8; लॉट सं. :** एटीएम-एएसएन-बीआरआर-जनरल-9-25-1 (एटीएम-जनरल); **विवरण:** बराकर रेलवे स्टेशन पर एक एटीएम; **अनुक्रम सं. एए/9; लॉट सं. :** एटीएम-एएसएन-केएमएमई-जनरल-10-25-1 (एटीएम - जनरल); **विवरण:** कुमारधुबी रेलवे स्टेशन पर एक एटीएम; **अनुक्रम सं. एए/10; लॉट सं. :** एटीएम-एएसएन-एएसएन-जनरल-47-25-1 (एटीएम - जनरल); **विवरण:** ट्रैफिक जिम्नेजियम और जीटी रोड के पास एटीएम की स्थापना एवं संचालन; **अनुक्रम सं. एए/11; लॉट सं. :** एटीएम-एएसएन-एसटीएन-जनरल-37-25-3 (एटीएम - जनरल); **विवरण:** सीतारामपुर स्टेशन पर 6x6 वर्ग फीट क्षेत्रफल में नए एटीएम की स्थापना; **एए/12; लॉट सं. :** एटीएम-एएसएन-एसटीएल-जनरल-32-25-1 (एटीएम-जनरल); **विवरण:** सिमुलतला स्टेशन के पश्चिम की ओर स्वचालित टेलर मशीन (एटीएम) की स्थापना एवं संचालन; सभी संभावित बोलीदाताओं को सलाह दी जाती है कि वे पूर्ण विवरण के लिए वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर जाएं तथा दिए गए कार्यक्रम के अनुसार उपर्युक्त ई-नीलामी में भाग लें।

(ASN-167/2025-26)

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**पूर्व रेलवे**

**सं.ओएच/2/1/जनरल.दिनांक:21.08.2025** वरिष्ठ मंडल अभियंता, IV, हावड़ा, पूर्व रेलवे, डीआरएम बिल्डिंग, रेलवे स्टेशन के पास, हावड़ा-711101 द्वारा समान प्रकृति के कार्य का अनुभव रखने वाले और आवश्यक वित्तीय क्षमता रखने वाले निविदाकारों से निम्नलिखित कार्य के लिए निम्नलिखित ई-निविदा आमंत्रित की जाती है, जिनमें सिंचाई / सीपीडब्ल्यूडी / एसईबी / एमईएस या किसी सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम में पंजीकृत निविदाकार भी शामिल हैं: **वरिष्ठ मंडल अभियंता/डीईएन/4/एचडब्ल्यूएच के अधीन। क्रम सं. 1: ई निविदा सं. 127_2025-26; कार्य का विवरण:** वरिष्ठ मंडल अभियंता डीईएन/4/एचडब्ल्यूएच के तहत एईएन/आरपीएच के अधिकार क्षेत्र में हावड़ा मंडल-सीटीआर(एस) -14.943 टीकेएम निम्नलिखित स्थानों में एनएचटी-बीडीएजी पीकेआर कॉमन लूप लाइन 0-1.047=1.047 किमी, जीएमएएन अप लूप 0.050-0.844=0.794 किमी, जीएमएएन डाउन लूप लाइन 0-0.896=0.896 किमी; टीबीबी कॉमन लूप लाइन 0.048-0.987=0.939 किमी। एनएचटी-बीडीएजी आरजेजी क्यूआरवाई मेन लाइन 0-6.571=6.571 किमी, आरजेजी अप लूप लाइन सं. 4 0.042-0.997=0.955 किमी, एनएचटी अप लूप लाइन 4 0-0.990=0.990 किमी, एनएचटी अप लूप लाइन 5 0-0.817=0.817 किमी; एसएनटी-एनएचटी: एसडीएलई डाउन लूप 0-0.996=0.996 किमी. और एनएचटी-बीडीएजी: सीटीआर डाउन गुड्स लूप 0-0.938=0.938 किमी और टीएफआर 24.996 किमी स्थानों में: - एसएनटी-एनएचटी: आरईवी 98.000-98.064=0.064 किमी, 98.350-99.000=0.650 किमी, आरपीएच-डम्क एसएल 139.000-152.000=13.000 किमी, एनएचटी-बीडीएजी: अप 170.329-172.200=1.871 किमी; डाउन154.900-156.180=1.280 किमी, 156.900 - 158.500=1.600 किमी, 170.346-172.200 =1.854 किमी, एसएनटी-एनएचटी-आरईवी (ओल्ड अप) 101.00-104.50=3.50 किमी, एनएचटी बीडीएजी अप 150.585-151.762=1.177 किमी और एसईजे-30 सेट ; **अनुमानित लागत:** रु. 2,31,66,801.65; **बयाना राशि:** रु. 2,65,800.00; **क्रम सं. 2: ई निविदा सं. 128_2025-26; कार्य का विवरण:** वरिष्ठ मंडल अभियंता डीईएन/4/एचडब्ल्यूएच के तहत एईएन/बीएचपी के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत सेट हावड़ा मंडल - टीएसआर (पी)-11.013 किमी स्थान पर:-केएएन-एसएनटी अप 7.250-9.300=2.050 किमी, 9.500-10.300=0.800 किमी, 11.900-13.900=2.000 किमी, 14.100-18.065=3.965 किमी, 20.000-20.200=0.200 किमी, केएएन-एसएनटी अप 57.295-57.869=0.574 किमी, 57.936-58.359=0.423 किमी, 58.499-59.500=1.001 किमी, टीआरआर(पी)-977 किमी, स्थान पर: - केएएन-एसएनटी अप 18.933-19.910=0.977 किमी, टीएफआर-23.289 किमी, स्थान में: केएएन-एसएनटी: डाउन 27.022-33.590=6.568 किमी, 37.639-38.100=0.461 किमी, 38.969-42.000=3.031 किमी, 42.231-42.949=0.718 किमी, 43.949-45.900=1.951 किमी, अप 33.672-34.400=0.728 किमी, 43.437-44.384=0.947 किमी: केएएन-एसएनटी: डाउन 45.900-48.500=2.600 किमी, 57.000-58.000=1.000 किमी, 62.400-63.100=0.700 किमी, 70.100-70.930=0.830 किमी, एसएनटी-एनएचटी: डाउन 70.930-71.100=0.170 किमी, 87.015-88.000=0.985 किमी, केएएन-एसएनटी अप 48.100-49.000=0.900 किमी, एसएनटी-एनएचटी: अप 72.000-73.700 =1.700 किमी और टीटीआर -73 सेट-टीटीआर (एफएस+टीडब्ल्यूएस+डब्ल्यूसीएमएससी) -12 में 1 - 70 सेट और टीटीआर (एफएस+टीडब्ल्यूएस+डब्ल्यूसीएमएससी) - 8.5 में 1-3 सेट और एसईजे-49; **अनुमानित लागत:** रु. 3,31,66,702.88; **बयाना राशि:** रु. 3,15,800.00; **निविदा प्रपत्र की लागत:** सभी निविदाओं के लिए शून्य; **पूर्ण होने की अवधि:** सभी निविदाओं के लिए स्वीकृति पत्र जारी होने की तिथि से 12 (बारह) महीने। **निविदा की अंतिम तिथि एवं समय:** 12.09.2025 को 14.00 बजे। यदि निविदा आमंत्रण सूचना में उल्लिखित समापन तिथि किसी भी कारण से अवकाश/बंद/हड़ताल घोषित हो जाती है, तो ऑनलाइन निविदा बंद करने की तिथि नहीं बदली जाएगी क्योंकि आईआरईपीएस की वेबसाइट में आवेदन निविदा की समाप्ति तिथि और समय के बाद कोई प्रस्ताव प्रस्तुत करने की अनुमति नहीं देता है। हालांकि, ऑनलाइन निविदाएं अगले कार्यदिवस पर खोली जाएंगी। निविदा का विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदाकर्ताओं से अनुरोध है कि वे उपरोक्त वेबसाइट पर अपना प्रस्ताव ऑनलाइन प्रस्तुत करें। ई-टेंडरिंग के संबंध में बयाना राशि जमा (ईएमडी) और निविदा दस्तावेज लागत का भुगतान, नेट बैंकिंग या उपरोक्त वेबसाइट के माध्यम से भुगतान गेटवे के जरिए ही स्वीकार किया जाना चाहिए। **टिप्पणी:-** आईआरईपीएस (ई-टेंडर पोर्टल) पर आमंत्रित निविदाओं के लिए फिक्स्ड डिपॉजिट रसीद (एफडीआर) को ईएमडी के रूप में स्वीकार नहीं किया जाएगा।

(HWH-264/2025-26)

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

# केएन बक्शी कॉलेज ऑफ एजुकेशन को मिली विधि पाठ्यक्रम की मान्यता

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह**। बेंगाबाद के प्रतिष्ठित केएन बक्शी कॉलेज ऑफ एजुकेशन को बार काउंसिल ऑफ इंडिया (बीसीआई), नई दिल्ली से बड़ी उपलब्धि मिली है। बीसीआई ने कॉलेज को 5 वर्षीय बीए, एलएलबी (ऑनर्स) एवं 3 वर्षीय एलएलबी (ऑनर्स) पाठ्यक्रम चलाने की औपचारिक मान्यता प्रदान की। इस उपलब्धि से कॉलेज परिवार में हर्षोल्लास का माहौल है। ज्ञात हो कि जिले में कोई विधि महाविद्यालय नहीं था, जिसके कारण यहां के विद्यार्थियों को कानून की पढ़ाई के लिए धनबाद, कोडरमा, बोकारो, देवघर या अन्य शहरों का रुख करना पड़ता था। लेकिन अब स्थानीय स्तर पर ही उन्हें यह सुविधा उपलब्ध हो जाएगी। ज्ञात हो कि संस्थान को पहले से ही बीएड, डीएलएड, संध्याकालीन डिग्री कॉलेज एवं झारखंड राज्य खुला विश्वविद्यालय का स्टडी सेंटर जैसी मान्यताएँ प्राप्त हैं। कालज के चेयरमैन डॉ. शिव शक्ति नाथ बक्शी ने कहा कि यह क्षण हमारे कॉलेज, शिक्षक एवं छात्र समुदाय के लिए गर्व का समय है। बार काउंसिल की मान्यता हमारे शैक्षणिक प्रयासों और प्रतिबद्धता की स्वीकृति है। अब हम उच्च गुणवत्ता वाली विधि शिक्षा उपलब्ध कराने के लिए और भी संकल्पित हैं। इसी सत्र से इसकी पढ़ाई प्रारंभ हो जाएगी वाइस चेयरमैन शैलेन्द्र कुमार ने कहा महाविद्यालय को विधि की मान्यता मिलना पूरे क्षेत्र के विद्यार्थियों के लिए वरदान साबित होगा। अब उन्हें विधि शिक्षा के लिए बाहर नहीं जाना पड़ेगा। एडमिशन प्रक्रिया शीघ्र ही शुरू होगी।र सचिव रणविजय शंकर ने अपनी खुशी व्यक्त करते हुए कहा आज हमारे लिए यह अत्यंत हर्ष और गौरव का दिन है। यह उपलब्धि पूरे महाविद्यालय परिवार के अथक प्रयासों का परिणाम है। प्रबंधन समिति की सदस्य चारु प्रिया ने कहा कि यह मान्यता हमारे लिए रोमांचक और गौरवपूर्ण क्षण है। अब आसपास के छात्रों को किसी कठिनाई का सामना नहीं करना पड़ेगा।

## सड़क की हालत बदहाल, लोगों का आक्रोश फूटा

**सिंदूर (हजारीबाग)**। संत विनोबा नगर कॉलोनी की सड़कें लंबे समय से जर्जर हालत में हैं। बरसात के मौसम में स्थिति और भी भयावह हो गई है। मंगलवार को एक वाहन गहरे कीचड़ में फंस गया, जिसे निकालने में ग्रामीणों को करीब 3 घंटे तक मशक्कत करनी पड़ी। इस घटना से स्थानीय लोगों में भारी आक्रोश व्याप्त है। ग्रामीणों का कहना है कि सड़क समस्या को लेकर वे कई बार प्रशासन और जनप्रतिनिधियों का ध्यान आकर्षित करा चुके हैं, लेकिन अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। सांसद और विधायक वोट मांगने के समय तो बहुत प्यार से आते हैं, लेकिन जनता की समस्या पर मौन साध लेते हैं। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि अगर जल्द सड़क की मरम्मत नहीं कराई गई तो वे आंदोलन करने को बाध्य होंगे।

### सहकारी चौपाल एवं प्रचार वाहन का डॉ प्रेम कुमार ने किया उद्घाटन

# सहकारिता की मजबूती ही किसानों की प्रगति का आधार : डा. प्रेम कुमार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**पटना।** सहकारिता विभाग द्वारा मंगलवार को राजधानी पटना के शास्त्री नगर स्थित दीप नारायण सिंह क्षेत्रीय सहकारी प्रबंध संस्थान में 'किसान सहकारी चौपाल' एवं एलइडी स्क्रीन युक्त प्रचार वाहन का उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सहकारिता विभाग के मंत्री डॉ. प्रेम कुमार द्वारा किया गया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि 'सहकारिता की मजबूती ही किसानों की प्रगति का आधार है।' उन्होंने यह भी बताया कि सहकारिता विभाग की प्राथमिकता है कि उसकी सभी योजनाएं आम किसानों एवं सहकारी समितियों के सदस्यों तक सरल और प्रभावी रूप से पहुंचे। इसी उद्देश्य से प्रचार वाहन को रवाना किया गया जो विभिन्न स्थानों पर जाकर योजनाओं की जानकारी देगा। कार्यक्रम के दौरान एक नुक्कड़ नाटक के माध्यम से भी किसानों को योजनाओं के बारे में जागरूक किया गया। विभाग द्वारा 5 सितम्बर 2025 को उत्तर बिहार के सभी जिलों में 'किसान सहकारी चौपाल' का आयोजन किया जाएगा। ये चौपाल चयनित प्राथमिक कृषि साख समितियों (पैक्स) तथा व्यापार मंडलों में आयोजित होंगी जिनमें किसान, पैक्स प्रतिनिधि, स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं विभागीय पदाधिकारी भाग लेंगे। इन चौपालों में खाद्यान्न अधिप्राप्ति, फसल सहायता योजना, सामान्य सेवा केंद्र, पैक्स का संगणकीकरण, भंडारण सुविधा, प्राथमिक सब्जी उत्पादक सहकारी समिति, दुग्ध, बुनकर, मत्स्यजीवी, मधुमक्खी पालन समिति आदि से जुड़ी योजनाओं की जानकारी दी जाएगी। डॉ. प्रेम कुमार ने यह भी बताया कि अच्छा कार्य करने वाली पैक्स समितियों को राज्य सरकार द्वारा पुरस्कृत किया जाएगा। इसके लिए मुख्यमंत्री आदर्श पैक्स प्रोत्साहन योजना 2025-26 के अंतर्गत आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। प्रत्येक जिले से तीन तथा राज्य स्तर पर तीन पैक्स समितियों को पुरस्कार दिया जाएगा। इस आयोजन में सहकारिता विभाग के सचिव धर्मेन्द्र सिंह, सहयोग समितियों के निबंधक अंशुल अग्रवाल, अपर सचिव अभय कुमार सिंह, अपर निबंधक प्रभात कुमार सहित अन्य विभागीय पदाधिकारी उपस्थित रहे। संस्थान के निदेशक डॉ. के.पी. रंजन, पटना जिले के सभी पैक्स अध्यक्ष तथा अन्य जिलों के पैक्स प्रतिनिधि और पदाधिकारी वीडियो संप्रेषण के माध्यम से कार्यक्रम से जुड़े। इस कार्यक्रम के माध्यम से राज्यभर के किसानों को सहकारिता की ताकत और इससे जुड़ी योजनाओं की जानकारी सीधे उनके गांवों तक पहुंचाने की पहल की गई है।

# कांग्रेस और राजद का चुनाव आयोग व एनडीए पर सीधा हमला

### वोट चोरी का आरोप, बिहार की राजनीति में उबाल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**पटना /मधुबनी।** मधुबनी के फुलपरास में कांग्रेस नेता रणदीप सिंह सुरजेवाला ने आरोप लगाया कि भाजपा-जदयू गठबंधन और चुनाव आयोग की मिलीभगत से बिहार में संगठित वोट चोरी हो रही है। उन्होंने इसे लोकतंत्र पर हमला बताते हुए कहा कि गठबंधन दल प्रतिदिन वोट चोरी से जुड़ा एक नया खुलासा करेगा। सुरजेवाला ने खुलासा किया कि पिपरा, बगहा और मोतिहारी विधानसभा क्षेत्रों में 3,590 स्थानों पर 20 या अधिक वोटरों को एक ही घर में दर्ज किया गया है जिनकी कुल संख्या 80,000 से अधिक है। उदाहरण के तौर पर पिपरा के गलीमपुर गांव में बूथ नंबर 320, घर संख्या 39 में 459 वोटर और बूथ नंबर 319, घर संख्या 4 में 509 वोटर दिखाए गए हैं। वाल्मीकिनगर विधानसभा में उत्तर प्रदेश के वोटरों के नाम, पिता का नाम और इपिक नंबर लगभग एक जैसे पाए गए हैं। इस मौके पर मनोज झा ने कहा कि 65 लाख वोट काटे गए जो दलित, पिछड़े, गरीब और अल्पसंख्यक वर्गों से थे। उन्होंने आरोप लगाया कि चुनाव आयोग भविष्यवाणी करने वाला ज्योतिषी बन गया है और उसकी भूमिका पक्षपाती है। प्रेसवार्ता में बताया गया कि कैग की रिपोर्ट के अनुसार बिहार सरकार गरीबों की योजनाओं में 70,877 करोड़ रुपये का गबन कर चुकी है। राज्य में बेरोजगारी चरम पर है और परीक्षाओं के प्रश्नपत्र लीक की लंबी श्रृंखला ने युवाओं का भविष्य अंधकारमय बना दिया है। स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति भी खराब बताई गई जहां 60% पद रिक्त हैं और विशेषज्ञ डॉक्टरों की भारी कमी है। अपराध दर में बढ़ोत्तरी का हवाला देते हुए दावा किया गया कि बिहार अब अपराधियों का अड्डा बन चुका है। प्रेसवार्ता में मनोज झा के साथ अभय दुबे, रवींद्र अमला, राजेश राठौड़, संजीव सिंह, शक्ति यादव और प्रवीण कुशवाहा भी मौजूद थे।

## राज्य में अब तक दो लाख बालिकाओं को लगा मुफ्त एचपीवी टीका : मंगल पाण्डेय

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने बताया कि सर्वाइकल कैंसर से बचाव हेतु 9 से 14 वर्ष तक की बालिकाओं को मुफ्त एचपीवी (ह्यूमन पैपिलोमा वायरस) टीका लगातार लगाया जा रहा है। अब तक 1,90,744 बालिकाओं को मुफ्त एचपीवी टीका लगाया जा चुका है। बिहार देश का पहला ऐसा राज्य है जहां सरकार द्वारा मुफ्त एचपीवी टीकाकरण की सुविधा दी जा रही है। यह टीका प्रदेश के सभी जिला अस्पतालों से लेकर मेडिकल कॉलेज अस्पताल तक मुफ्त उपलब्ध है। श्री पांडेय ने कहा कि इस योजना पर सरकार की ओर से मुख्यमंत्री चिकित्सा सहायता कोष द्वारा खर्च हो रहा है। महिलाओं को होने वाले कुल कैंसर में से 17 प्रतिशत मामले सर्वाइकल कैंसर के होते हैं जिनसे बचाव के लिए यह टीका अत्यंत प्रभावी है। कैबिनेट स्वीकृति के बाद त्वरित गति से टीकाकरण की दिशा में कार्य प्रारंभ कर दिया गया। बिहार सरकार का लक्ष्य है कि राज्य की सभी 9 से 14 वर्ष की बच्चियों को कैंसर से सुरक्षित भविष्य दिया जाए और राज्य की स्वास्थ्य सेवाओं को राष्ट्रीय स्तर पर भी मिसाल के तौर पर पेश किया जाए।

# अलग-अलग देशों से हवाई मार्ग से बिहार जुड़ेगा

### कैबिनेट की बैठक में नए अंतरराष्ट्रीय मार्गों पर हवाई संपर्कता बढ़ाने की नीति पर लगी मुहर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार को वैश्विक फलक पर मजबूती से उभारने के लिए नए अंतर्राष्ट्रीय मार्गों पर हवाई संपर्कता बढ़ाने की नीति को मंजूरी दी गई है। राज्य कैबिनेट की बैठक में इसके मसौदे पर मिली मंजूरी से संबंधित विस्तृत जानकारी मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग के अपर मुख्य सचिव डॉ. एस सिद्धार्थ ने दी। सूचना भवन के सभागार में मंगलवार को आयोजित प्रेस वार्ता में उन्होंने कहा कि सभी एयरलाइंस कंपनियों को पत्र लिखकर कतर, दुबाई, श्रीलंका समेत अन्य देशों के लिए अंतरराष्ट्रीय सेवा शुरू करने की अपील की गई है। इसके लिए राज्य सरकार ने व्यवहार्यता अंतर निधि (वाएविलिटी गैप फंडिंग या वीजीएफ) के तहत एक निश्चित राशि देने का भी निर्णय लिया है। टेंडर प्रक्रिया के जरिए चयनित होने वाली कंपनियों को इसका लाभ मिलेगा। पटना से काठमांडु तक हवाई सेवा देने वाले विमान कंपनियों को 5 लाख, गया से शाहजहां तक वाले विमानों को 10 लाख के अलावा गया से बैंककॉक, गया से सिंगापुर एवं गया से कोलंबो वाले विभागों को 10-10 लाख रुपये की मौद्रिक सहायता प्रदान की जाएगी। यह वित्तीय सहायता लेने वाले विमानों की क्षमता कम से कम 150 पैसेंजर को बैठाने की होनी चाहिए। राज्य सरकार वैसे अंतरराष्ट्रीय विमान सेवा को प्रोत्साहित करने के लिए पहले से ही हवाई ईंधन यानी एटीएफ (एयर टर्बाइन फ्यूल) पर लगने वाली वैट की दर को एक फीसदी कर चुकी है। यह नई नीति पटना के जयप्रकाश नारायण अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा और गया अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा से राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय लॉजिस्टिक नेटवर्क में बिहार की भागीदारी को सशक्त बनाने की कवायद है। इस पहल से निवेशकों को बिहार में विमानन क्षेत्र में नई संभावनाएं तलाशने के लिए प्रेरित करेगी। इससे हवाई मार्ग का विस्तार होगा। पर्यटकीय उद्योग को भी इससे काफी बल मिलेगा।

## विहंगम होगा पटना सिटी का गणेश महोत्सव

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** राजाओं के राजा विघ्नहर्ता सेवा समिति द्वारा पटना सिटी चौक स्थित सनातन धर्म सभा भवन में आगामी 27 से 31 अगस्त तक श्री गणेश महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कार्यकारी अध्यक्ष डॉ अजय प्रकाश, महासचिव विकास कुमार मौड़ीवाल, संयोजक अरुण कुमार मिश्रा, अध्यक्ष डॉ टी पी गौलवारा, कोषाध्यक्ष संजय केसरी ने संयुक्त रूप से बताया कि श्री गणेश प्रथम पूज्य हैं उनकी आराधना से सभी विघ्न बाधाएं समाप्त होती हैं। कार्यक्रम की तैयारी पूरी कर ली गई है, श्री गणेश का मुकुट बहुमूल्य मीणा जड़ित चांदी का होगा, पंडाल ऑपरेशन सिंदूर थीम पर बनाया गया है, भगवान गणेश के पीछे भारत का नक्शा रहेगा और दोनों तरफ माता रिद्धि एवं सिद्धि के हाथों में हमारे भारत का तिरंगा झंडा रहेगा। इस अवसर पर स्थानीय कलाकारों द्वारा भजन प्रस्तुत किया जाएगा। श्रद्धालु गण हेतु विशेष प्रसाद के साथ रुद्राक्ष प्रसाद के रूप में भी दिया जाएगा। इस अवसर पर पौधों का वितरण भी किया जाएगा। कई विद्यालयों के छात्र-छात्राओं के बीच चित्रकला प्रतियोगिता एवं निबंध प्रतियोगिता आयोजित है। विजेता प्रथम तीन विद्यार्थियों को कार्यक्रम में सम्मानित किया जाएगा। निःशुल्क एक्युप्रेशर चिकित्सा शिविर के साथ डायबिटीज, ब्लड प्रेशर की जांच की व्यवस्था रहेगी।

## त्योहारों में यात्रियों की सुविधा के लिए चालकों-संवाहकों को दिया जाएगा विशेष प्रशिक्षण

### सभी बसों पर बीएसआरटीसी का लोगो स्टीकर लगाना अनिवार्य

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार में आगामी पर्व-त्योहारों के दौरान अंतर्राज्यीय बस परिचालन को सुगम बनाने के लिए बिहार राज्य पथ परिवहन निगम (बीएसआरटीसी) ने महत्वपूर्ण कदम उठाया है। फुलवारीशरीफ स्थित निगम परिसर में सोमवार को प्रशासक अतुल वर्मा की अध्यक्षता में बस ऑपरेटरों के साथ बैठक आयोजित की गई। इसमें कई अहम दिशा-निर्देश जारी किए गए। प्रशासक ने जानकारी दी कि अगले महीने (सितम्बर) में सभी बस चालकों और संवाहकों को प्रशिक्षण दिया जाएगा। ताकि यात्रियों को बेहतर और सुरक्षित सेवा मिल सके। साथ ही पर्व-त्योहारों के दौरान बिहारवासियों को सस्ती दरों पर टिकट उपलब्ध कराया जाएगा।

**20 सितंबर से शुरू होगा बसों का परिचालन**

दुर्गा पूजा, दीपावली और छठ के अवसर पर 20 सितंबर से 30 नवंबर तक दिल्ली, हरियाणा, उत्तर प्रदेश और पश्चिम बंगाल के लिए लोक-निजी भागीदारी के तहत बसों का परिचालन किया जाएगा। यात्रियों की सुविधा के लिए 1 सितंबर 2025 से ऑनलाइन सीट बुकिंग शुरू होगी। बिना ऑनलाइन बुकिंग वाले यात्रियों को बस में ई-टिकटिंग मशीन से टिकट उपलब्ध कराया जाएगा। सभी बसों पर बीएसआरटीसी का लोगो स्टीकर या पेंट से प्रदर्शित करना अनिवार्य होगा। बस के शीशे पर परमिट चिपकाना और चालकों को एकरारनामा की प्रति रखना जरूरी है। इसके साथ ही दिल्ली और हरियाणा के लिए दो चालकों की नियुक्ति अनिवार्य होगी।

## विदेशी शराब से भरी स्विफ्ट कार जब्त

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**फुलवारीशरीफ।** 25 अगस्त की रात करीब 11 बजे गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने विपार्ड के पास छापेमारी कर विदेशी शराब से भरी स्विफ्ट कार को जब्त किया। इस अभियान का नेतृत्व निरीक्षक मद्य निषेध अजीत कुमार ने किया। सूचना मिलते ही उनकी अगुवाई में एक विशेष टीम का गठन किया गया और देर रात दबिश दी गई। छापेमारी के दौरान स्विफ्ट कार पकड़ी गई जिसमें भारी मात्रा में विदेशी शराब लदी हुई थी। जब्त शराब की कुल मात्रा 492 पीस यानी 107.768 लीटर बताई गई।

## धार्मिक पर्यटन को मिली नई उड़ान, कई परियोजनाओं का हुआ शिलान्यास

### महर्षि विश्वामित्र पार्क, मां मुंडेश्वरी धाम परिसर का जीर्णोद्धार, गुप्ताधाम आदि परियोजनाएं शामिल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार की ऐतिहासिक और पौराणिक पहचान को आधुनिक स्वरूप देने की दिशा में बड़ा कदम उठाया गया है। पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के मंत्री डॉ. सुनील कुमार ने सोमवार को बक्सर जिले में 'महर्षि विश्वामित्र पार्क' निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। सोन नहर के स्केप चैनल के दोनों ओर विकसित होने वाला यह पार्क बक्सर की सांस्कृतिक विरासत और पौराणिक महत्व को नए अंदाज में प्रस्तुत करेगा। पार्क में वॉकिंग ट्रैक, ओपन जिम, योगा पार्क, ओपन एयर एम्फीथिएटर, केबल-आधारित हैंगिंग ब्रिज, ग्रामीण हाट, जेन गार्डन, कैफेटेरिया और बच्चों के खेलने का जोन जैसी सुविधाएं होंगी। गंगा तट पर महर्षि विश्वामित्र की आदमकद प्रतिमा और 'सिद्धाश्रम म्यूजियम' पर्यटकों के लिए विशेष आकर्षण होंगे। दूषित जल और कचरे के निस्तारण के लिए मिनी एसटीपी और बायो-रेमेडिएशन तकनीक का उपयोग किया जाएगा। इसी क्रम में मंत्री ने हाल ही में रोहतास जिले के पौराणिक स्थल बाबा गुप्ताधाम में 14.91 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाली 'गुप्ताधाम ईको-पर्यटन विकास योजना' का शिलान्यास भी किया। इस योजना के तहत दुकानों का उन्नयन, नए प्रवेश द्वार, श्रद्धालुओं के लिए धर्मशाला, खान-पान क्षेत्र, शौचालय और बिजली-पानी की व्यवस्था विकसित की जाएगी। शिवलिंग का लाइव टेलिकास्ट बड़े एलईडी स्क्रीन पर होगा और सभी व्यवस्थाएं सौर ऊर्जा से संचालित होंगी। इसके अलावा हाल ही में पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री डॉ सुनील कुमार ने कैमूर जिले के मां मुण्डेश्वरी धाम परिसर के जिर्णोद्धार कार्य का शिलान्यास किया। इसके तहत मंदिर तक जाने वाले रास्ते का चौड़ीकरण किया जाएगा। इसके साथ ही रोहतास के दुर्गावती जलाशय स्थित करमचट डैम में बिहार की पहली बोटहाउस कैंप परियोजना का शुभारंभ भी किया गया। इस बोटहाउस में पर्यटकों के लिए एसी युक्त कमरे के साथ किचन और 10 लोगों के बैठने की क्षमता है।

# राजस्व महा-अभियान : विशेष सर्वेक्षण कर्मियों की हड़ताल के बीच सरकार ने की वैकल्पिक व्यवस्था

### सीएससी को मिली जिम्मेदारी, राजस्व महा अभियान हेतु 11549 सीएससी कर्मियों की सेवा लेने के प्रस्ताव पर लगी मंत्रिपरिषद की मुहर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग ने भूमि संबंधी मामलों में आम रैयतों को त्वरित राहत दिलाने और संविदा सर्वेक्षण कर्मियों के हड़ताल पर चले जाने के बाद राजस्व महा-अभियान को गति देने के लिए बड़ा निर्णय लिया है। विभाग संविदा सर्वेक्षण कर्मियों के हड़ताल पर जाने के बाद एक वैकल्पिक व्यवस्था के लिये विचार कर रहा था। विभाग के प्रस्ताव पर मंत्रिपरिषद ने आज मुहर लगा दी। राज्य मंत्रिपरिषद ने मंगलवार को सीएससी, ई-गवर्नेंस सर्विस इंडिया लिमिटेड, नई दिल्ली को गैर-परामर्शी सेवाओं के तहत नामित करने की मंजूरी दे दी है। अब महा-अभियान के तहत आयोजित शिविरों में सीएससी के प्रशिक्षित कर्मी मौजूद रहेंगे और नागरिकों के आवेदन की तत्काल इंट्री सुनिश्चित करेंगे।

**सर्वे अमीनों की हड़ताल के बीच सरकार का फैसला**

राज्य में 16 अगस्त से 20 सितंबर तक चलने वाले राजस्व महा-अभियान का मुख्य उद्देश्य डिजिटाइज्ड जमाबंदी की त्रुटियों को सुधारना, छूटी हुई जमाबंदियों को ऑनलाइन करना, उत्तराधिकार नामांतरण और बंटवारा नामांतरण करना है, लेकिन विशेष सर्वेक्षण अमीनों के अचानक हड़ताल पर चले जाने से कर्मियों की कमी हो गई थी। ऐसे में विभाग द्वारा सीएससी की सेवाएं लेने का निर्णय लिया गया है। इस हेतु आज विभाग द्वारा कैबिनेट में वित्त विभागीय संकल्प संख्या-12888, 03.12.2024 के आलोक में राजस्व महा अभियान के सुगम क्रियान्वयन हेतु गैर-परामर्शी सेवाओं की अधिप्राप्ति के लिये सीएससी के कर्मियों की सेवा लिये जाने का प्रस्ताव पेश किया गया जिस पर राज्य मंत्रीपरिषद की बैठक 26.08.2025 के मद संख्या-25 के रूप में स्वीकृति प्रदान की गई। राज्य के कुल 38 जिलों के 8481 हलका में सीएससी के माध्यम से कुल 11,549 कर्मियों की सेवा ली जायेगी। इनमें कुल 10936 कंप्यूटर ऑपरेटर, अंचल और जिला स्तर पर क्रमशः कुल 537 तथा 76 पर्यवेक्षक होंगे। साथ ही विभाग द्वारा हड़ताल पर गये विशेष सर्वेक्षण कर्मियों का क्रमिक निलंबन शुरू कर दिया गया है। सीएससी पहले से ही राज्य में जमाबंदी देखने, लगान भुगतान, दाखिल-खारिज, परिमार्जन प्लस और भू-मापी जैसी ऑनलाइन सेवाएं उपलब्ध कराती रही है।

## दिगम्बर जैन धर्मावलंबियों का दसदिवसीय दशलक्षण पर्व 28 से

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** पटना के सभी दिगम्बर जैन मंदिरों में दिगम्बर जैन धर्मावलंबियों का दस दिवसीय दशलक्षण पर्व कल गुरुवार 28 अगस्त से प्रारम्भ होगा। जैन समाज के एम पी जैन ने बताया कि इसके लिए सभी मंदिरों में तैयारियां अंतिम चरण में है। पाटलिपुत्र दिगम्बर जैन समिति के महामंत्री ज्ञान चंद पाटनी ने बताया कि पटना के कदमकुआं स्थित श्री पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मंदिर में पूजा सम्पन्न कराने इटावा से प्रतिष्ठाचार्य पंडित मनीष जैन शास्त्री एवं फिरोजाबाद से भजनकर्ता एवं संगीतकार शैंकी जैन पधार रहे हैं। यहां प्रातः सात बजे से पूजा प्रारम्भ होगा। मीठापुर दिगम्बर जैन मंदिर के अध्यक्ष विनोद कासलीवाल जैन ने बताया कि यहां पर हजारीबाग के मुन्ना पंडित और गन्धर्व संगीतकार के सानिध्य में दसलक्षण पूजा के सभी कार्यक्रम सम्पन्न होगा। मुरादपुर जैन चैत्यालय के सुबोध जैन फंटी ने बताया कि यहां पर दशलक्षण पूजा की सभी तैयारी पूरी हो चुकी है। कमलदह दिगम्बर जैन मंदिर के मैनेजर सोनू जैन ने बताया कि यहां प्रतिदिन 6:45 से अभिषेक शांतिधारा प्रारम्भ होगा। मुकेश जैन ने बताया कि काली बीबी के कटरा स्थित दिगम्बर जैन मंदिर में प्रातः आठ बजे से शांतिधारा प्रारम्भ होगा। गुरारा दिगम्बर जैन मंदिर के धीरज जैन ने बताया कि यहां के मंदिर में भी दशलक्षण पूजा की सभी तैयारी पूरी कर ली गई है। एम पी जैन ने बताया कि दशलक्षण पूजा में प्रतिदिन मनुष्य के अलग-अलग गुणों की पूजा होगी। दस दिनों की पूजा में प्रथम दिन उत्तम क्षमा से प्रारंभ होगी और उसके बाद लगातार क्रम से उत्तम मार्दव, उत्तम आर्जव, उत्तम शौच, उत्तम सत्य, उत्तम संयम, उत्तम तप, उत्तम त्याग, उत्तम अकिंचन्य, उत्तम ब्रहमचर्य की पूजा होगी।

## यात्रियों की सुविधा के लिए गणेशोत्सव पर 380 फेरे लगाएंगी गणपति स्पेशल ट्रेनें

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** गणेश उत्सव को देखते हुए भारतीय रेलवे ने श्रद्धालु यात्रियों के लिए खास इंतजाम किए हैं। रेलवे ने इस वर्ष श्रद्धालु यात्रियों की सुविधा के लिए गणपति स्पेशल ट्रेनों के 380 से अधिक फेरों (ट्रिप्स) के संचालन का फैसला लिया है। गणपति उत्सव के दौरान विशेष रेलगाड़ियों के फेरों का यह नया कीर्तिमान है। इससे पहले वर्ष 2023 और 2024 में भी रेलवे ने यात्रियों की सुविधा के लिए न सिर्फ विशेष ट्रेनों का संचालन किया था, बल्कि उनके फेरों की संख्या भी बढ़ाई थी। वर्ष 2023 में रेलवे ने 305 गणपति स्पेशल ट्रेन फेरों का संचालन किया था जबकि 2024 में यह संख्या बढ़ाकर 358 कर दी गई थी। यात्रियों की सुविधा के लिए जोनवार संचालित जिन स्पेशल ट्रेनों के फेरे बढ़ाए गए हैं उसके अनुसार महाराष्ट्र और कोंकण क्षेत्र में यात्री मांग को देखते हुए मध्य रेलवे में स्पेशल ट्रेनों के 296 फेरे लगेंगे। वहीं, पश्चिम रेलवे में 56 फेरे, कोंकण रेलवे में 06 फेरे और दक्षिण पश्चिम रेलवे में 22 फेरे शामिल हैं। कोंकण रेलवे पर चलने वाली गणपति स्पेशल ट्रेनों के पड़ाव कोलाड, इंदापुर, मानगांव, गोरेगांव रोड, वीर, सापे वार्मने, करंजडी, विन्हेरे, दीवानखावटी, कलांबनी बुद्रुक, खेड़, अंजनी, चिपलुन, कामथे, सावरदा, अरावली रोड, संगमेश्वर रोड, रत्नागिरी, अदावली, विलावडे, राजापुर रोड, वैभववाड़ी रोड, नंदगांव रोड, कंकावली, सिंधुदुर्ग, कुदाल, जराप, कुंडापुरा, उडुपी, मुल्की और सुरथकल दिए गए हैं।

# मछली पालकों को सरकार दे रही आर्थिक सहायता, जल्द करें आवेदन

### मुख्यमंत्री तालाब मात्स्यिकी विकास योजना का लाभ उठाने के लिए 31 अगस्त तक कर सकते हैं आवेदन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार सरकार अपनी विभिन्न योजनाओं के जरिए मछली पालकों को सहायता दे रही है जिसकी बदौलत राज्य को मछली के उत्पादन में आत्मनिर्भरता मिली है। इसी कड़ी में बिहार सरकार के पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग अन्तर्गत मत्स्य निदेशालय ने मुख्यमंत्री तालाब मात्स्यिकी विकास योजना 2025-26 के लिए आवेदन आमंत्रित किया है। इसका लाभ उठाने के लिए मछली पालकों के पास 31 अगस्त तक का समय है। इस तिथि तक आवेदन करने वाले आवेदक योजना का लाभ उठा सकते हैं। मुख्यमंत्री तालाब मात्स्यिकी विकास योजना के तहत मछली पालकों को वित्तीय सहायता प्रदान की जाएगी। इस योजना में पांच प्रमुख श्रेणियां शामिल है। सभी श्रेणी में इकाई लागत का 50 से 70 फीसदी तक की भारी सब्सिडी दी जा रही है जहां सामान्य वर्ग के मछली पालकों को 50 फीसदी की सब्सिडी दी जा रही है। इस योजनान्तर्गत राज्य को मत्स्य उत्पादन के साथ-साथ मत्स्य बीज उत्पादन में भी आत्मनिर्भर बनाने की कोशिश की जा रही है। इस योजना का क्रियान्वयन राज्य के सभी जिलों में की जा रही है। इस योजना के जरिए विगत तीन वर्षो में मछली पालकों को 339 करोड़ 46 लाख रूपये का अनुदान दिया जा चुका है जिसका लाभ उठाकर राज्य के मछली पालक आत्मनिर्भर हुए हैं। मुख्यमंत्री तालाब मात्स्यिकी विकास योजना के तहत जिन पांच श्रेणियों में अनुदान दिया जाता है उसमें पहली श्रेणी उन्नत मत्स्य उत्पादन की है जिसका लाभ लेने के लिए 0.5 एकड़ वाली प्रति इकाई लागत एक लाख रूपये का 50-70 प्रतिशत अनुदान देय है। वहीं दूसरी श्रेणी ट्यूबवेल तथा पम्प सेट अधिष्ठापन की है, इसके लिए 1.2 लाख रूपये की इकाई लागत पर 50-60 प्रतिशत अनुदान दिया जाएगा। तीसरी श्रेणी तालाब मात्स्यिकी के लिए यांत्रिक एरेटर लगाने पर प्रति इकाई लागत 50 हजार रूपये का 50-70 प्रतिशत अनुदान देय होगा। चौथी श्रेणी कार्प हैचरी इनपुट सहायता की है, इसमें इकाई की लागत 8.00 लाख रूपये का 50-70 प्रतिशत अनुदान देय है। वही पांचवीं श्रेणी मत्स्य बीज हैचरी का जीर्णोद्धार एवं उन्नयन की है जिसमें इकाई लागत 5.00 लाख रूपये होने पर 50-70 प्रतिशत अनुदान मिलेगा।

## आरआर काबेल ने लांच की भविष्य के लिए तैयार वायरों की नई सीरीज



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** भारत में वायर व केबल बनाने वाली अग्रणी कंपनी आरआर काबेल ने वायरों की एक नई रेंज लांच की है। आज के दौर में खासकर जब तापमान बढ़ रहा है और बिजली की खपत भी ऐसे में ये वायरें बदलते वक्त की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए बनाई गई हैं। इस नई सीरीज में कई प्रोडक्ट शामिल हैं जो सुरक्षा, परफॉर्मेंस और पर्यावरण की रक्षा तीनों में बेहतर हैं। लांच के इस मौके पर आरआर काबेल के कार्यकारी निदेशक राजेश काबरा ने कहा जब घर स्मार्ट हो रहे हैं और तापमान बढ़ रहा है तो वायरों को भी बदलना होगा। हमारी नई रेंज आज की ही नहीं बल्कि आने वाले समय की चुनौतियों को ध्यान में रखते हुए तैयार की गई है- चाहे वो बढ़ता तापमान हो या ज्यादा बिजली का दबाव या फिर सुरक्षा और पर्यावरण की जिम्मेदारी। इन नई लांच के साथ, आरआर काबेल एक बार फिर अपने इस वादे को दोहरा रहा है कि वो वायरिंग की दुनिया में सुरक्षा, टिकाऊपन और बेहतर परफॉर्मेंस को नया आयाम देने के लिए प्रतिबद्ध है।

CMYK

## संपादकीय

# सत्ता-विपक्ष के शोर में जनता के सवाल फिर दब गए

संसद कानून और नीति निर्माण करने वाली देश की सर्वोच्च संस्था है, जो जनता का प्रतिनिधित्व करती है। देश की दिशा एवं दशा तय करने में इसकी अहम भूमिका होती है। यह सरकार के कामकाज की निगरानी करने और राष्ट्रीय मुद्दों पर चर्चा कर समाधान तलाशने का विशिष्ट मंच है। इसे लोकतांत्रिक व्यवस्था की रीढ़ कहा जाता है, जहां जनता की संप्रभुता को अभिव्यक्ति मिलती है। जन प्रतिनिधियों से उम्मीद की जाती है कि वे आम लोगों से जुड़े मसलों को संसद में उठाकर नीति निर्माण में उनकी भूमिका सुनिश्चित करेंगे।मगर, संसद के मानसून सत्र के कामकाज पर गौर करें तो इन उम्मीदों पर सियासत के बादल मंडराते नजर आते हैं। ऐसा प्रतीत होता है कि जन प्रतिनिधियों के लिए दलगत राजनीति जन सरोकार से ज्यादा महत्त्वपूर्ण है। संसद के अंदर और बाहर सत्तापक्ष एवं विपक्ष के बीच आरोप-प्रत्यारोप के शोरगुल में असल मुद्दे गौण हो जाते हैं। इससे न केवल संसद का बहुमूल्य समय यों ही जाया हो जाता है, बल्कि सार्वजनिक धन की भी बर्बादी होती है।संसद के मानसून सत्र के दौरान लोकसभा में महज 31 फीसद और राज्यसभा में 39 फीसद कामकाज हुआ। सत्र के दौरान कामकाज के लिए 120 घंटे उपलब्ध थे, मगर इस दौरान लोकसभा में केवल 37 घंटे और राज्यसभा में 41 घंटे 15 मिनट कामकाज हो पाया। दोनों सदनों में कुल 15 विधेयक पारित किए गए और तीन विधेयकों को संसद की संयुक्त समिति के पास विचार के लिए भेजा गया। सत्र के दौरान 'आपरेशन सिंदूर' को लेकर दोनों सदनों में विशेष चर्चा हुई, जिसकी मांग विपक्ष ने उठाई थी।मगर, बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआइआर) का मुद्दा दोनों सदनों में हंगामे और गतिरोध की प्रमुख वजह बना रहा। सत्तापक्ष का तर्क था कि मामला न्यायालय में विचाराधीन है और इस पर सदन में चर्चा नहीं हो सकती। सवाल है कि क्या सदन में हंगामे से कुछ हासिल हो पाया? इसके विपरीत इस वजह से दोनों सदनों में एक भी दिन प्रश्नकाल एवं शून्यकाल सामान्य तरीके से नहीं चल पाया और सत्र के दौरान गैर सरकारी कामकाज भी नहीं हो सका। यानी, मानसून सत्र के कामकाज की सूची में शामिल जन सरोकार से जुड़े कई मुद्दे बिना चर्चा और जवाब के ही रह गए।इसमें दोराय नहीं कि संसद सत्र नियमित रूप से चलाने का दायित्व सत्तापक्ष और विपक्ष दोनों का है। लोकतंत्र में किसी भी मुद्दे पर विरोध दर्ज करना विपक्ष की भूमिका का एक हिस्सा है और सत्तापक्ष से उम्मीद की जाती है कि वह विपक्ष की आपत्तियों का निराकरण करे। मगर संसद में सार्थक और तर्कपूर्ण बहस करने के बजाय हंगामे से गतिरोध बनाए रखने से अंततः नुकसान देश की जनता का होता है।सियासी दलों और उनके जनप्रतिनिधियों को इस बात पर गंभीरता और गहराई से विचार करना चाहिए कि संसद का बहुमूल्य समय बर्बाद न हो। जन प्रतिनिधियों की यह नैतिक जिम्मेदारी बनती है कि वे उस जन सरोकार को प्राथमिकता दें, जिसके लिए उन्हें चुना गया है। एक निर्दलीय सांसद ने तो संसद परिसर में प्रदर्शन कर यह मांग भी उठाई है कि सदन में हंगामे की वजह से होने वाले आर्थिक नुकसान की भरपाई सांसदों के वेतन से की जानी चाहिए। सहमति और असहमति होना लोकतंत्र की स्वाभाविक प्रक्रिया है, लेकिन सामूहिक तौर पर प्रयास यही होना चाहिए कि सदन नियमित रूप से चले, ताकि जनकल्याण के लिए प्रभावी नीतियों का निर्माण हो सके।

# पश्चिम बंगाल की मतदाता सूची में गड़बड़ी : लोकतंत्र पर गहरा सवाल



**गोविन्दा मिश्रा**

भारत एक लोकतांत्रिक देश है जहाँ चुनाव ही जनता की आवाज़ और जनमत का सबसे बड़ा माध्यम हैं। लेकिन अगर चुनाव की नींव ही यानी मतदाता सूची (Electoral Roll) पारदर्शी और सटीक न हो, तो लोकतंत्र की संपूर्ण प्रक्रिया संदिग्ध हो जाती है। हाल ही में अगस्त 2025 में प्रकाशित एक शोध ÷पश्चिम बंगाल में मतदाता सूची में बदलाव ः वैध मतदाता गणना का जनसांख्यिकीय पुनर्निर्माण (2024)ने पश्चिम बंगाल की मतदाता सूची को लेकर गंभीर खुलासे किए हैं। इस अध्ययन को एसपी जैन, मुंबई के विदु शेखर और आईआईएम विशाखापट्टनम के मिलन कुमार ने मिलकर किया है।

इस अध्ययन में यह पाया गया कि पश्चिम बंगाल की मतदाता सूची में बड़े पैमाने पर फर्जी नाम, मृतक व्यक्तियों के नाम और डुप्लीकेट पंजीकरण मौजूद हैं। अध्ययन के अनुसार, 2024 की मतदाता सूची में लगभग 1.04 करोड़ अतिरिक्त नाम दर्ज हैं। यह कुल सूची का करीब 13.69त्न "inflation" है। महत्वपूर्ण बात यह है कि यह आंकड़ा सतर्क और न्यूनतम अनुमान के आधार पर निकाला गया है। वास्तविक गड़बड़ी इससे कहीं अधिक हो सकती है।

**मृतकों और गलत नामों की भरमार:** इस शोध में 2004 की मतदाता सूची को आधार बनाकर गणना की गई। 2004 में राज्य में कुल 4.74 करोड़ मतदाता दर्ज थे। बीस साल बाद यानी 2024 तक जन्म और मृत्यु दर को ध्यान में रखते हुए अनुमान लगाया गया कि इनमें से लगभग 1 करोड़ लोग अब जीवित नहीं हैं। लेकिन हैरानी की बात यह है कि इन मृतकों के नाम अभी भी मतदाता सूची में मौजूद हैं। इसी तरह 1986 से 2006 के बीच जन्मे नए मतदाताओं को जोड़ने और पलायन करने वाले लोगों को घटाने के बाद, पश्चिम बंगाल में 2024 तक वैध मतदाताओं की संख्या करीब 6.57 करोड़ निकलती है। लेकिन चुनाव आयोग की सूची में यह संख्या 7.61 करोड़ दर्ज है। यानी लगभग 1.04 करोड़ नाम ऐसे हैं जो फर्जी या अवैध हैं।

**सतर्क अनुमान के बावजूद बड़ी गड़बड़ी :** इस अध्ययन की सबसे खास बात यह है कि इसमें हर जगह सतर्क अनुमान लगाए गए। नए मतदाताओं की रजिस्ट्रेशन दर को 92.8त्न माना गया, जबकि वास्तविकता में यह इतनी अधिक नहीं होती। इसका सीधा मतलब है कि वास्तविक मतदाता संख्या और भी कम हो सकती थी।

इसी तरह पलायन के मामले में भी 2011 के बाद राज्य से बढ़ते पलायन को नज़रअंदाज़ किया गया। यदि उसे शामिल किया जाता, तो मतदाताओं की वास्तविक संख्या और घट जाती। इससे स्पष्ट होता है कि 13.69त्न फर्जी वोटरों का आंकड़ा सिर्फ न्यूनतम अनुमान है–असल में गड़बड़ी इससे भी अधिक गहरी हो सकती है।

**22 साल से सूची की गहन समीक्षा नहीं :** चौंकाने वाली बात यह है कि पश्चिम बंगाल में मतदाता सूची की अंतिम बार गहन समीक्षा 2002 में की गई थी। तब से अब तक 22 साल बीत चुके हैं, और सूची की ठीक से जाँच नहीं हुई। इतने लंबे समय में लाखों मृतकों के नाम, डुप्लीकेट पंजीकरण और पलायन कर चुके व्यक्तियों के नाम हटाए ही नहीं गए। यह सीधा संकेत देता है कि चुनावी प्रक्रिया में गंभीर लापरवाही या फिर जानबूझकर की गई हेराफेरी है।

**योजनाबद्ध तरीके से गड़बड़ी :** अध्ययन से यह भी संकेत मिलता है कि यह गड़बड़ी आकस्मिक नहीं, बल्कि योजनाबद्ध तरीके से की गई है। जिन जिलों में तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) को चुनावी चुनौती का सामना करना पड़ रहा था, वहाँ फर्जी वोटरों की संख्या सबसे ज्यादा बढ़ाई गई। इससे यह आशंका और गहरी हो जाती है कि यदि मतदाता सूची को शुद्ध नहीं किया गया, तो इन फर्जी नामों का उपयोग चुनावी परिणामों को प्रभावित करने के लिए किया जा सकता है। यह लोकतंत्र की आत्मा पर सीधा हमला है।

**नाबालिग और गैर-निवासियों के नाम भी शामिल :** रिपोर्ट में यह पाया गया कि हजारों नाबालिगों के नाम मतदाता सूची में मौजूद हैं। वहीं, कई ऐसे लोग जो वर्षों से राज्य में रहते ही नहीं, उनके नाम भी अब तक सूची में दर्ज हैं। कई इलाकों में तो मतदाताओं की संख्या वास्तविक जनसंख्या से भी अधिक पाई गई। यह स्पष्ट प्रमाण है कि डेटा-आधारित हेराफेरी सुनियोजित ढंग से की गई है।

**राजनीतिक रणनीति के संकेत :** अध्ययन और आँकड़े साफ दिखाते हैं कि यह सिर्फ प्रशासनिक लापरवाही नहीं, बल्कि टीएमसी सरकार की सुनियोजित रणनीति का हिस्सा है। इसमें स्थानीय प्रशासन और बूथ स्तर के अधिकारियों की भूमिका भी संदिग्ध मानी गई है। असंख्य इलाकों में मतदाताओं की असामान्य वृद्धि ममता बनर्जी की वोट बैंक राजनीति की ओर इशारा करती है। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) लगातार कहती रही है कि पश्चिम बंगाल में ÷फ्री एंड फेयर इलेक्शन÷ यानी स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव संभव नहीं है। यह अध्ययन भाजपा के आरोपों को सही साबित करता है और ममता सरकार की चुनावी साजिश को उजागर करता है।

**समाधान क्या है? :** भाजपा का मानना है कि पश्चिम बंगाल में तत्काल स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (स्ङ्कक्र) होना चाहिए। इसमें घर-घर जाकर जाँच की जाए, मृतकों के नाम हटाए जाएँ, डुप्लीकेट पंजीकरण को बाहर किया जाए। इसके साथ ही मतदाता सूची को आधार कार्ड, जन्म-मृत्यु रजिस्ट्रेशन और पलायन रिकॉर्ड से जोड़ा जाना चाहिए।

आधुनिक तकनीक और एल्गोरिदम की मदद से फर्जी नामों की पहचान की जा सकती है। यदि ऐसा होता है तो चुनावी प्रक्रिया की पारदर्शिता और लोकतंत्र पर जनता का विश्वास और मजबूत होगा।

**केवल बंगाल की समस्या नहीं :** यह समस्या सिर्फ पश्चिम बंगाल तक सीमित नहीं है। बिहार, झारखंड और ओडिशा जैसे राज्यों में भी मतदाता सूची में गड़बड़ियों के मामले सामने आते रहे हैं। यदि पूरे देश में इसी मॉडल से मतदाता सूची की समीक्षा शुरू की जाए तो लोकतंत्र की जड़ों को और मज़बूती मिलेगी और जनता का भरोसा चुनावी प्रक्रिया पर कायम रहेगा।

पश्चिम बंगाल की मतदाता सूची फर्जी नामों से भरी हुई है। यह न केवल चुनावी प्रक्रिया बल्कि लोकतंत्र के लिए भी गंभीर खतरा है। अध्ययन यह साबित करता है कि यहाँ 1.04 करोड़ से अधिक फर्जी वोटर हैं और वास्तविकता इससे कहीं अधिक भयावह हो सकती है।

भारतीय जनता पार्टी इस मुद्दे को लगातार जनता के बीच ले जा रही है और चुनावों की शुचिता व पारदर्शिता की लड़ाई को और मज़बूत करने का प्रयास कर रही है। लोकतंत्र तभी सुरक्षित रह सकता है जब मतदाता सूची पूरी तरह शुद्ध और सटीक हो। पश्चिम बंगाल का उदाहरण हमें यह चेतावनी देता है कि यदि इस पर तुरंत और कठोर कार्रवाई नहीं हुई तो लोकतंत्र की नींव ही हिल सकती है।

**( लेखक दिल्ली में पत्रकारिता में सक्रिय और राजनीतिक विश्लेषक हैं )**

# जैन धर्म का सर्वाधिक महत्वपूर्ण त्योहार दशलक्षण पर्व

## उत्त्तम क्षमा से क्षमावाणी तक की यात्रा

**एमपी जैन**

10 दिवसीय पर्युषण पर्व दिगंबर जैन धर्मावलंबियों के लिए ÷दश-लक्षण पर्व÷ के रूप में मनाया जाता है और यह त्याग व आत्म-शुद्धि का एक उत्सव है। इसकी शुरुवात उत्तम क्षमा से होती है तथा दस दिनों बाद इसकी पूर्णाहुति ÷उत्तम क्षमा÷ यानी क्षमा याचना के साथ होती है, जहाँ सभी जैन एक-दूसरे से पिछले वर्ष की गलतियों की क्षमा मांगते हैं।

*यात्रा का सार*

यह पर्व आंतरिक शुद्धि की एक यात्रा है, जिसमें पहले दस दिनों में विभिन्न धार्मिक गतिविधियों, व्रतों और उपवासों के माध्यम से कर्मों को दूर करने और नए कर्मों पर नियंत्रण पाने का प्रयास किया जाता है। अंत में, क्षमावाणी के दिन, जैन धर्मावलंबी सभी व्यक्तियों से दिल से क्षमा मांगते हैं, जिससे आत्मा को शांति मिलती है।

पर्यूषण पर्व, जैन समाज का एक महत्वपूर्ण पर्व है. दिगंबर जैन धर्मावलंबी भाद्रपद मास में पर्यूषण पर्व मनाते हैं. 10 दिन तक चलने वाले इस पर्व को %दसलक्षण% कहते हैं.

जैन धर्म के दस लक्षण होते है। जैन धर्म के दस लक्षण इस प्रकार हैः-

1) उत्तम क्षमा, 2) उत्तम मार्दव, 3) उत्तम आर्जव, 4) उत्तम शौच, 5) उत्तम सत्य, 6) उत्तम संयम, 7) उत्तम तप,8) उत्तम त्याग, 9) उत्तम अकिंचन्य, 10) उत्तम ब्रहमचर्य।

इन दस दिनों में श्रावक अपनी शक्ति अनुसार व्रत-उपवास आदि करते है तथा ज्यादा समय भगवान की पूजा-अर्चना में व्यतीत करते है।

दसलक्षण पर्व पर श्रद्धालु दस धर्मों को धारण करते हैं।

उत्तम क्षमा ः- मनुष्य को क्षमा धारण करना चाहिए . क्रोध पर विजय प्राप्त करने का उपाय क्षमा है. यह पर्व अपने आपमें ही क्षमा का पर्व है। इसलिए जिस किसी से भी बैरभाव है, उससे शुद्ध हृदय से क्षमा मांग कर मैत्रीपूर्ण व्यवहार करें।

उत्तम मार्दव ः- अहंकार पर विजय पाना ही मार्दव धर्म है. व्यक्ति के लिए यह आवश्यक है की वह अहंकार को त्याग कर दूसरों के प्रति विनम्रता के साथ मृदुता का आचरण करे। साधारण दृष्टि से मार्दव का अर्थ है मृदु ,शिष्ट एवं विनम्र व्यहार।

उत्तम आर्जव ः- मनुष्य का सरल एवं सीधा स्वभाव ही आर्जव धर्म है. सरल व्यक्ति के भीतर किसी तरह का छल-कपट नहीं होता है . आर्जव धर्म द्वारा अपने भीतर मौजूद छल कपट पर विजय प्राप्त करते है। मानव धर्म ऐसा होना चाहिय की जो वह बोले वही करे। मुंह में राम बगल में छूरी नहीं होनी चाहिए। आर्जव व्यक्ति के चरित्र एवं व्यवहार को निष्कपट बनाता है।

उत्तम शौच ः- शौच धर्म द्वारा लोभ लालच पर विजय पाएं. शौच धर्म पवित्रता का प्रतीक है। यह पवित्रता संतोष के माध्यम से आती है। व्यक्ति शौच धर्म के द्वारा लोभ पर विजय प्राप्त करता है। आत्मा को निर्मल ,पवित्र एवं शुद्ध बनाने की प्रेरणा उत्तम शौच धर्म देता है। शौच धर्म का अर्थ शरीर की शुद्धता नहीं बल्कि आत्मा की शुद्धता होती है।

उत्तम सत्य ः- जब व्यक्ति क्रोध, अहंकार, माया-चारी एवं लोभ को नियंत्रित कर लेता है, तो सहज ही उसके जीवन में सत्य का अवतरण होता है। सत्य को धारण करने वाला हमेशा अपराजित, सम्माननीय एवं श्रद्धेय होता है. सत्य आचरण के बिना आत्म शुद्धि असंभव है। सत्य ही आत्मा का धर्म है। जो मनुष्य तप एवं साधना के द्वारा सत्य को प्राप्त कर लेता है वह अपनी आत्मा पर विजय प्राप्त कर सकता है।

उत्तम संयम ः- संयम ही संतुलित जीवन का आधार है. अगर मनुष्य में संयम नहीं हो तो मनुष्य पशु की तरह व्यवहार करने लगता है . मनुष्य को अपने पाँचों इन्द्रियों पर संयम रखना चाहिए. मानव जीवन में संयम है तो उसका जीवन भी संतुलित रहेगा. आध्यात्मिक दृष्टि से संयम आत्मा का गुण है। आत्म नियंत्रण से मनुष्य की मानसिक शक्ति बढ़ती है, उसके चरित्र का निर्माण होता है तथा व्यक्तित्व का विकास होता है।

उत्तम तप ः- उत्तम तप से मतलब है कि अपने आप को तपाना . इच्छाओं का निरोध करना तप है। तप द्वारा सांसारिक विषय भोगों की अभिलाषा से विरक्त हुआ जा सकता है। पांच इन्द्रियों एवं मन को वश में करना या बढ़ती हुई लालसाओं , इच्छाओं को रोकना तप है। सामान्य अर्थ में तप का अर्थ शरीर को कष्ट देना है. यह तप का शारीरिक अथवा वाह्य पक्ष है। आत्मिक दृष्टि से तप आत्मा के दोषों को निर्मूल करके उसे निर्मल बनाना है.

उत्तम त्याग ः- त्याग से ही जीवन में संतोष एवं शान्ति आती है. आध्यात्मिक दृष्टि से साधना की अवस्था में ÷त्याग का अर्थ भोगों एवं परिग्रहों का त्याग है। तप की अग्नि में विकारों को जलाना त्याग है। त्याग के पालन से व्यक्ति के जीवन में संतोष एवं शान्ति का पोषण होता है। दया एवं सेवा की भावना का विकास होता है। उसका चित्त उदार बनता है। त्याग का अहंकार नहीं करे बल्कि अहंकार का त्याग करे।

उत्तम अकिंचन्य ः- आकिंचन्य से हर्ष एवं विषाद में सुख दुःख की स्थिति से मुक्ति होता है. आकिंचन्य शब्द का अर्थ है जिसके पास कुछ भी न हो। खाली होने का नाम हीं आकिंचन्य है। इसे ही 'उत्तम आकिंचन्य धर्म' कहा गया है।

उत्तम ब्रहमचर्य ः- ब्रह्मचर्य धर्म के पालन से शरीर दृढ़ एवं ज्ञान में वृद्धि होती है. ब्रह्मचर्य शब्द का अर्थ है संसार के इन्द्रियों के विषय और कषायों(बुरी आदतें) के , साथ तन के राग का त्याग कर अपनी ब्रह्म स्वरुप आत्मा में रमण करना ही उत्तम ब्रह्मचर्य धर्म है। ब्रह्म स्वरुप आत्मा की चर्या का नाम ब्रह्मचर्य है। आत्मिक सुख भोगना ,प्रसन्न रहना ही ब्रह्मचर्य है। ब्रह्मचर्य धर्म के पालन से शरीर दृढ़ एवं ज्ञान की वृद्धि होती है।

यह पर्व आंतरिक शुद्धि की एक यात्रा है, जिसमें पहले दस दिनों में विभिन्न धार्मिक गतिविधियों, व्रतों और उपवासों के माध्यम से कर्मों को दूर करने और नए कर्मों पर नियंत्रण पाने का प्रयास किया जाता है। अंत में, क्षमावाणी के दिन, जैन धर्मावलंबी सभी व्यक्तियों से दिल से क्षमा मांगते हैं, जिससे आत्मा को शांति मिलती है।

इस तरह पर्युषण (दशलक्षण) पर्व की शुरुआत क्षमा के साथ होती है और पर्युषण पर्व की समाप्ति के बाद क्षमावाणी पर्व के साथ यह समाप्त होता है।

( लेखक वरिष्ठ समाजसेवी , स्वतंत्र पत्रकार और विभिन्न सामाजिक संगठनों में प्रमुख पदों पर हैं )

# ट्रम्प, ट्रेड टैरिफ और टेररिज्म

**प्रशांत शेखर**

अमेरिक के प्रेसिडेंट डोनाल्ड ट्रम्प ने पुरे विश्व को ट्रेड टैरिफ के आग में झोंक दिया है. जिसके कारन पुरे विश्व के शेयर बाजार में सबसे पहले एक गिरावट और उसके बाद सतर्कता के साथ एक सिमित दायरे में कारोबार करने पे मजबूर कर दिया है जिससे विश्व भर के निवेशको में काफी रोस है. विगत 15 - 20 वर्षो से भारत और अमेरिका के सम्बन्धो में काफी मजबूती और भरोसा बढ़ रहा था किन्तु कुछ महीनो के भीतर अमेरिका ने ये फिर से साबित कर दिया की वो भरोसे के लायक है ही नहीं। अब भारत भी कदम काफी फुक-फुक के रख रहा है. आइये हम आपको टैरिफ वॉर को और इससे होने वाले फायदे और नुकसान को समझाते है.

क्या होता है ट्रेड टैरिफ ? यह एक प्रकार का कर या शुल्क है जो सरकारें एक देश में आयातित या निर्यातित वस्तुओं और सेवाओं पर लगाती हैं, और यह अंतरराष्ट्रीय व्यापार बाधाओं में से एक है। इसका मुख्य उद्देश्य आयातित उत्पादों को महंगा बनाकर घरेलू उत्पादकों की रक्षा करना और सरकार के लिए राजस्व उत्पन्न करना होता है।

इससे एक देश दूसरे देश से व्यापर घाटे को कम करने की कोसिस करता है. किन्तु इस कोसिस से ज्यादा ट्रम्प इसे एक शस्त्र की तरह इस्तेमाल करके दूसरे देशों को धमकाने की कोसिस कर रहे है. खुद अमेरिक के बड़े बड़े थिंक टैंकर और अर्थशास्त्री इन्हे ऐसा करने से मना कर रहे है. खाई ऐसा न हो जाय की ये बैक फायर करदे।

इससे खुद अमेरिका में महंगाई बढ़ेगी और रोजगार के संकट बढ़ेंगे। अमेरिका की वित्तीय स्तिथि अच्छी नहीं चल रही है। अमेरिका के ऊपर उसके जीडीपी से ज्यादा डेब्ट है। अगस्त 2025 के आँकड़ों के अनुसार, अमेरिका का राष्ट्रीय ऋण लगभग 37 ट्रिलियन है, जो कि उसकी जीडीपी से अधिक है, लगभग 122 प्रतिशत से 124 प्रतिशत तक। यह स्थिति पिछले कई दशकों से बनी हुई है और भारत सहित कई अन्य देशों की तुलना में अमेरिका का कर्ज अनुपात बहुत ज़्यादा है। भारत के लिए इस आपदा में अवसर है ? वर्तमान में ट्रम्प के रुख ने भारत को ये सोचने पे विवस कर दिया है की किसी भी एक देश पे ज्यादा निर्भरता ठीक नहीं है। भारत के प्रधानमंत्री ने इसे बखूबी समझ भी लिया है और अमेरिका से होने वाले नुकसान की भरपाई चीन, रूस, साउथ अफ्रीका, यूरोप और अन्य देशो से करने की रणनीति बनाने में जूट गया है। प्रधानमंत्री मोदी 29 अगस्त से 1 सितम्बर जापान और चीन के दौरे पे रहेंगे।

# आम जीवन सरल बनाने में मदद कीजिए

**मेल आनी चाहिए। किंतु ऐसा हो नहीं रहा। वैसे प्रत्येक ट्रांजेक्शन के मैसेज आते रहते हैं। केबाईसी कराना है, इसका पता तब चलता है जब खातेधारक के चैक का भुगतान रोक दिया जाता है। वह पेमेंट नहीं कर पाता। भुगतान रोकने के कारण चैक जारी करने वाले पर संबधित बैक या सस्थाएं चार सौ से आठ सौ रूपये तक का जुर्माना लगा देती है। मैंने पिछले साल ओरियंटल इंशोरेंस कंपनी को अपनी मेडिक्लेम पोलिसी के लिए चैक दिया। चैक बैंक गया तो भुगतान रूक गया। मैं बैंक गया। बैंक प्रबंधक ने खाता देखकर कहा कि खाता आपका जारी है।**

**(अशोक मधुप)**

अभी तक बैंक खाते चालू रखने के लिए केवाईसी करानी थी। अब बिजली विभाग के मैसेज आ रहे हैं, कि अपने कनेक्शन की ईकेवाईसी कराइए। आज जहां चारों ओर धोखे का जाल फैला है। ठग आपको फंसाने में लगे हैं, ऐसे में किस मैसेज को सही माना जाए, किसे गलत यह कैसे पता चले।

सरकारों का काम आदमी के जीवन को सरल बनाना है। तकनीक के माध्यम से उसे ऐसी सुविधांए देना है कि वह परेशान न हो, किंतु भारत में हो इसके विपरीत रहा है। उन्हें अलग?अलग काम के लिए थोड़ी? थोड़ी बात के लिए परेशान किया जा रहा है। उनके जीवन को दुरूह किया जा रहा है।

आज सबसे बड़ी परेशानी हैं बैंको में जाकर खाते की केवाईसी कराने की। बैंकों की केवाईसी के नाम पर बैंक खाताधारक को परेशान किया जा रहा है। हालत यह है कि केवाईसी करानी है, इसकी उसे सूचना भी नहीं मिलती। उसे उसके लिए बैंक की ओर से मैसेज भी नहीं आता।

मेल आनी चाहिए। किंतु ऐसा हो नहीं रहा। वैसे प्रत्येक ट्रांजेक्शन के मैसेज आते रहते हैं। केबाईसी कराना है, इसका पता तब चलता है जब खातेधारक के चैक का भुगतान रोक दिया जाता है। वह पेमेंट नहीं कर पाता। भुगतान रोकने के कारण चैक जारी करने वाले पर संबधित बैक या सस्थाएं चार सौ से आठ सौ रूपये तक का जुर्माना लगा देती है। मैंने पिछले साल ओरियंटल इंशोरेंस कंपनी को अपनी मेडिक्लेम पोलिसी के लिए चैक दिया। चैक बैंक गया तो भुगतान रूक गया। मैं बैंक गया। बैंक प्रबंधक ने खाता देखकर कहा कि खाता आपका जारी है। चैक का भुगतान कैसे रूका पता नहीं। उनके एक स्टाफ ने देखकर बताया कि खाता बंद किया हुआ है। बैंक प्रबंधक ने कहा कि अब सब कंप्यूटराइज है। हमें पता नहीं चलता और खुद जाता है। बैंक स्टाफ के पता है या नहीं। इससे खाताधारक को क्या लेना। मेरे से तो इंश्योरेंस कंपनी ने चैक डिस ओनर होने के छह सौ रूपये अतिरिक्त वसूल लिए। मुझे तो फालतू का छह सौ रूपये का दंड़ पड़ गया।

अभी लाकर आपरेट करने बैंक जाना पड़ा तो बैंक स्टाफ ने कहा कि इसकी केवाईसी कराइये। हमने कहा कि अभी खाते की तो कराई है। उनका कहना था कि बैंक लॉकर की भी करानी है। लॉकर बैंक के खाते से जुड़ा है, यह बताने पर भी बैंक कर्मी नहीं माने। यदि आपके पास चार?पांच बैंक खाते हैं तो प्रत्येक दो साल से केवाईसी कराने जरूर जाना होगा।



अभी तक बैंक खाते चालू रखने के लिए केवाईसी करानी थी। अब बिजली विभाग के मैसेज आ रहे हैं, कि अपने कनेक्शन की ईकेवाईसी कराइए। आज जहां चारों ओर धोखे का जाल फैला है। ठग आपको फंसाने में लगे हैं, ऐसे में किस मैसेज को सही माना जाए, किसे गलत यह कैसे पता चले। अभी परिवहन विभाग का मैसेज आया है कि आधार आथोराइजेशन माध्यम से अपने ड्राइविंग लाइसेंस पर अपना मोबाइल नंबर अपडेट कराइए। समझ नही आ रहा कि क्या?क्या कराएं। हम पर ये सब करना नहीं आता। इसका मतलब ये की रोज जनसेवा केंद्र पर जाइये। लाइन में लगिए और पैसा भी दीजिए। लगता है कि कहीं ये जनसेवा केंद्र की आय बढ़ाने के लिए तो नहीं किया जा रहा।

अभी पिछले दिनों आदेश आया कि अपना आधार कार्ड प्रत्येक दस साल में अपडेट कराना है। मैं छोटे शहर में रहता हूं। यहां कि आबादी दो लाख के करीब है। पूरे शहर में आधार कार्ड अपडेट कराने का एक ही सेंटर है। मुख्य डाकघर। उसमें आधार कार्ड बनवाने वालों की सवेरे आठ बजे से लाइन लग जाती है। हम 75 साल से ऊपर के पति?पत्नी कैसे उस लाइन में लगें, ये कोई सोचने और बताने वाला नहीं है। दूसरे केंद्र का दरवाजा खुलने पर इस तरह धक्का-मुक्की होती है कि हम लाइन में लगे तो हाथ?पांव तुड़ाकर जरूर अस्पताल जाएंगे।

केद्र सरकार / रिजर्व बैंक को आदेश करना चाहिए कि बैंक अपने यहां अतिरिक्त स्टाफ रखे। उसके कार्य सिर्फ खाते धारकों से समय लेकर उनके खातों की केवाईसे कराना हो। सरकार जिस तरह वोट बनवाती है। वोटर का वेरिफिकेशन कराती है। उसी तरह से केवाईसी कराई जाए। इसके बैंक खाता धारकों को सुविधा होगी। केवाईसी कराने के लिए रखे जाने वाले युवाओं को रोजगार मिलेगा। यही काम राज्य की बिजली कंपनी कर सकती हैं। विभागीय मीटर रीडर माह में एक बार रीडिंग लेने उपभोक्ता के घर जाते हैं। वे ही उपभोक्ता से केवाईसी के पेपर लेले। मीटर रीडर को उपभोक्ता जानते हैं उन्हें पेपर देते किसी उपभोक्ता को परेशानी भी नहीं होगी। मीटर रीडर आफिस आकर इस कार्य में लगे स्टाफ को पेपर देकर केवाईसी कराए। हो यह रहा है कि संबधित विभाग बैंक/ बिजली अपना कार्य उपभोक्ता पर डाल उसके जीवन को कठिन बना रहे हैं, जबकि उन्हे अपने ग्राहकों को सुविधांए देनी चाहिए थीं। ऐसा ही आधार कार्ड अपडेट कराने के लिए व्यवस्था की जानी चाहिए। हां इसके लिए उपभोक्ता से थोड़ा बहुत चार्ज लिया जा सकता है। अभी एक मैसेज आया कि आपका इन्कमटैक्स का रिटर्न स्वीकार कर लिया गया है। मैंने अभी रिटर्न भरा नहीं, सो ये मैसेज बेटे को भेज दिया कि शायद उसने रिटर्न भरा हो। उसका जबाब आया कि पापा इस मैसेज के लिंक पर क्लिक मत करना। ये गलत लगता है।

आज सबसे बड़ी समस्या है कि सही और गलत का कैसे तय हो। किसी न किसी तरह धोखे में लेकर रोज हजारों व्यक्ति रोज ठगे जा रहे हैं। इससे कैसे बचा जाए? ऐसे हालात में जीवन दुरूह होता जा रहा है। केंद्र और राज्य सरकारों को आम आदमी का जीवन को सरल बनाने के लिए काम करना चाहिए। (लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं) (इस लेख में लेखक के अपने विचार हैं।)

# मतदाताओं को जागरूक करने के उद्देश्य से इवीएम का दिया गया प्रशिक्षण

## 18 अगस्त से 10 सितंबर तक चलेगा प्रशिक्षण कार्यक्रम

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**आरा।** भोजपुर जिले के बड़हरा प्रखंड अंतर्गत सेमरिया उत्क्रमित मध्य विद्यालय में भारत चुनाव आयोग के निर्देश पर मतदाता को जागरूक करने के उदेश्य से एक डेमो वाहन भेजा गया है। जो मतदाताओ को मतदान के पूर्व मतदाता को जागरुक किया जा सके। सोमवार को कर्मी चिन्हित स्थलों पर पहुचकर मतदाता को जागरुक करने का कार्य पूर्व में प्रारंभ कर चुके है। इसमे कर्मियो द्वारा वोटिंग मशीन (वीवी पैट) से लोगों के बीच अच्छी तरह से जानकारी दी जा रही है। ये कर्मी मतदाताओं को मतदान करते समय उनके बीच किसी प्रकार की परेशानी व शंका न हो। इसको लेकर कंट्रोल मशीन, वीवी पैट, ईवीएम को बड़हरा प्रखंड के सेमरिया गांव स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय में बीएलओ पर्यवेक्षक उमेश कुमार सुमन की मौजूदगी में अन्य कर्मी प्रशिक्षण देने का कार्य कर रहे थे। यह प्रशिक्षण भोजपुर जिले में 18 अगस्त से 10 सितंबर 2025 तक चलेगा। जहां मतदाता ईवीएम व वीवी पैट मशीन से विश्वास के साथ परिचित होंगे। इसके लिए भारत निर्वाचन आयोग ने बूथ संख्या 110 से 112 तक ईवीएम को भेज कर प्रशिक्षण दे रहा है। इन बूथों पर प्रशिक्षक संतोष कुमार सिंह व नंद जीत कुमार थे। वहीं बीएलओ में राजकुमार सिंह, मो आकिब हुसैन, मो मेहताब आलम, पवन कुमार व रमेश कुमार सिंह विद्यालय में मौजूद थे। इस दौरान क्षेत्र के फरना गांव से 10, लौहर बुजुर्ग से 10, बिराहीपुर करजा से 10, पड़रिया से 25, सेमरिया गांव से 18 मतदाता वोटिंग करने के पूर्व ईवीएम का प्रशिक्षण लिए। वही केशोपुर के मतदाता थोड़ी देर में पहुंचने वाले थे। इसके बाद अगले दिन अन्य बूथों पर टीम प्रशिक्षण देने के लिए जायेगी।

### बीएलओ की बैठक में दी गई कई जानकारी

**नावकोठी।** प्रखंड के विमर्श कक्ष में मंगलवार को बखरी एवं चेरिया बरियारपुर विधानसभा क्षेत्र से जुड़े प्रखंड के सभी बीएलओ की बैठक आयोजित की गयी। इसकी अध्यक्षता सहायक निर्वाची अधिकारी चिरंजीव पांडे ने किया। उन्होंने बताया कि निर्वाचन विभाग द्वारा युद्ध स्तर पर विशेष मतदाता पुनरीक्षण कार्यक्रम जारी है। 99 फीसदी पुनरीक्षण का कार्य पूर्ण हो चुका है। चुनाव आयोग के द्वारा निर्धारित 11 दस्तावेजों में किसी एक दस्तावेज ही मतदाताओं से प्राप्त करना है। मृत मतदाता, दोहरी प्रविष्टि वाले मतदाता एवं अनुपस्थित पाए जाने वाले मतदाताओं पर विशेष रूप से ध्यान देने का निर्देश दिया। विभिन्न राजनीतिक दल के द्वारा दावा आपत्ति के निस्तारण पर भी चर्चा की गयी। लिंगानुपात को पाटने और महिला मतदाताओं को प्राथमिकता के आधार पर मतदाता सूची में नाम दर्ज करने की निर्देश दिया। सभी प्राप्त अनलाइन या ऑफलाइन आवेदन का प्रपत्र 12, 13 और 14 में नोटिस निर्गत करने, नोटिस के तामिला और उसके निष्पादन पर चर्चा की गई। इस अवसर पर विभाकर कुमार, रविंद्र कुमार, धर्मशील कुमार, एहतेशामुल हक, साकेत कुमार, राहुल कुमार, संतोष कुमार, रंजीत कुमार, पंकज कुमार, मो इमरान, महबूब आलम, अमित कुमार, देवेंद्र कुमार आदि मौजूद थे।

# अब हर घर से वसूला जाएगा 30 रुपए यूजर चार्ज, पंचायत स्तर पर होगी सख्त निगरानी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**जगदीशपुर/भोजपुर।** जगदीशपुर प्रखंड मुख्यालय स्थित सूचना प्रौद्योगिकी भवन के सभागार में सोमवार को प्रखंड के सभी 20 पंचायतों के पंचायत सचिव, आवास सहायक एवं स्वच्छता पर्यवेक्षकों की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड विकास पदाधिकारी (बीडीओ) क्रांति कुमार ने की, जबकि स्वच्छता समन्वयक अनिल कुमार भी मौजूद रहे। बैठक में डोर-टू-डोर कचरा उठाव व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाने पर विस्तार से चर्चा की गई। बीडीओ ने निर्देश दिया कि पंचायत क्षेत्र के प्रत्येक गृहस्वामी से प्रति माह 30 का यूजर चार्ज अनिवार्य रूप से लिया जाए। इसके लिए पंचायत कर्मियों को गांव-गांव जाकर लोगों को विभागीय दिशा-निर्देशों से अवगत कराने तथा समय पर शुल्क जमा करने के लिए प्रेरित करने का दायित्व सौंपा गया।साथ ही आवास योजना के अंतर्गत घर पूर्ण करने वाले लाभुकों से एक वर्ष का यूजर चार्ज अग्रिम रूप से जमा कराने का निर्देश भी आवास सहायकों को दिया गया। बीडीओ ने कहा कि स्वच्छता व्यवस्था को सफल बनाने के लिए पंचायत स्तर के कर्मियों की सक्रिय भागीदारी आवश्यक है। तभी पंचायतों को स्वच्छ और व्यवस्थित बनाया जा सकेगा। बैठक में आवास पर्यवेक्षक रिपु दमन, संतोष कुमार सिंह, रंजीत कुमार झा, संजीव कौशिक, महेंद्र राम, राकेश पासवान, उमेश कुमार सिंह, अरविंद कुमार सिंह, संजय कुमार तिवारी समेत अन्य पंचायत कर्मी उपस्थित रहे।

# वोटर लिस्ट में हर हिंदुस्तानी नागरिक का नाम अनिवार्य रूप से हो दर्ज : आरिफ सिद्दीकी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अररिया।** जमीयत उलेमा हिंद (गुजरात) के वरीय सदस्य वो मदरसा दारुल उलूम फैज ए रहमानी, मदनी नगर, बीरनगर बिशरया, भरगामा के संस्थापक अध्यक्ष सह नाजिम मुफ्ती मोहम्मद आरिफ सिद्दीकी साहब ने राज्य के लोगों से अपील करते हुए कहा के वोटर लिस्ट में नाम दर्ज रहना हर नागरिक का अधिकार और संवैधानिक दायित्व है। यह अधिकार सिर्फ एक लोग (फर्द) की जरूरत नहीं, बल्कि लोकतंत्र की अस्तित्व और समाज की तरक्की की अमानत है। इसलिए हर नागरिक को इस सिलसिले में विशेष रूप से ध्यान देनी चाहिए। उन्होंने देश के लोगों को ध्यानाकर्षण करते हुए कहा कि अगर किसी शख्स को यह मालूम हो कि उसका नाम उन लोगों की सूची में है, जिनके नाम वोटर लिस्ट से काट दिए गए हैं, तो वह जल्द से जल्द अपने आधार कार्ड की फोटो कॉपी के साथ संबंधित बीएलओ से मुलाकात करें और अपनी आवेदन जमा करा के दोबारा अपना नाम दर्ज कराए। इलेक्शन कमीशन ने अपने वेबसाइट पर बूथ वाइज उन लोगों की सूची अपलोड कर दी है।

# राजस्व महाअभियान शिविर में लोगों की समस्याओं का होगा त्वरित निपटारा : सीओ

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**एकमा (सारण)।** एकमा प्रखंड विभिन्न पंचायतों में आयोजित राजस्व महा अभियान शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। मंगलवार को आमडाढ़ी व असहनी पंचायत भवन पर आयोजित राजस्व महा अभियान शिविर को संबोधित करते हुए अंचल अधिकारी राहुल शंकर ने कहा कि सरकार की प्राथमिकता है कि जनता की समस्याओं का निपटारा समयबद्ध ढंग से किया जाए। उन्होंने कहा कि राजस्व एवं भूमि संबंधी शिकायतों को अब लोगों को अंचल कार्यालय के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे, बल्कि अभियान शिविर के माध्यम से समाधान स्थल पर ही उपलब्ध कराया जाएगा। वहीं सोमवार को देवपुरा व अतरसन पंचायतों में राजस्व महाअभियान शिविर आयोजित किया गया। जिसमें रैयतों की समस्याओं का समाधान किया गया। सीओ श्री शंकर ने बताया कि बंटवारा, नामजद, दाखिल-खारिज, अंचल निबंधन, जमीन विवाद, सीमांकन व भूमि रिकॉर्ड की अन्य समस्याओं को प्राथमिकता के साथ सुना और निपटारा किया जाएगा। उन्होंने उपस्थित ग्रामीणों से अपील की कि वे अधिक से अधिक संख्या में पहुंच कर शिविर का लाभ उठाएं और अपनी समस्याओं का निस्तारण कराएं। शिविर में मौके पर ही कई आवेदनों का निपटारा किया गया तथा लोगों को आवश्यक प्रमाणपत्र उपलब्ध कराए गए। ग्रामीणों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि अब उन्हें बार-बार प्रखंड सह अंचल कार्यालय के चक्कर लगाने से मुक्ति मिलेगी।

# एसडीएम व निर्वाचन पदाधिकारी ने की चुनावी तैयारियों की समीक्षा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**जगदीशपुर/भोजपुर।** 197-जगदीशपुर विधानसभा क्षेत्र में आगामी चुनावों की तैयारियों को लेकर विभिन्न स्तरों पर समीक्षा बैठकें आयोजित की गईं। इन बैठकों का नेतृत्व एसडीएम संजीत कुमार एवं निर्वाचन पदाधिकारी तौकीर करीम ने किया। पीरो प्रखंड स्थित बैठक में सभी बीएलओ (बूथ लेवल ऑफिसर) उपस्थित रहे। बैठक में प्राप्त दावा-आपत्ति के निष्पादन, दस्तावेज अपलोडिंग, 90+ एवं 100+ आयु वर्ग के मतदाताओं का सत्यापन, नये मतदाताओं के नामांकन, महिला और युवा वोटरों के पंजीकरण जैसे अहम बिंदुओं पर विशेष ध्यान दिया गया। इसी कड़ी में विधानसभा क्षेत्र के सभी सेक्टर पदाधिकारियों के साथ भी बैठक हुई। इसमें चुनाव पूर्व एवं चुनाव के दौरान उनके दायित्वों और जिम्मेदारियों पर विस्तार से चर्चा की गई। अधिकारियों को चुनाव संबंधी विभिन्न मोबाइल एप्स के प्रयोग की जानकारी दी गई, साथ ही ईवीएम (EVM) की तकनीकी जानकारी भी विस्तारपूर्वक साझा की गई।

## एक नजर

### पति की लंबी उम्र के लिए महिलाओं ने रखा तीज व्रत

**नावकोठी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** प्रखंड के विभिन्न पंचायतों में सुहागिन महिलाओं के अखंड सौभाग्य का प्रतीक पर्व तीज हरतालिका हर्ष व उल्लास से मनाया गया। सोमवार को सुहागिनों ने नहाय खाय का व्रत रखा तथा मंगलवार को हरतालिका तीज का निर्जला उपवास रखकर पूजा अर्चना की। चूकि यह पर्व हर वर्ष भाद्रपद माह के शुक्ल पक्ष तृतीया तिथि को मनाया जाता है। इस व्रत के करने से भगवान शिव और माता पार्वती का आशीर्वाद प्राप्त होता है और जीवन के सभी कष्ट दूर होते हैं। हरतालिका तीज का पर्व भगवान शिव और माता पार्वती के अटूट रिश्तों को ध्यान में रखकर किया जाता है। इस दिन सुहागिन महिलाएं 16 श्रृंगार करके पूजा अर्चना करती हैं और अखंड सौभाग्य का आशीर्वाद प्राप्त करती हैं। साथ ही फिर हरतालिका तीज की कथा सुनती हैं। हरतालिक तीज की कथा सुनने व पढ़ने मात्र से भगवान शिव और माता पार्वती का आशीर्वाद प्राप्त होता है। सुख-शांति और समृद्धि में वृद्धि होती है। यह कथा बहुत पवित्र मानी जाती है। नव विवाहिताओं ने धूमधाम से इस व्रत को रखा। रातभर जागरण कर शिव पार्वती की पूजा अर्चना की। भक्ति संगीत से रात भर माहौल भक्तिमय हो गया।

### तटबंध टूटने से धान की फसल जलमग्न, किसान परेशान



**दनियावां (पटना) (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** फल्गु की सहायक बरसाती नदी लोकाईन, महतमाईंन, भुतही, धोबा में तेज उफान आने से दनियावां प्रखंड में बाढ़ का प्रकोप गहरा हो गया है।दनियावां के सिंगरियावां पंचायत के जीवनचक-चकरज्जा गांव के बीच चकरिवा खंधा में महतमाईंन नदी का पूर्वी तटबंध टूटने से सैकड़ों एकड़ में लगी धान की फसल डूब गई।किसानों के मेहनत पर पानी फिर गया। चकरज्जा गांव के दर्जनों घरों में बाढ़ का पानी घुस जाने से ग्रामीण परेशान हैं। खरभैया पंचायत के सरथुआ पारी खंधा, भुतही कुआं खंधा, ढोभरा में बाढ़ का पानी ओभरफ़्लो करने से करीब 100 बीघा में धान की परिपक्व होती खड़ी फसल डूब गई। इस गांव में शिवपुरी स्थल, कालीस्थान परिसर, पुस्तकालय और रेलवे लाइन अंडरपास में काफी पानी भर गया है।ग्रामीणों को बाहर मुख्य रास्ते पर आवागमन और निकास अवरुद्ध हो गया है। जीवनचक कबीरमठ परिसर,प्राथमिक विद्यालय मद्दारीचक में बाढ़ का चार-पांच फीट पानी जमा है। तोप गांव में लाखों की लागत से नवनिर्मित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में बाढ़ का पानी घुस जाने से कई मशीनों के खराब होने की आशंका है। किसानों ने प्रखंड को बाढ़ ग्रसित घोषित कर मुआबजे की मांग की है।

# बासवाड़ी से नवजात बच्ची बरामद, बाल संरक्षण इकाई ले गई आरा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**आरा।** कलयुगी एक मां ने बच्ची को जन्म दिया और लोकलाज के डर से चुपके से एक झाड़ीनुमा बासवाड़ी में मरने के लिए फेंक दिया। लेकिन मारने वाले से बचाने वाले का हाथ बहुत बड़ा होता है। यही हुआ एक ग्रामीण चिकित्सक के अथक प्रयास से नवजात को बचा लिया गया। यह घटना भोजपुर जिले के बड़हरा प्रखंड के पकड़ी पंचायत के अभुलाल के टोला स्थित बांसवाड़ी से एक नवजात लवारिस हालत में बरामद हुई। मंगलवार दोपहर की घटना सुनते ही लोगो की भीड़ एकत्रित हो गई। नवजात को कपड़ा में लपेटकर फेंका गया था। जिसपर चिटियों का झूंड हमला कर दिया था। बच्ची खुन से लथपथ थी। सड़क व बांसवाड़ी के बगल में नीजि क्लिनिक चला रहे ग्रामीण चिकित्सक डा मृत्युंजय कुमार ने बच्ची का इलाज किया। बच्ची स्वस्थ्य थी। बताया जा रहा कि क्लिनिक वाले मकान में कुछ मजदुर पेंटिंग का काम कर रहे थे। एक मजदुर उत्तर प्रदेश के बलिया तहसील क्षेत्र के जगदीशपुर पानी टंकी निवासी चंदन महतो मंगलवार दोपहर करीब 12 बजे बासवाड़ी के समीप शौच करने गये। वर्तमान में चंदन सरैंया में रहकर मजदूरी करता है। जहां नवजात की रोने आवाज सुनी। जब नजदिक गये तब कपड़ा में लिपटी एक नवजात थी। तुरत उठाया और क्लिनिक में लेकर गये। डॉक्टर व उनकी पत्नी चंदा देवी बच्ची का साफ सफाई किया। उसके बाद कृष्णागढ़ थाना को सूचना दिया। पुलिस ने जिला बाल संरक्षण अंतर्गत चाईल्ड हेल्पलाइन आरा को नवजात बच्ची मिलने की सूचना दी। परियोजना समन्वयक लव कुमार, बाल संरक्षण आया ज्योति देवी के साथ कृष्णागढ थाना के एसआई सुधीर कुमार व संतोष कुमार, एएसआई धीरेंद्र कुमार स्थल पर पहुचें। नवजात बच्ची को इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल आरा ले गये। वही चिकित्सक दंपति द्वारा नवजात को गोद लेने की बार बार गुहार लगाया जा रहा था। टीम ने कानूनी प्रक्रिया का हवाला देकर बच्ची को साथ लेकर चले गये। नवजात बच्ची के जाते ही चिकित्सक की पत्नी चंदा देवी रोती बिलखती रही। उनके पति डा मृत्युंजय कुमार व उनकी पत्नी ने भोजपुर एसपी मिस्टर राज से संपर्क स्थापित कर बच्ची को गोद लेने का गुहार लगायी एसपी ने आश्वासन दिया है।

# नीतीश बने ओबीसी मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नावकोठी।** प्रखंड मुख्यालय के नीतीश जयसवाल को भाजपा ओबीसी मोर्चा बेगूसराय के जिला उपाध्यक्ष बनने पर भाजपा कार्यकर्ताओं मे खुशी की लहर है। भाजपा ओबीसी मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष बनाये जाने पर नीतीश जायसवाल ने कहा कि भाजपा के शीर्ष नेतृत्व एवं जिला नेतृत्व ने जिस तरह से मेरे जैसे साधारण कार्यकर्ता को सम्मान देने का काम किया है। उस उम्मीद और विश्वास पर हम हमेशा मजबूती से खरा उतरेंगे। देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा चलाए गए हर एक विकास कार्यो को जनता मालिक के समक्ष ले जाएंगे। इस अवसर केन्द्रीय मंत्री सह बेगूसराय के सांसद श्री गिरिराज सिंह जी, बिहार सरकार के खेल मंत्री श्री सुरेंद्र मेहता, भाजपा जिला अध्यक्ष राजीव वर्मा, भाजपा ओबीसी मोर्चा के जिलाध्यक्ष जनार्दन पटेल,बेगूसराय विधायक कुन्दन कुमार, मटिहानी विधायक राजकुमार सिंह, भाजपा के पूर्व राष्ट्रीय मंत्री सह पूर्व विधान परिषद रजनीश कुमार, जिला उपाध्यक्ष

#### कार्यकर्ताओं ने दी बधाई

मृत्युंजय कुमार वीरेश , जदयू जिला अध्यक्ष रूद्दल राय, लोजपा रामविलास के जिला अध्यक्ष प्रेम पासवान, बखरी विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी रामशंकर पासवान, मुखिया राष्ट्रपति कुमार बिट्टू, भाजपा प्रखंड अध्यक्ष मुकेश कुमार, जदयू प्रखंड अध्यक्ष मुकेश सिंह, लोजपा प्रखंड अध्यक्ष शंकर राय, गढपुरा प्रखंड अध्यक्ष कमल किशोर, बखरी नगर अध्यक्ष कामिनी कंचन, डंडारी अध्यक्ष विजय कुमार, बखरी ग्रामीण अध्यक्ष मनोज कुमार, भाजपा के मीनू राम, जदयू जिला महासचिव हरिनंदन कुमार, जदयू प्रदेश मीडिया सेल अर्चना कुमारी, विश्वनाथ दास, ललन गुप्ता, पंकज जयसवाल, राजा कुमार, शिलवंत सुदर्शन दीपक कानू, अभिषेक चौहान, जयशंकर भारती, धर्मेन्द्र भारती, कर्मशील गौतम, देवेन्द्र प्रसाद सिंह,प्रो हरेराम सिंह, प्रो राजकिशोर जयसवाल नावकोठी पंचायत अध्यक्ष ओम जी पोद्दार आदि ने बधाई दी।

# एक देश-एक विधान, तो एक पेंशन नीति लागू करो : जय प्रकाश



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**आरा।** नेशनल मूवमेंट फ़ॉर ओल्ड पेंशन स्कीम की भोजपुर जिला इकाई द्वारा प्रेसवार्ता आयोजित कर बिहार में न्यू पेंशन स्कीम को समाप्त कर ओल्ड पेंशन स्कीम लागू करने की मांग की गई। जिला अध्यक्ष जय प्रकाश ने कहा कि जब देश स्वतंत्रता के बाद आर्थिक रूप से सशक्त नहीं था। तब भी पूरे देश में ओल्ड पेंशन स्कीम लागू थी। आज जब पांच ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था की बात हो रही है, तब भी कर्मचारियों पर उनकी इच्छा के विरुद्ध न्यू पेंशन स्कीम थोपी जा रही है। जबकि पश्चिम बंगाल और केरल आज भी अपने अधीनस्थ कर्मियों को ओल्ड पेंशन स्कीम का लाभ दे रहे हैं। जिला सचिव सुशील शर्मा ने घोषणा की कि इस भेदभावपूर्ण नीति के विरोध में चरणबद्ध आंदोलन किया जाएगा:-1 सितम्बर को काला दिवस, 5 को उपवास, 12 को जिला मुख्यालय पर मशाल जुलूस और 14 सितम्बर को पटना आंदोलन (मिलर हाई स्कूल मैदान से) होगा। जिला संरक्षक नीलाम्बुज सरोज और उमेश कुमार सुमन ने संयुक्त रूप से जिले के सभी कर्मियों से अपील की कि वे संगठित होकर ओल्ड पेंशन स्कीम लागू कराने के लिए आंदोलन को सफल बनाएं।

महिला प्रकोष्ठ की अध्यक्ष डॉ लक्ष्मी कुमारी ने कहा कि महिलाएं इस आंदोलन को अभूतपूर्व बनाएंगी। यह आंदोलन स्वतःस्फूर्त है, जिसमें सभी का सहयोग प्राप्त हो रहा है। यह बिहार सरकार को ओल्ड पेंशन स्कीम लागू करने के लिए मजबूर कर देगा। जिला प्रवक्ता डॉ शिवकुमार प्रसाद ने कहा कि जो नीति-निर्धारक न्यू पेंशन स्कीम लेकर आए हैं। वे स्वयं इससे आच्छादित नहीं होना चाहते। लेकिन हम सभी कर्मियों को जबरन इसके अधीन कर दिया गया है। इस अन्यायपूर्ण नीति के विरोध में पूरे बिहार के कर्मचारी एक बैनर तले संगठित होकर आंदोलन करेंगे, जो सरकार की नींद हराम कर देगा। प्रेसवार्ता में नीरज मिश्रा, विकास कुमार पांडेय, रामानन्द यादव, मधुप्रिया, राकेश कुमार, अलख निरंजन दुबे, पंकज कुमार आदि उपस्थित थे।

# जिले में चल रहा राजस्व महाअभियान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बेगूसराय।** जिले में राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग द्वारा 16 अगस्त से 20 सितंबर तक चलाये जा रहे राजस्व महा-अभियान तेज गति से जारी है। जिले में कुल पुराने 1146054 जमाबंदी में से अब तक 218700 जमाबंदी का वितरण किया जा चुका है। जो कि कुल जमाबंदी का 19.08 प्रतिशत है।जिला पदाधिकारी तुषार सिंगला के निर्देश पर जिले के सभी 18 अंचल कार्यालयों द्वारा माइक्रोप्लान बनाकर डोर टू डोर जाकर कर्मियों द्वारा कार्य किया जा रहा है। कर्मचारियों द्वारा रैयतों के जमीन संबंधी अभिलेखों में सुधार, उत्तराधिकारी नामांतरण और बंटवारा नामांतरण के लिए आवेदन लिए जा रहे है। रैयतों को उनके घर पर जमाबंदियों की प्रतियां दी जा रही है। हल्का स्तर पर लगे शिविरों में जमाबंदी सुधार और नामांतरण के आवेदन लिए जा रहे है। जिला प्रशासन द्वारा इसके लिए व्यापक प्रचार-प्रसार भी किया जा रहा है।

# रेलवे ओवरब्रिज पर भारी वाहनों के आवागमन पर रोक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**जगदीशपुर/भोजपुर।** जिला पदाधिकारी भोजपुर के आदेश पर बिहिया रेलवे ओवरब्रिज (स्टेट हाईवे 102) पर भारी वाहनों का परिचालन तत्काल प्रभाव से रोक दिया गया है। रेलवे इंजीनियरिंग अधिकारियों की रिपोर्ट के अनुसार उक्त रेलवे ओवरब्रिज में सुपरस्ट्रक्चर एवं क्रैक्स पाए गए हैं, जिससे पुल की मजबूती पर असर पड़ा है। ऐसे में ट्रक, हाइवा, कंटेनर, ट्रेलर, बस सहित सभी भारी वाहनों का आवागमन असुरक्षित घोषित किया गया है। यह रोक दिनांक 27/28 अगस्त 2025 की रात 12:00 बजे से अगले आदेश तक प्रभावी रहेगी। आदेश के अनुसार– अब इस पुल से केवल हल्के वाहन (कार, दोपहिया, ई-रिक्शा आदि) ही गुजर सकेंगे। बक्सर की ओर जाने वाले सभी भारी वाहन अब धधनौराऽमिल्कीधाम मार्ग (गक्र-319) से होकर गुजरेंगे। आरा की ओर आने वाले भारी वाहन बक्सर NH-922 से बिहिया चौक होते हुए आरा पहुंचेंगे। बक्सर-आरा मुख्य मार्ग पर भारी वाहनों को बक्सर ROB की ओर आने की अनुमति नहीं होगी। पुलिस बल व प्रशासनिक अधिकारी बारीकी से इसकी निगरानी करेंगे। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि आदेश की अवहेलना करने वालों पर कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। यह निर्णय जनसुरक्षा एवं लोक व्यवस्था की दृष्टि से लिया गया है, ताकि किसी बड़ी दुर्घटना से बचा जा सके।

# प्रशासन ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का किया दौरा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**जहानाबाद।** जिला पदाधिकारी अलंकृता पांडे के निर्देश पर अनुमंडल पदाधिकारी राजीव रंजन सिन्हा के नेतृत्व में अधिकारियों ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में अधिकारियों ने घोषी प्रखंड के मेटरा, भारथु, मोकम विगहा एवं बिजलीपुर गांवों का जायजा लिया। इस दौरान देखा गया कि मेटरा तथा मोकम विगहा गांवों की सड़क पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई है। इस पर त्वरित कार्रवाई करते हुए ग्रामीण कार्य विभाग को निर्देश दिया गया कि न्यूनतम स्तर पर पैदल आवाजाही सुनिश्चित की जाए तथा शीघ्र ही सड़क को वाहनों के संचालन योग्य बनाया जाए। इस दौरान अधिकारियों ने पाया कि ललसहिया पुल का एक पाया क्षतिग्रस्त हो चुका है। इस स्थिति को देखते हुए भारी वाहनों के आवागमन पर रोक लगाने तथा क्रैश बैरियर लगाने का निर्देश कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग को दिया गया।इसी प्रकार बंधुगंज-भारथु मार्ग पर कई स्थानों पर फ्लैंक क्षतिग्रस्त हो गया है। इन्हें चिन्हित कर स्पष्ट मार्किंग कराने के निर्देश दिए गए हैं ताकि दुर्घटना की संभावना को रोका जा सके।

CMYK

# भारत में 70,000 करोड़ का निवेश करेगी सुजुकी

## 52 हफ्ते के टॉप पर पहुंचा शेयर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज मारुति सुजुकी की पहली इलेक्ट्रिक कार ई-विटारा को हरी झंडी दिखाई। इस मौके पर जापानी कंपनी सुजुकी के ग्लोबल प्रेसिडेंट तोशिहिरो सुजुकी ने कहा कि कंपनी अगले पांच से छह साल में भारत में 70,000 करोड़ रुपये का निवेश करेगी। कंपनी यह पैसा प्रोडक्शन बढ़ाने, नए मॉडल लॉन्च करने




और भारतीय बाजार में अपनी पकड़ मजबूत करने के लिए लगाएगी। भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा कार बाजार है। मोदी ने हंसलपुर प्लांट में पहली ई-विटारा को हरी झंडी दिखाई। सुजुकी ने एक और बड़ी उपलब्धि हासिल की है। कंपनी ने अपनी हाइब्रिड कारों के लिए लिथियम-आयन बैटरी सेल का प्रोडक्शन शुरू कर दिया है। यह बैटरी कारों को चलाने में मदद करेगी। मारुति सुजुकी अपनी इलेक्ट्रिक एसयूवी ई-विटारा को गुजरात प्लांट से 100 देशों में एक्सपोर्ट करेगी। सुजुकी मोटर के लिए भारत बिक्री और राजस्व के मामले में सबसे बड़ा बाजार है। देश की सबसे बड़ी ऑटो कंपनी मारुति सुजुकी में इसकी बड़ी हिस्सेदारी है। मारुति सुजुकी भारत में सबसे ज्यादा कारें बेचती है।

### शेयरों में उछाल

मारुति सुजुकी के शेयर की बात करें तो बाजार में गिरावट के बावजूद कंपनी का शेयर आज 52 हफ्ते के टॉप पर पहुंच गया। बीएसई पर कंपनी का शेयर 1.82 प्रतिशत तेजी के साथ 14721.30 रुपये पर ट्रेड कर रहा है। कारोबार के दौरान यह 14721.30 रुपये तक गया जो इसका 52 हफ्ते का उच्चतम स्तर है। इसका 52 हफ्ते का न्यूनतम स्तर 10,725 रुपये है।

# जीएसटी 2.0 के इंतजार में ग्राहक टाल रहे वाहनों की खरीदी

**मुंबई, एजेंसी।** वाहनों पर जीएसटी दरों के कम होने की उम्मीद में ग्राहक अब खरीदी को स्थगित कर रहे हैं। ऑटोमोटिव डीलरों के संगठन फाडा ने कहा, भारी नुकसान से बचाने के लिए वस्तु एवं सेवा कर यानी जीएसटी 2.0 तुरंत लागू हो। अगर ऐसा नहीं होता है तो त्योहारी मौसम में और ज्यादा घाटा वाहन कंपनियों को हो सकता है।वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की अध्यक्षता में उच्चस्तरीय



जीएसटी परिषद 3-4 सितंबर को जीएसटी के दो स्लैब लागू करने पर अंतिम निर्णय लेगी। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल को लिखे पत्र में फेडरेशन ऑफ ऑटोमोबाइल डीलर्स एसोसिएशन (फाडा) ने कहा, जीएसटी 2.0 की घोषणा ने जमीनी स्तर पर चुनौतीपूर्ण स्थिति पैदा कर दी है। देश भर के डीलर आगामी त्योहारों ओणम (26 अगस्त), गणेश चतुर्थी (27 अगस्त) और नवरात्रि व दिवाली (18-23 अक्तूबर) के लिए अपना माल तैयार कर रहे हैं।

# गणेशोत्सव पर सोने के आभूषणों की बढ़ी मांग

### कारोबार के 3500 करोड़ रुपये तक पहुंचने का अनुमान

**मुंबई, एजेंसी।** शादी, दिवाली, धनतेरस और गुडी पाडावा सहित अब गणेशोत्सव पर भी सोने के आभूषणों की मांग में तेजी देखने को मिलने रही है। इस पर्व में गणपति पर चढ़ाने के लिए 1500 करोड़ रुपये तक के आभूषण, पादुका, मोदक, मूसक की बिक्री होने की उम्मीद है। मुंबई के झवेरी बाजार के व्यापारियों का मानना है कि विसर्जन तक और दो हजार करोड़ रुपये की बिक्री हो सकती है।

### अलग डिजाइन और वजनों के आभूषण की मांग

इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के राष्ट्रीय प्रवक्ता कुमार जैन बताते हैं कि गणेशोत्सव पर मान्यता के लिए आभूषणों की मांग अधिक है। इसमें अलग-अलग डिजाइन और वजनों के आभूषण मांग है। मांग को देखते हुए हमें लगता है कि इस साल 125 टन सोने की बिक्री होगी।

### किन- किन आभूषणों की हो रही मांग

कुमार कहते हैं पिछले साल भी बिक्री अच्छी रही थी, लेकिन इस साल ग्राहक काफी अलग-अलग मांग कर रहे हैं। इसमें गणपति के लिए सोने के हार, पादुका, चेन, कान की बाली, गणपति की मूर्ती और हनुमान की गदा सहित मूसक की खरीदारी हो रही है। हल्के वजन के सोने के मोदक और मूसक की मांग अधिक है। प्रति दुकान देखें तो 150 मोदक और मूसक की बिक्री हो रही है। वहीं प्रति दुकान 15 से 25 हार और पादुका की बिक्री हो रही है।



**एक से 15 तोले के हारों की मांग-** झवेरी बाजार के अंबिका ज्वेलर्स के मुकेश जैन कहते हैं कि इस साल मान्यता पूरा होने के लिए गणेशोत्सव पर आभूषणों की मांग देखने को मिल रही है। इसमें 1 तोले से लेकर 15 तोले के हार, पादुका, 15 ग्राम से लेकर 25 ग्राम के सोने के मोदक और मूसक और गुडहल (जासवंती) के फूल की खरीदारी हो रही है।

### मुंबई के झवेरी बाजार में दिवाली का माहौल

व्यापारियों का कहना है कि गणपति पर दिवाली जैसी खरीदारी देखी जा रही है। सोने की कीमत वर्तमान में जीएसटी जोड़कर देखे तो एक लाख रुपये प्रति दस ग्राम पर है, जबकि चांदी कीमतें पहले ही लाख रुपये प्रति किलो पर चल रही हैं।

पिछले दो से तीन वर्षों में यह चलन तेजी से बढ़ा है, जिसमें मान्यता के लिए आभूषण और अन्य चीजों की खरीदारी करते हैं। इसमें 50 प्रतिशत से अधिक खरीदारी लालबाग के राजा के लिए होती है, उसके बाद अन्य गणपति व मंदिरों में चढ़ाने के लिए की जाती है।

### पिछले साल गणपति पर 80 टन सोने की बिक्री हुई

कुमार बताते हैं कि पिछले साल गणेशोत्सव पर सोने की कीमत 85,000 रुपये प्रति दस ग्राम पर थी और 80 टन सोने की बिक्री हुई थी। वर्तमान में सोने की कीमत जीएसटी के साथ 1 लाख रुपये प्रति दस ग्राम के पास है और हमें उम्मीद है कि इस साल गणेशोत्सव के विसर्जन तक कुल मिलकार 3500 करोड़ रुपये का करोबार होगा।

# चॉल में पले-बढ़े, 2500 की नौकरी से शुरुआत...

### फिर ऐसे पलटी किस्मत कि अब करोड़ों का साम्राज्य



**नई दिल्ली, एजेंसी।** मुंबई के एक चॉल में पले-बढ़े सुबिश सुरेंद्रन ने अपनी मेहनत और लगन से बड़ा मुकाम हासिल किया है। उनकी कहानी किसी परी कथा से कम नहीं है। उनका जन्म ठाणे में गरीब परिवार में हुआ था। एक समय था जब उन्होंने 2,500 रुपये की पार्ट-टाइम नौकरी से शुरुआत की थी। आज उनकी कंपनी टाइम ग्लोबल शिपिंग एलएलसी 220 करोड़ रुपये से ज्यादा का कारोबार कर रही है। सुबिश ने 2016 में दुबई में यह कंपनी शुरू की थी। उनकी कंपनी लॉजिस्टिक्स सेक्टर में है। वह कई तरह की सेवाएं देती है। इसमें समुद्री और हवाई माल ढुलाई शामिल है। वह नए और पुराने शिपिंग कंटेनरों का व्यापार भी करते हैं। उनकी कंपनी का नेटवर्क 175 देशों में फैला हुआ है। उनके 5,000 से ज्यादा एजेंट हैं। आइए, यहां सुबिश सुरेंद्रन की सफलता के सफर के बारे में जानते हैं।

**ट्रक मैकेनिक थे पिता-** सुबिश सुरेंद्रन का बचपन मुंबई के ठाणे में एक सामान्य परिवार में बीता। वह चॉल में रहते थे। उनके पिता ट्रक मैकेनिक थे। उन्होंने बाद में खुद का ट्रांसपोर्ट व्यवसाय शुरू कर दिया था।

### ऐसे शुरू की अपनी कंपनी

करीब 10 साल तक लॉजिस्टिक्स सेक्टर में काम करने और अनुभव हासलि करने के बाद सुबिश ने उद्यमी बनने का फैसला किया। 2016 में उन्होंने अपनी एसयूवी बेचकर और अपनी जमा पूंजी का इस्तेमाल करके टाइम ग्लोबल शिपिंग एलएलसी की शुरुआत की। यह कंपनी तीन कर्मचारियों के साथ एक छोटे से 400 वर्ग फीट के ऑफिस से शुरू हुई थी। उनकी मेहनत रंग लाई। दो साल के भीतर ही उनकी टीम में 50 लोग हो गए, जिसके बाद उन्हें बड़े ऑफिस में शिफ्ट करना पड़ा।

**आज बन चुका है महासाम्राज्य** - आज टाइम ग्लोबल शिपिंग का कारोबार 220 करोड़ रुपये से ज्यादा का हो गया है। यह कंपनी दुनियाभर के 175 देशों में 5,000 से अधिक एजेंटों के नेटवर्क के साथ काम करती है।

# 188 जिलों में आधार सेंटर बनाने के लिए मिला ऑर्डर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** बाजार में गिरावट की आंधी के बीच प्रोटीन ई-गवर्नेंस टेक्नोलॉजीज के शेयरों में तूफानी तेजी आई है। प्रोटीन ई-गवर्नेंस के शेयर मंगलवार को क्रस्थ में 11 पर्सेंट से ज्यादा की तेजी के साथ 918.50 रुपये पर पहुंच गए हैं। कंपनी को आधार सेंटर खोलने के लिए यूनीक आइडेंटिफिकेशन अथॉरिटी ऑफ इंडिया से 1160 करोड़ रुपये का बड़ा ऑर्डर मिला है। पिछले 5 दिन में प्रोटीन ई-गवर्नेंस के शेयरों में 18 पर्सेंट से अधिक की तेजी देखने को मिली है।

मिले ऑर्डर में प्रोटीन ई-गवर्नेंस टेक्नोलॉजीज 188 जिलों में जिला स्तरीय आधार सेवा केंद्र बनाने और उन्हें चलाने के लिए आधिकारिक सर्विस प्रोवाइडर के रूप में काम करेगी। यह आधार सेंटर एनरॉलमेंट, अपडेट्स और आधार से जुड़ी दूसरी सेवाएं एंप्वायंटमेंट और वॉक-इन मोड्स में उपलब्ध कराएंगे। यह कॉन्ट्रैक्ट 6 साल के लिए होगा। प्रोटीन ई-गवर्नेंस टेक्नोलॉजीज ने स्पष्ट किया है कि यह कॉन्ट्रैक्ट किसी रिटेलेड पार्टी ट्रांजैक्शंस से जुड़ा नहीं है और डोमेस्टिक चैनल्स के जरिए मिला है।

# एजीआर पर वोडाफोन आइडिया को राहत नहीं




**नई दिल्ली, एजेंसी।** एजीआर पर राहत की उम्मीद में कई दिनों से उछल रहे वोडाफोन आइडिया के शेयर आज धड़ाम हो गए। यह गिरावट तब देखने को मिली जब, दूरसंचार राज्यमंत्री चंद्रशेखर पेम्मासानी ने सोमवार को कहा कि दूरसंचार विभाग वोडाफोन आइडिया को समायोजित सकल राजस्व के संबंध में कोई राहत देने पर विचार नहीं कर रहा है। आज इसके शेयरों में शुरुआती कारोबार में 6 पर्सेंट से अधिक की गिरावट दर्ज की गई। आज यह स्टॉक 7.10 रुपये पर खुला और देखते ही देखते 6.93 रुपये पर आ गया। उन्होंने कहा, हमने हाल ही में उनके बहुत से कर्ज को इक्विटी में बदल दिया है। सरकार ने वह सब कुछ किया है जो हमें लगा कि हम कर सकते हैं। इस समय, हमने जो किया है, उसके अलावा कुछ भी करने की हमारी कोई योजना नहीं है। सरकार स्पेक्ट्रम नीलामी बकाया के बदले 36,950 करोड़ रुपये के शेयर हासिल करने के बाद वोडाफोन आइडिया में सबसे बड़ी शेयरधारक बन गई है। इससे पहले, सरकार ने 16,000 करोड़ रुपये से अधिक के सांविधिक बकाया के बदले 2023 में लगभग 33 प्रतिशत हिस्सेदारी हासिल की थी।

# अमेरिका भेजे जाने वाले भारतीय सामान पर 50 प्रतिशत बेतुका टैरिफ

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत से अमेरिका जाने वाले सामानों पर ट्रंप प्रशासन 27 अगस्त से 50 फीसदी का बेतुका आयात शुल्क लगने जा रहा है। इस कदम से झींगा, रेडीमेड कपड़े, चमड़ा, रत्न और आभूषण जैसे मजदूर-आधारित क्षेत्रों पर गहरा असर पड़ने की आशंका है।

अमेरिकी सरकार की ओर से जारी नोटिफिकेशन के मुताबिक, 27 अगस्त (अमेरिकी समयानुसार सुबह 12:01 बजे / भारतीय समयानुसार सुबह 9:31 बजे) से यह टैरिफ लागू हो जाएगा। अभी तक भारतीय निर्यात पर 25 प्रतिशत अतिरिक्त शुल्क लागू था। रूस से कच्चा तेल और सैन्य उपकरण खरीदने को लेकर अमेरिका ने अतिरिक्त 25 प्रतिशत पेनल्टी लगाई है, जिससे कुल शुल्क 50 प्रतिशत हो जाएगा।

**अमेरिकी टैरिफ का किन निर्यातकों पर पड़ेगा असर-** भारत का अमेरिका को कुल 86.5 अरब डॉलर का निर्यात होता है। इसमें से 60 अरब डॉलर से अधिक का



सामान अब 50 प्रतिशत ड्यूटी के दायरे में आएगा। इसमें वस्त्र, रत्न-आभूषण, झींगा, कालीन और फ़र्नीचर शामिल हैं। केवल फार्मा, इलेक्ट्रॉनिक्स और पेट्रोलियम उत्पाद जैसे क्षेत्र शुल्क से बाहर रहेंगे।

**क्या है निर्यातकों की चिंता-** वस्त्र उद्योग- एईपीसी (अपैरल एक्सपोर्ट प्रमोशन



काउंसिल) के महासचिव मिथिलेश्वर ठाकुर ने कहा कि भारत के 10.3 अरब डॉलर के वस्त्र निर्यात पर सीधा असर होगा। ठाकुर ने कहा, बांग्लादेश, वियतनाम और श्रीलंका जैसे देशों के मुकाबले भारतीय परिधान अब 30 प्रतिशत तक महंगे पड़ेंगे। यह अंतर पाटना लगभग असंभव है।

### टैरिफ पर क्या है विशेषज्ञों की राय

ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव का अनुमान है कि इन टैरिफ़ों के कारण 2026 में अमेरिका को भारत का निर्यात 43 प्रतिशत घटकर 49.6 अरब डॉलर रह सकता है। संस्थान के संस्थापक अजय श्रीवास्तव के मुताबिक, यह रणनीतिक झटका है।

# जीएसटी विभाग का बड़ा एक्शन, जोमैटो की मूल कंपनी को 40 करोड़ से ज्यादा का टैक्स नोटिस




**नई दिल्ली, एजेंसी।** ऑनलाइन फूड डिलीवरी प्लेटफॉर्म जोमैटो और क्विक कॉमर्स कंपनी ब्लिंकिट की मूल कंपनी इटर्नल पर जीएसटी विभाग ने बड़ी कार्रवाई की है। कंपनी को करीब 40 करोड़ रुपये से अधिक का टैक्स नोटिस मिला है, जिसमें टैक्स, जुर्माना और ब्याज शामिल हैं। इस खबर के बाद जोमैटो की मूल कंपनी इटर्नल के शेयरों में काफी उतार-चढ़ाव दर्ज की जा रही है। एनएसई पर आ यह पिछले बंद की तुलना में गिरावट के साथ 317.30 रुपये पर खुला। बीच में यह दिन के हाई 320.70 रुपये तक भी पहुंचा। सुबह पौने 11 बजे के करीब 319.95 रुपये पर ट्रेड कर रहा था। इसमें 0.22 प्रतिशत की बढ़त थी।

### क्या है पूरा मामला

पीटीआई की खबर के मुताबिक कंपनी को बेंगलुरु के जीएसटी अधिकारी ने तीन आदेश जारी किए हैं। यह मांग जुलाई 2017 से मार्च 2020 की अवधि के लिए की गई है। इटर्नल के पास जोमैटो, ब्लिंकिट, डिस्ट्रिक्ट और हाइपरप्योर समेत चार बड़े बिजनेस हैं।

# आरबीआई का सितंबर 2025 के लिए महंगाई सर्वे शुरू

### कीमतों पर देश के 19 शहरों से ली जाएगी उपभोक्ताओं की राय




**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय रिजर्व बैंक ने सितंबर 2025 के लिए मुद्रास्फीति अपेक्षा सर्वेक्षण (आईईएसएच) की शुरुआत कर दी है। इस सर्वेक्षण के तहत देश के 19 शहरों के घरों से राय ली जाएगी ताकि वे कीमतों और महंगाई की स्थिति को लेकर अपने विचार साझा कर सकें।

**सर्वेक्षण का उद्देश्य** - आरबीआई यह सर्वेक्षण हर तिमाही आयोजित करता है। इसका उद्देश्य मुद्रास्फीति और उत्पादों की सामान्य मूल्य गतिविधियों पर उपभोक्ता के विचारों का आकलन करना है। इसे विभिन्न उत्पादों की कीमतों में हो रहे उतार-चढ़ाव के बारे में परिवारों की धारणाओं को समझने के लिए तैयार किया गया है। सर्वे के तहत परिवारों से सामान्य कीमतों और विशेष उत्पाद समूहों की कीमतों में बदलाव को लेकर गुणात्मक और मात्रात्मक दोनों तरह की प्रतिक्रियाएं ली जाएंगी। इसमें प्रतिभागियों से अगले तीन महीने और एक साल की अवधि के लिए कीमतों के बारे में राय मांगी जाएगी, साथ ही मौजूदा, तीन महीने आगे और एक साल आगे की महंगाई दर का अनुमान भी पूछा जाएगा। आरबीआई के मुताबिक, इस सर्वेक्षण के निष्कर्ष मौद्रिक नीति के लिए महत्वपूर्ण इनपुट प्रदान करते हैं, जिससे नीतिगत फैसलों को जमीनी हकीकत के अनुरूप बनाया जा सके।

# भारत में कागज और पेपरबोर्ड आयात में आठ फीसदी का उछाल

### उद्योग पर चीन और आसियान का दबदबा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** देश में अप्रैल-जून तिमाही में कागज और पेपरबोर्ड के आयात में आठ प्रतिशत की वृद्धि हुई है। यह बढ़कर 486,000 टन हो गया है। भारतीय कागज निर्माता संघ (आईपीएमए) ने यह जानकारी दी है। आईपीएमए ने वाणिज्य मंत्रालय के आंकड़ों का हवाला देते हुए कहा कि वित्त वर्ष 2025 की पहली तिमाही में कागज और पेपरबोर्ड का आयात 452,000 टन रहा।

**चीन से आयात 28 प्रतिशत बढ़ा-** तिमाही के दौरान चीन से आयात 28 प्रतिशत बढ़कर 143,000 टन हो गया। इससे भारत में कागज आयात के सबसे बड़े स्रोत के रूप में चीन की स्थिति मजबूत हो गई। संघ ने बताया कि आसियान देशों से आयात में वृद्धि दर्ज की गई। यह पिछले वर्ष की समान तिमाही के 78,000 टन से बढ़कर 92,000 टन हो गया।

**आयात में वृद्धि घरेलू कागज उद्योग को नुकसान पहुंचा रही-** आईपीएमए के अध्यक्ष पवन अग्रवाल ने कहा कि कागज के आयात में लगातार वृद्धि, खासकर चीन और आसियान से घरेलू कागज उद्योग की प्रतिस्पर्धात्मकता को नुकसान पहुंचा रही है।

# सात साल में 40 प्रतिशत पहुंची महिलाओं में रोजगार दर

### देश में महिला कार्यबल भागीदारी दर में वृद्धि



**नई दिल्ली, एजेंसी।** देश में महिलाओं की रोजगार दर सात वर्षों में लगभग दोगुनी होकर 2023-24 में 40.3 फीसदी हो गई है। 2017-18 में यह 22 फीसदी थी। श्रम मंत्रालय ने कहा, इसी अवधि में बेरोजगारी दर 5.6 से घटकर 3.2 फीसदी हो गई। 2047 तक विकसित भारत का विजन प्राप्त करने के लिए प्रमुख स्तंभों में से एक देश में 70 प्रतिशत महिला कार्यबल भागीदारी सुनिश्चित करना है। मंत्रालय ने सोमवार को बयान में कहा, भारत में महिला कार्यबल भागीदारी दर में उल्लेखनीय वृद्धि देखी गई है। बेरोजगारी दर में बदलाव ग्रामीण भारत में और भी महत्वपूर्ण है। यहां महिला रोजगार में 96 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। इसी अवधि में शहरी क्षेत्रों में रोजगार 43 फीसदी बढ़ा है। महिला स्नातकों की रोजगार क्षमता भी 2013 के 42 प्रतिशत से बढ़कर 2024 में 47.53 प्रतिशत हो गई है। स्नातकोत्तर शिक्षा और उससे ऊपर की शिक्षा प्राप्त महिलाओं में रोजगार दर 2017-18 के 34.5 प्रतिशत से बढ़कर 2023-24 में 40 फीसदी हो गई है। पिछले सात वर्षों में 1.56 करोड़ महिलाएं औपचारिक कार्यबल में शामिल हुई हैं। अगस्त तक ई-श्रम ने 16.69 करोड़ से अधिक महिला असंगठित श्रमिकों का पंजीकरण दर्ज किया है। इससे उन्हें सरकार की विभिन्न सामाजिक कल्याण योजनाओं तक पहुंच प्राप्त हुई है। सरकार के प्रयास महिला उद्यमियों के विकास में योगदान दे रहे हैं। 15 मंत्रालयों की 70 केंद्रीय योजनाएं और 400 से अधिक राज्य स्तरीय योजनाएं महिला उद्यमिता को समर्थन देने पर केंद्रित हैं।





# एकता की हॉरर-थ्रिलर फ्रैंचाइजी का हिस्सा बनीं तमन्ना भाटिया

बॉलीवुड की मशहूर एक्ट्रेस तमन्ना भाटिया इन दिनों लगातार फिल्में साइन कर रही हैं। हाल ही में उन्होंने अजय देवगन की रेड 2 में स्पेशल अपीयरेंस दिया था और अब रिपोर्ट्स के मुताबिक वह एकता कपूर की सबसे चर्चित हॉरर-थ्रिलर फ्रैंचाइजी रागिनी एमएमएस 3 के तीसरे पार्ट में नजर आ सकती हैं। अगर सब कुछ तय होता है तो यह तमन्ना के करियर का सबसे अलग और बोल्ड प्रोजेक्ट साबित हो सकता है।

## तमन्ना ने साइन की रागिनी एमएमएस 3

रिपोर्ट की मानें तो एकता कपूर काफी समय से रागिनी एमएमएस 3 को बनाने की प्लानिंग कर रही थीं। लंबे ब्रेनस्टॉर्मिंग के बाद अब उन्हें ऐसा सब्जेक्ट मिल गया है जो इस हॉरर यूनिवर्स के साथ पूरी तरह मेल खाता है। कहा जा रहा है कि फिल्म का शूटिंग शेड्यूल 2025 के आखिर में शुरू होगा। सूत्रों के मुताबिक, तमन्ना से इस फिल्म को लेकर बातचीत उनकी आने वाली फिल्म वीवन के सेट पर हुई थी, जहां उन्होंने स्क्रिप्ट सुनकर फिल्म को हां कर दिया है। खबरें ये भी हैं कि फिल्म सिर्फ डर और थ्रिल तक सीमित नहीं होगी बल्कि इसमें म्यूजिक और ग्लैमर का तड़का भी लगेगा। मेकर्स ऐसा चार्टबस्टर सॉन्ग तैयार करने की कोशिश में हैं जो पूरे देश में धूम मचा दे। हालांकि इसे लेकर कोई ऑफिशियल ऐलान नहीं हुआ है।

## रागिनी एमएमएस 3 की अब तक की कहानी

साल 2011 में रिलीज हुई पहली रागिनी एमएमएस में राजकुमार राव और कैनाज मोटिवाला लीड में थे। फिल्म को दर्शकों ने हॉरर और थ्रिल के नए कॉम्बिनेशन के तौर पर सराहा। इसके बाद 2014 में आई दूसरी किस्त रागिनी एमएमएस 2, जिसमें सनी लियोनी नजर आईं। यह फिल्म भी हिट रही और इसके गाने लंबे समय तक पार्टी चार्ट पर छाए रहे। अब पूरे दस साल बाद एकता कपूर इस फ्रैंचाइजी को आगे बढ़ाने की तैयारी कर रही हैं और तमन्ना को इसके लिए एकदम परफेक्ट फिट माना जा रहा है।

# खुद के टॉक्सिक रिलेशनशिप पर डेजी शाह ने दी प्रतिक्रिया

बॉलीवुड अभिनेत्री डेजी शाह ने अपनी पर्सनल और प्रोफेशनल लाइफ को लेकर बात की है। जहां उन्होंने खुद के टॉक्सिक रिलेशनशिप पर खुलकर विचार प्रकट किए। साथ ही उन्होंने बताया कि किस तरह की परेशानियों का उनको सामना करना पड़ा।

## पहले रिश्ते से खुश नहीं थीं डेजी शाह

अभिनेत्री डेजी शाह हाल ही में हॉटरफ्लाई के साथ एक इंटरव्यू में शामिल हुईं, जहां उन्होंने अपने टॉक्सिक रिलेशनशिप पर बात की। उन्होंने कहा, 'पहले रिश्ते में चार साल तक मैंने शादी के बारे में सोचा भी नहीं था। लेकिन यह बहुत मुश्किल था और सातवें साल तक मुझे एहसास हो गया था कि मैं खुश नहीं हूं।'

आगे बातचीत में एक्ट्रेस ने कहा, 'दूसरे रिलेशनशिप के दौरान मुझसे पूछा जाता था कि मैं कहां जा रही हूं और पुरुषों के साथ क्यों काम कर रही हूं। सबसे अच्छी या खराब बात यह है कि वह भी उसी इंडस्ट्री से ताल्लुक रखता है। एक बार हम एक पार्टी में थे और किसी ने पीछे से मेरा हाथ खींचकर मुझे डांस करने के लिए कहा। आप इस पर गुस्सा नहीं कर सकते। जब उसके साथ भी यही हुआ, तो उसने कहा कि मुझे समझदारी दिखानी चाहिए थी।' हालांकि एक्ट्रेस ने आगे कहा कि अपने आस-पास के रिश्तों को देखते हुए, उन्हें अभी शादी करने में कोई दिलचस्पी नहीं है।

## एक नजर डेजी शाह के करियर पर

डेजी शाह ने अपने करियर की शुरुआत एक सहायक कोरियोग्राफर के रूप में की थी। फिर उन्होंने 2011 में कन्नड़ फिल्म 'भद्रा' से मुख्य भूमिका के रूप में शुरुआत की। इसके बाद अभिनेत्री को हिंदी में बड़ा ब्रेक 2014 में सलमान खान अभिनीत फिल्म 'जय हो' से मिला। डेजी शाह को आखिरी बार 2024 में रिलीज हुई वेब सीरीज 'रेड रूम' में देखा गया था।

# रेजिना कैसेंड्रा ने द वाइव्स का पहला शेड्यूल पूरा किया



वेब सीरीज रॉकेट बॉयज और जाट फिल्म में दमदार किरदार निभाकर सुर्खियों में आने वाली अभिनेत्री रेजिना कैसेंड्रा ने अपनी अपकमिंग फिल्म द वाइव्स का पहला शेड्यूल खत्म कर लिया है। रेजिना ने फिल्म की शूटिंग के बारे में बात करते हुए कहा, द वाइव्स के शेड्यूल को पूरा करना मेरे लिए एक रोलर-कोस्टर जैसा था। पिछले एक महीने से मैं हिंदी और तमिल के बीच संतुलन बना रही हूं। एक सफल शेड्यूल से दूसरे शेड्यूल की ओर बढ़ रही हूं। जहां बॉलीवुड में मैं मधुर भंडारकर के साथ द वाइव्स कर रही हूं, वहीं कोलिवुड (तमिल सिनेमा) में सुंदर. सी. के साथ मूकुथी अम्मन 2 की शूटिंग कर रही हूं। मुझे अलग-अलग दुनियाओं के बीच आना-जाना पसंद है। यही वो जिंदगी है जो मैंने अपने लिए चाही थी। मैं अपने सपने को जी रही हूं। बता दें, फिल्म द वाइव्स का निर्देशन मधुर भंडारकर कर रहे हैं। यह फिल्म बॉलीवुड स्टार्स की पत्नियों की चमकदार लेकिन उतार-चढ़ाव भरी जिंदगी को दिखाती है। रेजिना के साथ इस फिल्म में मौनी रॉय, सोनाली कुलकर्णी और अन्य उम्दा कलाकार शामिल हैं। इस वजह से यह फिल्म मधुर भंडारकर की सबसे चर्चित और बहुप्रतीक्षित फिल्मों में से एक बन गई है।




# 'एमएसवीजी' में पहली बार एक साथ नजर आएंगे चिरंजीवी और वेंकटेश

बीते दिन मेगा स्टार चिरंजीवी के जन्मदिन के मौके पर उनकी अगली फिल्म 'मन शंकर वरप्रसाद गरु' (एमएसवीजी) का अनाउंसमेंट किया गया, जिसमें फिल्म की एक झलक देखने को मिली। इस पहली झलक के सामने आने के बाद ही लोग इस फिल्म के लिए उत्साहित हैं। अब इस फिल्म से जुड़ी एक और ऐसी जानकारी सामने आ रही है, जो प्रशंसकों को और भी एक्साइट कर सकती है। इस फिल्म में पहली बार चिरंजीवी के साथ वेंकटेश भी नजर आएंगे। इस बात की पुष्टि खुद फिल्म के निर्देशक अनिल रविपुडी ने की है। पिछले कुछ वक्त से ये चर्चाएं चल रही थीं कि वेंकटेश, चिरंजीवी की फिल्म 'मन शंकर वरप्रसाद गरु' में एक अहम भूमिका में नजर आ सकते हैं। अब फिल्म के टाइटल लॉन्च के मौके पर खुद निर्देशक अनिल रविपुडी ने इन चर्चाओं पर विराम लगाते हुए यह कंफर्म कर दिया है कि दोनों स्टार्स इस फिल्म में एकसाथ नजर आएंगे। इस दौरान निर्देशक ने कहा कि जैसे ही मैंने वेंकटेश से पूछा वो फिल्म की पहली झलक के लिए अपनी आवाज देने को तैयार हो गए। वेंकटेश का शुक्रिया जताते हुए अनिल ने कहा कि अभी तक उन्होंने सिर्फ अपनी आवाज दी है, जल्द ही फिल्म में एंट्री भी करेंगे। निर्देशक ने कहा कि अब हम सब देखने वाले हैं कि मेगास्टार चिरंजीवी और विक्ट्री वेंकटेश की जोड़ी कैसी दिखेगी। इस संक्रांति पर आप सभी के लिए एक प्यारा सा सरप्राइज होगा।

## चिरंजीवी के असली नाम पर है फिल्म

अनिल रविपुडी द्वारा निर्देशित एमएसवीजी यानी 'मन शंकर वरप्रसाद गरु' में चिरंजीवी और नयनतारा मुख्य भूमिकाओं में हैं, जबकि वेंकटेश फिल्म में एक महत्वपूर्ण किरदार निभा रहे हैं।



# मिथुन ने बताया कैसे हुई 'जेलर 2' में एंट्री

वेटरेन एक्टर मिथुन चक्रवर्ती 75 साल की उम्र में भी फिल्मों में लगातार सक्रिय हैं। वो जल्द ही विवेक अग्निहोत्री की आगामी फिल्म 'द बंगाल फाइल्स' में नजर आएंगे। इसके अलावा मिथुन चक्रवर्ती की पाइपलाइन में साउथ सुपरस्टार रजनीकांत की फिल्म 'जेलर 2' भी है। इसको लेकर पिछले काफी वक्त से चर्चा चल रही थी। बातचीत के दौरान मिथुन चक्रवर्ती ने इन चर्चाओं पर विराम लगाते हुए बताया है कि वो रजनीकांत के साथ फिल्म 'जेलर 2' में नजर आने वाले हैं।

बातचीत के दौरान जब मिथुन चक्रवर्ती से पूछा गया कि क्या वो रजनीकांत के साथ फिल्म 'जेलर 2' कर रहे हैं, तो अभिनेता का जवाब था हां, बिल्कुल। आगे रजनीकांत के साथ अपनी दोस्ती और बॉन्डिंग को लेकर बात करते हुए उन्होंने कहा, मेरी और रजनी की दोस्ती बहुत पुरानी है। हम अलग-अलग भाषाओं और इंडस्ट्री से आते हैं, लेकिन दिल से हमेशा जुड़े रहे। हाल ही में हम एक कार्यक्रम में मिले। रजनी ने मजाक में कहा कि अब हमें साथ कुछ करना चाहिए। मैंने उसी वक्त हां कह दिया। यह सिर्फ फिल्म नहीं बल्कि दो दोस्तों का मिलन है। सोचिए, जब रजनी और मिथुन एक साथ पर्दे पर होंगे तो यह ऑडियंस के लिए किसी त्योहार से कम नहीं होगा। इस महीने की 25 तारीख से हम शूटिंग शुरू कर रहे हैं। मुझे यकीन है कि यह फिल्म लोगों को मनोरंजन के साथ यादगार अनुभव भी देगी।

अपने आगामी प्रोजेक्ट्स के बारे में बात करते हुए मिथुन चक्रवर्ती ने बताया कि जेलर 2 के अलावा वो फौजी नाम की एक फिल्म में भी नजर आएंगे। इसमें वो 'बाहुबली' फेम स्टार प्रभास के साथ दिखाई देंगे। अभिनेता ने बताया कि इसके अलावा भी कुछ और प्रोजेक्ट हैं, जिनका खुलासा वो अभी नहीं कर सकते। हालांकि, उन्होंने कहा कि आने वाले वक्त में फैंस के लिए जबरदस्त मनोरंजन लेकर आने वाला हूं।

## एक जैसे किरदार नहीं करना चाहता

75 साल की उम्र में भी अलग-अलग तरह के किरदार करना और अपने किरदारों को लेकर उत्सुक रहने के सवाल पर अभिनेता ने कहा कि मैं आज भी अपने किरदारों को लेकर उतना ही एक्साइटेड रहता हूं, जितना करियर के शुरुआती दौर में होता था। उन्होंने कहा कि मैं खुद को किसी एक शैली तक सीमित नहीं मानता। मेरे लिए असली मजा तभी है जब मैं हर तरह का किरदार निभा सकूं, चाहे कॉमेडी हो, ट्रेजेडी या एक्शन। मेरी नजर में सच्चा अभिनेता वही है जो हर बार ऑडियंस को नया रूप दिखाए।





# डॉक्टर बनने जा रही थीं शैतान फेम जानकी बोडीवाला, बताया कैसे बन गईं एक्ट्रेस



**अजय देवगन ने जब नई स्टारकास्ट के साथ गुजराती फिल्म वश का हिंदी रीमेक शैतान बनाया, तो फिल्म की मुख्य अदाकारा जानकी बोडीवाला को रिप्लेस नहीं कर सके। वश में आर्या और शैतान में जाह्नवी के रोल में जानकी ने गुजराती और हिंदी दोनों ही भाषाओं के दर्शकों का दिल जीता। अब वह वश लेवल 2 में नजर आने वाली हैं। यह 2023 में आई वश का ही सीक्वल है। फिल्म 27 अगस्त 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज हो रही है।**

इस दौरान उन्होंने बॉलीवुड और गुजराती फिल्मों में काम करने के अपने अनुभव, दोनों इंडस्ट्री के बीच अंतर पर खुलकर बात की। जानकी ने माना कि रीजनल सिनेमा में अलग तरह के कंटेंट पर फिल्म बनाने की पूरी आजादी होती है, जबकि बॉलीवुड में बहुत हद तक यह मुमकिन नहीं हो पाता।

**आप मेडिकल बैकग्राउंड से हैं, तो अचानक फिल्मों में आना कैसे हुआ?**

मैं मतलब डॉक्टर बैग्राउंड से होने वाली थी। मगर मैंने वह पढ़ाई कम्पलीट नहीं की। इसी दौरान मुझे मेरे डायरेक्टर कृष्णदेव याग्निक (डेब्यू फिल्म के निर्देशक) मिल गए जिन्होंने मुझे गुजरात में पहचान दिलाई। यह उनका ही फैसला था कि वह मुझे अपनी पहली फिल्म में कास्ट करना चाहते हैं। और उन्होंने ही फिल्म वश भी बनाई जिसके लिए ना सिर्फ मुझे पूरे देश में पहचान मिली, बल्कि राष्ट्रीय पुरस्कार भी मिला।

**अभी आप वश 2 में काम कर रही हैं जो हिंदी में रिलीज हो रही है। बाद में हो सकता है कि आप शैतान के सीक्वल में भी हों, तो आपके लिए कितना चैलेंजिंग होगा उस समय, क्योंकि लोग वश 2 देख चुके होंगे?**

शैतान का अंत गुजराती फिल्म वश से अलग था। तो शायद वह अपना एक अलग यूनिवर्स क्रिएट करेंगे। हालांकि उसके बारे में मुझे कुछ ज्यादा मालूम नहीं है, लेकिन हां, मुझे दोनों फिल्मों में काम करके बहुत अच्छा लगा, बहुत मजा आया। इतने बड़े-बड़े एक्टर्स के साथ काम किया, बहुत कुछ सीखने को भी मिला।

**आप गुजरात फिल्म इंडस्ट्री के विकास को किस तरह से देखती हैं?**

रीजनल सिनेमा में अच्छी बात यह होती है कि हमारे पास बहुत अलग-अलग तरह का कंटेंट ट्राय करने का स्पेस होता है। रीजनल सिनेमा में हमारे पास एक आज़ादी होती है और यही वजह है कि हम बहुत कुछ नया बना सकते हैं। मुझे रीजनल सिनेमा की यह बात बहुत अच्छी लगती है।

**हिंदी हो या गुजराती, आपको कई सीनियर एक्टर्स के साथ काम करने का मौका मिला। आपका कैसा अनुभव रहा?**

मुझे जब पता चला कि हीतू कनोडिया (गुजरात सिनेमा के जाने-माने कलाकार) फिल्म में मेरे पिता का रोल अदा करने वाले हैं और फिल्म में हितेन कुमार भी होंगे, तो मैं पहले तो अंदर से हिल गई थी। दरअसल, जब इतने बड़े एक्टर्स आपके साथ काम कर रहे होते हैं तो आपको परफॉर्म करना ही पड़ता है। ऐसे में मेरे पास भी तब परफॉर्म करने के अलावा कोई और ऑप्शन ही नहीं था। मगर यहां भी मेरी सफलता का क्रेडिट मेरे डायरेक्टर को जाता है जिन्होंने मुझे सिखाने के लिए वर्कशॉप करवाई और कॉन्फिडेंस दिया कि मैं कर सकती हूं।

## अजय देवगन के साथ काम का कैसा एक्सपीरियंस कैसा था?



उनके साथ काम करने का अनुभव भी बहुत बढ़िया रहा। मैंने तो उम्मीद ही नहीं की थी कि वह मुझे उस स्तर का कम्फर्ट महसूस करवाएंगे, क्योंकि वह मेरी पहली हिंदी फिल्म थी। जिस हिसाब से मुझे वहां लोगों का ट्रीटमेंट मिला, खासकर एक्टर्स से, वह काफी अच्छा और यादगार था। उन्होंने मुझे महसूस ही नहीं होने दिया कि मैं एक न्यूकमर हूं। वहां मुझे बहुत कुछ सीखने को मिला और इन सभी सीनियर कलाकारों से मिली सीख को मैं अपनी आगे की फिल्मों में अप्लाई करूंगी।

# सचिन तेंदुलकर ने बेटे की सगाई की पुष्टि की

## फैंस के सवाल पर कहा- हां, यह सच है, अपनी पसंदीदा पारी पर भी बात की

**मुंबई (एजेंसी)।** दिग्गज बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर ने बेटे अर्जुन तेंदुलकर की सगाई की पुष्टि की है। तेंदुलकर ने एक फैंस के सवाल पर कहा- हां, यह सच है। हम सभी उनके जीवन के इस नए फेज के लिए बहुत उत्साहित हैं। 52 साल के पूर्व क्रिकेटर ने सोमवार को सोशल प्लेटफॉर्म रेडिट पर एक सेशन 'आस्क मी एनीथिंग' के जरिए फैंस के सवालों के जवाब दिए। 13 अगस्त को मीडिया रिपोर्ट में अर्जुन तेंदुलकर की सगाई का दावा किया गया था, हालांकि तब किसी ने सगाई की पुष्टि नहीं की थी।





### फैंस के सवाल पर तेंदुलकर के जवाब

**सवाल-1 -2011 वर्ल्ड कप फाइनल में धोनी को युवराज से पहले भेजने का सुझाव क्यों दिया?**

**जवाब** -तेंदुलकर ने इसके पीछे 2 वजहें बताईं...

लेफ्टी-राइटी बैटिंग कॉम्बिनेशन सचिन ने कहा- लेफ्टी-राइटी बैटिंग कॉम्बिनेशन श्रीलंका के दो ऑफ-स्पिनरों (मुथैया मुरलीधरन और सूरज रणदीव) के लिए परेशानी खड़ी कर सकता था।

धोनी के पास मुरली को खेलने का अनुभव सचिन ने बताया- मुरलीधरन चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के लिए 2008 से 2010 तक खेल चुके थे। धोनी ने नेट्स पर तीन सीजन तक उनकी गेंदबाजी का सामना किया था।

तेंदुलकर की यह सलाह शानदार साबित हुई। धोनी ने फाइनल में नाबाद 91 रनों की मैच जिताऊ पारी खेली और मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में भारत को श्रीलंका के खिलाफ ऐतिहासिक वर्ल्ड कप जीत दिलाई। इस जीत ने भारत को 28 साल बाद वर्ल्ड चैंपियन बनाया।

**सवाल-2 - कौन-सी पारी सबसे खास रही?**

**जवाब-** सचिन ने कई शानदार पारियों का जिक्र करते हुए 2008 में चेन्नई टेस्ट में इंग्लैंड के खिलाफ खेली गई अपनी नाबाद 103 रनों की पारी को सबसे खास बताया। इस पारी में सचिन ने चौथी पारी में 387 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए भारत को छह विकेट से जीत दिलाई थी। यह मैच इंग्लैंड के कप्तान केविन पीटरसन की अगुआई में खेला गया था। भारत ने इस जीत के साथ दो टेस्ट मैचों की सीरीज 1-0 से अपने नाम की थी।

**सवाल-3 -वेस्टइंडीज या ऑस्ट्रेलिया...किस देश के गेंदबाज बेहतर हैं?**

**जवाब-** सचिन ने इसका जवाब देने की बजाय मजेदार अंदाज में सवाल किया। उन्होंने लिखा- क्यों? क्या आप इनके खिलाफ खेलने की योजना बना रहे हैं? इस पर फैंस ने हंसने के इमोजी पोस्ट किए।

**सवाल-4 - ग्लेन मैक्ग्रा के खिलाफ जोखिम भरे शॉट्स क्यों खेले थे?**

**जवाब** -सचिन ने कहा- मैंने कई मौकों पर जोखिम भरे शॉट्स खेले, ताकि गेंदबाज की लय टूटे। मुझे नैरोबी में 2000 में मैक्ग्रा के खिलाफ खेला गया शॉट याद है। सचिन ने उस पारी में 37 बॉल पर 38 रन बनाए थे। उस मैच में मैक्ग्रा ने 9 ओवर में 61 रन दिए थे। उन्हें कोई विकेट नहीं मिला था।सचिन ने 38 रन की पारी में 3 चौके और 3 छक्के लगाए थे। इनमें से 5 बाउंड्री मैक्ग्रा के ओवर में लगाई थीं।

**सवाल-5-क्या अर्जुन की सगाई हो चुकी है?**

इस पर सचिन ने कहा- हां, यह सच है और हम सभी उनके जीवन के इस नए फेज के लिए बहुत उत्साहित हैं। अर्जुन (25) और सानिया (26) ने 13 अगस्त को एक निजी समारोह में सगाई की, जिसमें केवल करीबी रिश्तेदार और दोस्त शामिल थे। सानिया, व्यवसायी रवि घई की पोती हैं। जबकि, अर्जुन गोवा के लिए घरेलू क्रिकेट खेलते हैं और आईपीएल में भी नजर आ चुके हैं। अर्जुन ने सोशल मीडिया पर कोई व्यक्तिगत घोषणा नहीं की।

उनकी आखिरी इंस्टाग्राम पोस्ट 9 अगस्त को थी, जिसमें उन्होंने अपनी बहन सारा तेंदुलकर को रक्षा बंधन की शुभकामनाएं दी थीं। सगाई की खबरों ने ऑनलाइन काफी ध्यान खींचा था, और अब सचिन की पुष्टि के साथ सारी अटकलों पर विराम लग गया है।

# दो बार की विम्बलडन चैम्पियन क्वितोवा ने टेनिस को कहा अलविदा



**न्यूयॉर्क (एजेंसी)।** दो बार की विम्बलडन चैम्पियन पेत्रा क्वितोवा ने अमेरिकी ओपन के पहले दौर में डायने पैरी से मिली हार के बाद टेनिस को अलविदा कह दिया। मुकाबला खत्म होने के बाद क्वितोवा की आंखें भर आई। दर्शक दीर्घा में मौजूद उनके पति और कोच जिरि वानेक ने उन्हें गले लगाया। पिछले साल जुलाई में बेटे को जन्म देने वाली क्वितोवा 17 महीने बाद कोर्ट पर लौटी थी। उन्होंने इस साल की शुरुआत में ही कह दिया था कि अमेरिकी ओपन उनका आखिरी टूर्नामेंट होगा। मैच के बाद प्रेस कांफ्रेंस में उन्होंने बताया कि कुछ सप्ताह पहले वह कोविड 19 संक्रमण का शिकार होने के कारण अमेरिकी ओपन से नाम वापिस लेने की सोच रही थी। उन्होंने कहा, 'सुबह उठने के बाद से मुझे लग रहा था कि कुछ अच्छा नहीं होगा। मैं खा नहीं सकी। मैं काफी नर्वस थी और कुछ कर नहीं पा रही थी। यह काफी कठिन था। मैने कभी ऐसा अनुभव नहीं किया था। क्वितोवा ने 2011 में मारिया शारापोवा को हराकर विम्बलडन खिताब जीता था। इसके बाद 2014 में यूजीन बूचार्ड को हराकर खिताब अपने नाम किया। ऑस्ट्रेलियाई ओपन 2019 के फाइनल में उन्हें नाओमी ओसाका ने हराया था। दिसंबर 2016 में उनके घर पर एक घुसपैठिये ने उन पर चाकू से हमला किया जिससे लगी चोट से उबरने के लिये उन्हें लंबी सर्जरी करानी पड़ी थी।

# वेटलिफ्टर मीराबाई चानू की गोल्डन वापसी

- **कॉमनवेल्थ चैंपियनशिप में गोल्ड जीता, पेरिस ओलिंपिक के बाद पहला मुकाबला खेल रही थी**

**अहमदाबाद (एजेंसी)।** भारतीय महिला वेटलिफ्टर मीराबाई चानू ने अहमदाबाद में चल रही कॉमनवेल्थ चैंपियनशिप में गोल्ड मेडल जीत लिया है। 48केजी वेट कैटेगरी में शिरकत करते हुए चानू ने कुल 193 केजी वेट उठाया। स्नैच में उनकी बेस्ट लिफ्ट 84 केजी की रही, वहीं क्लीन एंड जर्क में उन्होंने 109 केजी वजन उठाया।चानू पेरिस ओलिंपिक के बाद पहली बार किसी इंटरनेशनल वेटलिफ्टिंग चैंपियनशिप में उतरी थीं। 2020 टोक्यो ओलिंपिक की सिल्वर मेडलिस्ट चानू पेरिस ओलिंपिक में मेडल जीतने से चूक गई थीं। तब वे चौथे स्थान पर रही थीं।



**स्नैच में 1 प्रयास ही सफल हो पाया** – चोट की वजह से चानू करीब 1 साल से इंटरनेशनल इवेंट्स से दूर रही थीं। तैयारी की कमी का असर उनके प्रदर्शन से जाहिर हो रहा था। उन्होंने स्नैच में 3 प्रयासों में केवल एक सफल लिफ्ट किया। पहले प्रयास में वे 84 केजी वेट लिफ्ट करने में फेल रहीं और दाहिने घुटने को पकड़ते दिखाई दी। हालांकि दूसरे प्रयास में उन्होंने यही वजन आराम से उठा लिया। तीसरे प्रयास में उन्होंने 89 केजी उठाने की कोशिश की लेकिन कामयाब नहीं हो सकीं।

**क्लीन एंड जर्क में बेहतर प्रदर्शन** – स्नैच के बाद क्लीन एंड जर्क की लिफ्टिंग हुई। चानू ने पहले अटैम्प्ट में 105 केजी उठाया। दूसरे प्रयास में उन्होंने 109च्त्र वेट भी आसानी से उठा लिया। तीसरे प्रयास में चानू ने 113 केजी वेट उठाने की कोशिश की लेकिन विफल रहीं। इस तरह स्नैच में 84 केजी और क्लीन एंड जर्क में 109 च्त्र की बेस्ट लिफ्ट के साथ चानू ने ओवलऑल 193 च्त्र वेट उठाया और गोल्ड अपने नाम कर लिया। मलेशिया की आइरीन हेनरी ने कुल 161 केजी (73+88) उठाकर सिल्वर मेडल जीता, जबकि वेल्स की निकोल रॉबर्ट्स ने कुल 150 किलो (70+80) के साथ ब्रॉन्ज मेडल जीता।

**49 केजी कैटेगरी से 48 केजी में शिफ्ट हुई हैं चानू** – 31 वर्षीय चानू पहले 49 किलो वर्ग में वेटलिफ्टिंग करती थी। हालांकि पिछले ओलिंपिक में 49 किलो वर्ग हटा दिया गया, जिस वजह से उन्हें 48 किलो वर्ग में शिफ्ट होना पड़ा।

# रिंकू ने 'कोहली स्टाइल' में प्रिया को दिया फ्लाइंग किस

## लखनऊ में मैच देखने पहुंचीं, चुलबुल रोबोट ने सांसद के लिए बनाया दिल

**लखनऊ (एजेंसी)।** नोएडा के बाद लखनऊ में भी क्रिकेटर रिंकू सिंह और प्रिया सरोज की केमिस्ट्री दिखी। यहां इकाना में यूपी टी-20 लीग में रिंकू का मैच देखने सोमवार को सांसद प्रिया सरोज पहुंचीं। वह वीवीआईपी लाउंज में काफी देर बैठी रहीं। इस दौरान रिंकू सिंह ड्रेसिंग रूम की बालकनी से प्रिया सरोज को झांकते हुए दिखाई दिए। उन्होंने विराट कोहली की स्टाइल में प्रिया को फ्लाइंग किस भी दिया।



इस दौरान रिंकू सिंह के फैंस ने उनका और प्रिया सरोज का अभिवादन राम-राम करके किया। इसपर रिंकू सिंह ने भी फैंस से राम-राम किया। वहीं, स्टेडियम के अंदर सांसद प्रिया सरोज के लिए चुलबुल रोबोट कैमरे ने दिल बनाया। उनके साथ हाथ मिलाकर चीयर भी किया। हालांकि रिंकू सिंह की टीम ये मैच हार गई।

**चुलबुल डॉग कैमरे से प्रिया ने की मस्ती**

विराट कोहली की ऑन ग्राउंड अपने पत्नी अनुष्का शर्मा अक्सर फ्लाइंग किस देते और उनका ख्याल रखते नजर आते हैं। ठीक इसी अंदाज में रिंकू सिंह भी प्रिया सरोज का ख्याल रखते दिखाई दिए और प्यार भी जताया। मैच देखने पहुंची प्रिया सरोज चुलबुल डॉग कैमरे से भी मस्ती करती हुई दिखीं। उन्होंने कैमरे से हाथ मिलाया। इसके बाद कैमरे ने प्रिया के लिए दिल बनाया। इस दौरान उनसे नमस्ते भी किया।प्रिया ने इकाना में रिंकू का मैच देखा। वह बालकनी से मैच देख रही थीं। रिंकू जब पवेलियन में थे तो वह इन्हें निहार रहे थे।

लखनऊ में यूपी-टी 20 लीग टूर्नामेंट खेला जा रहा है। मेरठ मावेरिक्स और कानपुर सुपरस्टार्स के बीच सोमवार को खेले गए मैच को देखने के लिए मैदान पर रिंकू सिंह की मंगेतर सांसद प्रिया सरोज भी पहुंची थीं। इस दौरान बारिश से प्रभावित मैच का फैसला डकवर्थ-लुइस नियम से हुआ। इससे कानपुर को लीग के 16वें मैच में पहली जीत नसीब हुई।

**ग्रेटर नोएडा में भी रिंकू को किया था चीयर**

यूपी टी-20 लीग के पहले मेरठ की टीम ग्रेटर नोएडा में प्रैक्टिस कर रही थी। यहां पर क्रिकेटर रिंकू सिंह से मिलने उनकी मंगेतर और सपा सांसद प्रिया सरोज ग्रेटर नोएडा के स्टेडियम भी पहुंची थीं। इस दौरान उन्होंने रिंकू सिंह और उनकी टीम मेरठ मावेरिक्स को चीयरअप किया। उन्होंने टीम से कहा था- इस बार फिर जीतना है। इसके बाद हाथ जोड़कर सबको नमस्ते किया और पवेलियन में वापस आ गईं।

# अल्काराज यूएस ओपन के दूसरे दौर में पहुंचे

## ओपेल्का को सीधे सेटों में हराया, कैरोलिना मुचोवा से हारीं वीनस विलियम्स

**स्पेन (एजेंसी)।** स्पेन के टेनिस स्टार और यूएस ओपन में दूसरी सीड कार्लोस अल्काराज दूसरे राउंड में पहुंच गए हैं। वहीं, दो बार की चैंपियन वीनस विलियम्स को पहले ही दौर में हार का सामना करना पड़ा। आर्थर ऐश स्टेडियम में खेले गए मैच में अल्काराज नए लुक में नजर आए। वह सिर मुंडवाकर खेलने उतरे। अल्काराज ने पहले राउंड में रीली ओपेल्का को 6-4, 7-5, 6-4 से हराकर शानदार जीत हासिल की। दो घंटे से ज्यादा समय तक चले इस मैच में उन्होंने केवल 17 गलतियां कीं, 58 में से 50 सर्विस पॉइंट जीते, सभी तीन ब्रेक पॉइंट बचाए और ओपेल्का की सर्विस तीन बार तोड़ी।अल्काराज ने पहले राउंड के मैच में रीली ओपेल्का को 6-4, 7-5, 6-4 से हराकर शानदार जीत हासिल की



**मैक्लॉरी ने नए लुक को लेकर किया मजाक** – मैच से पहले अल्काराज की मुलाकात गोल्फ स्टार रॉरी मैक्लॉरी से हुई, जिन्होंने उनके मुंडे सिर को छूकर मजाक किया। पिछले हफ्ते यूएस ओपन के मिक्स्ड डबल्स में अल्काराज के बाल पूरे थे, लेकिन इस बार उनका नया लुक चर्चा का विषय बना।

**मैच के बाद अल्काराज ने अपने हेयरकट के बारे में फैन्स की राय जानी** – मैच के बाद अल्काराज ने दर्शकों से अपने नए हेयरकट के बारे में राय मांगी। दर्शकों ने जोरदार तालियों के साथ इसे पसंद किया। अल्काराज ने कहा, लगता है उन्हें मेरा नया लुक पसंद आया। हालांकि, उनके दोस्त और टेनिस खिलाड़ी फ्रांसिस टियाफो को यह हेयरकट बिल्कुल पसंद नहीं आया। टियाफो ने मजाक में कहा, यह भयानक है, जिसने भी कार्लोस को ऐसा करने को कहा, उसने गलत सलाह दी। मैं अच्छे हेयरकट का शौकीन हूं, लेकिन यह वाकई खराब है।

# अवनीत कौर ने विराट कोहली के 'लाइक' पर तोड़ी चुप्पी, एक्ट्रेस ने कहा- प्यार मिलता रहे

**नईदिल्ली (एजेंसी)।** क्रिकेटर विराट कोहली ने कुछ महीने पहले एक्ट्रेस अवनीत कौर के फैन पेज की एक पोस्ट को लाइक कर दिया था। जिसके बाद इसको लेकर बहुत चर्चा हुई थी। अब अवनीत ने इनडायरेक्टली इस पर बात की है।






अवनीत की अपकमिंग फिल्म लव इन वियतनाम के ट्रेलर लॉन्च पर जब उनसे पूछा गया कि बड़े नामों से ऑनलाइन इतना ध्यान और तारीफ मिलना कैसा लगता है, तो मुस्कुराते हुए अवनीत ने कहा प्यार मिलता रहे।अवनीत कौर की फिल्म लव इन वियतनाम 12 सितंबर, 2025 को रिलीज होगी।

बता दें कि विराट कोहली ने मई के महीने अवनीत कौर की एक पोस्ट को लाइक किया था। हालांकि, थोड़ी ही देर बाद विराट ने उस लाइक को हटा दिया था, लेकिन इसी बीच विराट के लाइक का स्क्रीनशॉट सोशल मीडिया पर वायरल हो गया, जिससे इस मामले को लेकर तरह-तरह की चर्चाएं शुरू हो गईं। बाद में इस मामले में विराट को सफाई देनी पड़ी थी।

विराट कोहली ने अपने इंस्टाग्राम पर स्टोरी लगाते हुए लिखा था, 'मैं यह स्पष्ट करना चाहता हूं कि फीड क्लियर करते समय ऐसा लगता है कि ऐल्गोरिद्म ने गलती से कोई इंटरैक्शन रजिस्टर कर लिया है। इसके पीछे मेरा कोई इरादा नहीं था। मैं आपसे निवेदन करता हूं कि कृपया बेवजह कोई भी बातें न बनाएं। समझने के लिए धन्यवाद।'

# शटलर लक्ष्य सेन बैडमिंटन वर्ल्ड चैंपियनशिप से बाहर

## वर्ल्ड नंबर-1 चीन के शी यू की ने हराया, सिंधु और प्रणौय के मैच मंगलवार को

**नईदिल्ली (एजेंसी)।** बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड चैंपियनशिप में भारत के युवा शटलर लक्ष्य सेन को हारकर बाहर होना पड़ा है। सोमवार को मेंस सिंगल्स के राउंड ऑफ 64 मैच में उन्हें वर्ल्ड नंबर-1 चीन के शी यू की ने सीधे गेम में हरा दिया। पेरिस के अडीडास एरिना में चीनी प्लेयर ने 21-17, 21-19 से बाजी मारी और अगले राउंड में एंट्री की।

**चीनी प्लेयर ने चौथी बार हराया** – शी यू की और लक्ष्य के बीच बैडमिंटन में पांचवां ही मैच खेला गया। शी ने इनमें चौथी बार बाजी मारी, लक्ष्य 1 बार ही चीनी प्लेयर को हरा सके। 54 मिनट तक चले मैच में शी हावी ही दिखे। उन्होंने 21-17 से पहला गेम जीतने के बाद 21-19 से दूसरा गेम भी जीत लिया।

दोनों प्लेयर्स इसी साल जून में आखिरी बार इंडोनेशिया ओपन के दौरान भी भिड़े थे। तब भी शी ने बाजी मारी थी। हालांकि, तब मुकाबला 3 गेम तक चला था। शी के खिलाफ लक्ष्य की इकलौती जीत 2022 के एशियन गेम्स में आई थी। तब लक्ष्य ने 22-20, 14-21, 21-18 से मैच जीता था।



**सिंगल्स में प्रणौय और सिंधु बाकी** – वर्ल्ड चैंपियनशिप में 24 साल के लक्ष्य सेन की हार के साथ मेंस सिंगल्स में भारत की चुनौती कम हो गई। अब सिंगल्स में एचएस प्रणौय ही बचे हैं, उनका राउड ऑफ 64 मैच मंगलवार को होगा। विमेंस सिंगल्स में पीवी सिंधु का राउंड ऑफ 64 मैच भी मंगलवार को ही होना है। प्रणौय फिनलैंड के जोकिम ओल्डोर्फ से भिड़ेंगे। वहीं सिंधु बुल्गारिया की काल्योना नाल्बांतोवा का सामना करेंगी। मेंस और मिक्स्ड डबल्स में भारत की एक-एक जोड़ी टूर्नामेंट खेल रही हैं। दोनों के मैच मंगलवार को होंगे। विमेंस डबल्स में 2 भारतीय जोड़ियां हिस्सा ले रही हैं। इनके मुकाबले भी मंगलवार को ही होंगे।

**वर्ल्ड नंबर-4 ली शी फेंग हारे** – 29वें बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड चैंपियनशिप की शुरुआत बड़े उलटफेर के साथ हुई। मेंस सिंगल्स में वर्ल्ड नंबर-4 चीन के ली शी फेंग पहले ही मैच में वर्ल्ड नंबर 27 जापान के युशी तनाका से हार गए। ली पहला गेम जीत गए थे, लेकिन तनाका ने अगले दो गेम में शानदार वापसी करते हुए 19-21, 21-11, 21-15 से मैच अपने नाम किया।

# एशियाई शूटिंग चैंपियनशिप के आठवें दिन भारत को 8 मेडल

## महिला ट्रैप टीम और इंडिविजुअल में नीरू धनदा और जूनियर पिस्टल में पायल ने गोल्ड जीता



**शिमकेंट (एजेंसी)।** कजाकिस्तान के शिमकेंट में चल रही 16वीं एशियन शूटिंग चैंपियनशिप के आठवें दिन भारत ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 3 गोल्ड, 3 सिल्वर और 2 ब्रॉन्ज मेडल जीते। महिला ट्रैप इवेंट में भारत ने इंडिविजुअल और टीम दोनों इवेंट में गोल्ड मेडल हासिल किया। नीरू धनदा ने इंडिविजुअल में गोल्ड जीता, जबकि जूनियर महिला 25 मीटर पिस्टल में भी भारत ने गोल्ड मेडल पर कब्जा जमाया।

**महिला ट्रैप में मिले तीन मेडल** – महिला ट्रैप इवेंट में भारत को तीन मेडल मिले। नीरू धनदा और आशिमा अहलावत ने क्वालिफिकेशन में 107 अंकों के साथ पांचवें और छठे स्थान पर जगह बनाई। प्रीति राजक 105 अंकों के साथ क्वालिफिकेशन में बाहर हो गईं। कतर की रे बासिल ने 110 अंकों के साथ पहले स्थान पर रहीं। फाइनल में नीरू ने शानदार प्रदर्शन किया। शुरूआत में भारत की नीरू और आशिमा, कतर की रे बासिल और जापान की नानामी मियासाका के बीच कड़ा मुकाबला रहा। बाद में चीनी ताइपे की लियू वान-यू भी चुनौती बनकर उभरीं। नीरू ने अंतिम 25 में से 22 और आखिरी 10 टारगेट्स में सभी 10 हिट्स लगाए, जिससे उन्होंने 43 हिट्स के साथ गोल्ड मेडल अपने नाम किया। आशिमा और रे बासिल 29 हिट्स के साथ बराबरी पर रहीं, लेकिन बिब नंबर के आधार पर आशिमा को ब्रॉन्ज और रे को सिल्वर मिला। भारत की तिकड़ी (नीरू, आशिमा, प्रीति) ने 319 अंकों के साथ टीम गोल्ड भी जीता, जो चीन (301) से 18 अंक आगे रहा।

**जूनियर महिला 25 मीटर पिस्टल में तीनों मेडल भारत** – जूनियर महिला 25 मीटर पिस्टल में भारत की पायल खत्री, नाम्या कपूर और तेजस्विनी ने शानदार प्रदर्शन किया। फाइनल में तीनों भारतीय खिलाड़ियों ने कोरिया, इंडोनेशिया और मलेशिया की प्रतिद्वंद्वियों को पीछे छोड़ते हुए आपस में ही मुकाबला किया। पायल ने छठे से नौवें सीरीज में चार-चार हिट्स और 10वीं सीरीज में 5/5 हिट्स के साथ 36 हिट्स बनाए और गोल्ड जीता।

# पाकिस्तान से क्रिकेट? सुशील दोषी बोले, बिल्कुल नहीं

## क्रिकेट सभ्य खेल है; आतंकवाद असभ्य हरकत, पाकिस्तान को क्रिकेट से अलग-थलग करना जरूरी

**भोपाल (एजेंसी)।** एशिया कप में भारत और पाकिस्तान आमने सामने होंगे, जिसको लेकर देशभर में एक विवाद की स्थिति बनी हुई है। इसी बीच दिग्गज रेडियो कमेंटेटर और पद्मश्री सुशील दोषी ने पाकिस्तान से क्रिकेट खेलने को लेकर बड़ा बयान दिया। मीडिया से बातचीत में उन्होंने कहा कि क्रिकेट सभ्य लोगों का खेल है और आतंकवाद असभ्य हरकत। ऐसे में सभ्य खेल में असभ्य लोगों की कोई जगह नहीं हो सकती। दोषी ने कहा-मैं तो ये सोचता हूं कि अगर आप आतंकवाद फैलाते हो और दूसरी तरफ क्रिकेट खेलते हो, तो ये साथ-साथ नहीं चल सकता। पाकिस्तान के साथ न खेलकर हमें उसे क्रिकेट से अलग-थलग करना चाहिए। सुशील मध्यप्रदेश साहित्य अकादमी का वार्षिक अलंकरण समारोह में अलंकृत होने के लिए सोमवार को भोपाल पहुंचे थे। दोषी ने कहा- आप दुनिया को कैसे समझा सकते हैं कि हॉकी तो खेलेंगे, लेकिन क्रिकेट नहीं खेलेंगे, टेनिस खेलेंगे लेकिन क्रिकेट नहीं खेलेंगे, विदेशों में जाकर खेलेंगे लेकिन पाकिस्तान से क्रिकेट खेलेंगे? ऐसा नहीं होना चाहिए। करना ये चाहिए कि भारत न सिर्फ खुद पाकिस्तान का बहिष्कार करे बल्कि दुनिया के देशों को भी इसके लिए प्रेरित करे।



**भारत के पास है ताकत, पाकिस्तान को कर सकता है मजबूर** – दोषी ने भारत की ताकत और जिम्मेदारी पर जोर देते हुए कहा आज भारत क्रिकेट का सुपर पावर है। हमारे पास इतनी ताकत है कि अपनी इच्छा से लोगों को मानने के लिए मजबूर कर सकते हैं। इसलिए भारत को चाहिए कि वह अपनी शक्ति का प्रदर्शन करे और दुनिया से भी पाकिस्तान को अलग-थलग करने के लिए कहे। इससे बेहतर मौका नहीं हो सकता। उन्होंने कहा–कहते हैं ना, उस जगह को दबाओ जहां सबसे ज्यादा दर्द होता है। पाकिस्तान को सबसे ज्यादा दर्द तब होगा जब क्रिकेट में उसे अलग-थलग कर दिया जाएगा। जब भारत उसके साथ नहीं खेलेगा तो यह सबसे बड़ा संदेश होगा।

संक्षिप्त समाचार

## भाजपा अध्यक्ष पद की रेस में सबसे आगे शिवराज सिंह चौहान?

- मोहन भागवत से मीटिंग के बाद अटकलें तेज

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष के नाम पर अब तक मुहर नहीं लग सकी है। साथ ही पार्टी की तरफ से कोई तारीख सार्वजनिक नहीं की गई है। अब कहा जा रहा है कि बीजेपी बिहार विधानसभा चुनाव का शेड्यूल आने से पहले अध्यक्ष के नाम का ऐलान कर सकती है। साथ ही आरएसएस यानी राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ प्रमुख प्रमुख मोहन भागवत के साथ केंद्रीय मंत्री की



मुलाकात ने अटकलें तेज कर दी हैं। हालांकि, भाजपा की तरफ से आधिकारिक तौर पर साफ नहीं किया गया है कि अगले प्रमुख के नाम की घोषणा कब होगी। इंडिया टुडे की रिपोर्ट के अनुसार, सूत्र बताते हैं कि पार्टी आलाकमान की तरफ से संभावित उम्मीदवारों की सूची तैयार कर ली गई है। वहीं, इस पर 9 सितंबर को होने वाले उपराष्ट्रपति चुनाव के बाद विचार किया जाएगा। उन्होंने बताया है कि इसके बाद नए अध्यक्ष के चुनाव की जानकारी दी जा सकती है। संभावनाएं जताई जा रही हैं कि राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव से पहले उत्तर प्रदेश, गुजरात और कर्नाटक जैसे राज्यों के प्रमुख पहले चुने जाएंगे। रिपोर्ट के मुताबिक, सूत्रों ने यह भी कहा है कि अगर अध्यक्ष बिहार चुनाव की घोषणा से पहले नहीं चुना गया, तो नियुक्ति चुनाव के बाद ही की जाएगी।

## डीयू को गर्व नहीं है क्या कि मोदी उनके यहां पढ़े थे

### पीएम के डिग्री विवाद पर आतिशी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** पीएम नरेंद्र मोदी की डिग्री अब सार्वजनिक नहीं की जाएगी। सोमवार को दिल्ली हाई कोर्ट ने सीआईसी के आदेश को खारिज कर दिया है। अब इसपर राजनीति भी खूब हो रही है। आम आदमी पार्टी ने तो आज सुबह सौरभ भारद्वाज के घर हुई ईडी रेड को भी इससे जोड़ दिया। कहा कि ये सब पीएम मोदी की डिग्री से ध्यान भटकाने के लिए किया गया है। आतिशी ने आज इसपर प्रेस कॉन्फ्रेंस



कर अपना और सीएम रेखा गुप्ता का उदाहरण दिया। उन्होंने दिल्ली यूनिवर्सिटी से ही पूछ लिया कि क्या आपको गर्व नहीं है क्या कि पीएम आपके यहां पढ़े थे। आतिशी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कहा कि एक आरटीआई कार्यकर्ता को केंद्रीय सूचना आयोग से यह आदेश मिला था कि दिल्ली यूनिवर्सिटी प्रधानमंत्री मोदी की डिग्री दिखाए। डिग्री दिखाने की बजाय, यूनिवर्सिटी ने सीआईसी के आदेश के खिलाफ हाई कोर्ट में अपील की। उन्होंने आगे कहा, पूरा देश जानना चाहता है कि यूनिवर्सिटी को इस बात पर गर्व क्यों नहीं है कि उसका एक छात्र प्रधानमंत्री है। पूरा देश इसी बारे में बात कर रहा था। इस मुद्दे से ध्यान हटाने के लिए, सौरभ भारद्वाज के घर पर फर्जी ईडी छापे मारे जा रहे हैं। आतिशी ने कहा कि आखिर यह कैसी यूनिवर्सिटी है, जिसे इस बात का गर्व नहीं है कि देश के प्रधानमंत्री उसके पूर्व छात्र हैं। उन्होंने दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता का उदाहरण देते हुए कहा कि जब रेखा गुप्ता सीएम बनीं तो दिल्ली यूनिवर्सिटी ने उन्हें बकायदा बुलाकर सम्मानित किया।

# सौरभ भारद्वाज पर ईडी रेड से बुरी तरह भड़के अरविंद केजरीवाल

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सौरभ भारद्वाज पर कथित अस्पताल घोटाला मामले में आज सुबह ईडी की रेड के बाद एक बार फिर बीजेपी और आम आदमी पार्टी आमने-सामने हो गए हैं। आप के कई नेता इसे पीएम मोदी की डिग्री से ध्यान भटकाने के लिए की गई कार्रवाई करार दे रहे हैं। अब इस पूरे मसले पर आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल का भी रिएक्शन सामने आया है। केजरीवाल ने सीधे मोदी सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि सरकार आम आदमी पार्टी के पीछे पड़ गई है। मोदी सरकार हमारी आवाज



दबाना चाहती है। ये कभी नहीं होगा।

**ईडी रेड पर क्या बोले केजरीवाल?**- अरविंद केजरीवाल ने सौरभ भारद्वाज पर हुई ईडी की रेड के खिलाफ कहा कि सौरभ भारद्वाज के घर ईडीकी रेड मोदी सरकार की ओर से एजेंसीज के दुरुपयोग का एक और मामला है। मोदी सरकार आम आदमी पार्टी के पीछे पड़ गई है। जिस तरह आप को टारगेट किया जा रहा है, ऐसे इतिहास में किसी पार्टी को नहीं किया गया। उन्होंने आगे कहा कि आप को इसलिए टारगेट किया जा रहा है क्योंकि मोदी सरकार की गलत नीतियों और भ्रष्ट कामों के खिलाफ सबसे मुखर आवाज आप की है। मोदी सरकार हमारी आवाज दबाना चाहती है। ये कभी नहीं होगा। आप बीजेपी की इन रेडों से डरने वाली नहीं।

### आतिशी और सिसोदिया ने पीएम मोदी की डिग्री से जोड़ा लिंक

नेता विपक्ष और कालकाजी विधायक आतिशी ने लिखा कि आज सौरभ जी के यहां रेड क्यों हुई? क्योंकि पूरे देश में मोदी जी की डिग्री पर सवाल उठ रहे हैं, क्या मोदी जी की डिग्री फर्जी है? इस चर्चा से ध्यान हटाने के लिए ही रेड डाली गई है। जिस समय का केस बताया जा रहा है, उस समय सौरभ जी मंत्री भी नहीं थे। यानी पूरा केस ही झूठा है। सत्येंद्र जी को भी तीन साल जेल में रखकर आखिरकार सीबीआइ/ईडी को क्लोजर रिपोर्ट देनी पड़ी। इससे साफ़ है कि आम आदमी पार्टी के नेताओं पर लगाए गए सारे केस सिर्फ झूठ और राजनीति से प्रेरित हैं। मनीष सिसोदिया ने लिखा कि कल पूरे देश ने मोदी जी की डिग्री पर सवाल उठाया...जब डिग्री का सच सामने आया तो ध्यान भटकाने के लिए आज सौरभ भारद्वाज पर ईडीकी रेड कराई जा रही है। सवाल साफ था कि क्या मोदी जी की डिग्री फर्ज़ी है? लेकिन उस सवाल का जवाब देने की हिम्मत नहीं पड़ी, इसलिए आम आदमी पार्टी के नेताओं पर रेड डाल दी गई। सिसोदिया ने लिखा कि जिस दौर का ये केस बताया जा रहा है, उस समय सौरभ मंत्री थे ही नहीं। इसका सीधा मतलब है कि जैसे इनकी डिग्री फ़र्ज़ी है वैसे ही केस भी फर्जी हैं। याद कीजिए सत्येंद्र जैन को। तीन साल जेल में रखा गया, सीबीआइ और ईडीने दिन-रात खंगाला, लेकिन कोई सबूत नहीं मिला। सच्चाई ये है कि ये सारे केस फर्जी हैं। असली लड़ाई सच्चाई की नहीं, बल्कि आम आदमी पार्टी की ईमानदारी को दबाने की है।

## तब तो वह मंत्री भी नहीं थे; सौरभ भारद्वाज के घर ईडी की रेड पर संजय सिंह की दलील

**नई दिल्ली, एजेंसी।** आम आदमी पार्टी (आप) के दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष और पूर्व मंत्री सौरभ भारद्वाज के घर चल रही प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की छापेमारी से 'आप' भाजपा पर आग बबूला है। 'आप' के राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने कहा है कि सौरभ भारद्वाज के खिलाफ ईडी का यह मामला पूरी तरह से निराधार, झूठा और बेबुनियाद है, क्योंकि यह जिस वक्त यह केस बनाया गया, उस वक्त सौरभ भारद्वाज मंत्री ही नहीं थे। उन्होंने कहा कि हमें झुकाने के लिए 'आप' नेताओं को फर्जी मामलों में फंसाना भाजपा सरकार की नीति बन गई है।

सांसद संजय सिंह ने एक वीडियो जारी कर कहा, सौरभ भारद्वाज आम आदमी पार्टी के दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष और पूर्व मंत्री हैं। उनके ऊपर आज ईडी ने छापा मारा है। सौरभ भारद्वाज पर जो मामला बनाया गया है वो पूरी तरह से झूठा, निराधार और बेबुनियाद है। यह बात मैं इसलिए कह रहा हूं, क्योंकि यह जिस वक्त यह केस बनाया गया, उस वक्त सौरभ भारद्वाज मंत्री ही नहीं थे। एक झूठा और बेबुनियाद केस बनाकर सौरभ भारद्वाज को फंसाने की कोशिश की जा रही हैज आम आदमी पार्टी के नेताओं पर लगातार झूठे केस बना-बनाकर उन्हें जेल में डालना भाजपा और मोदी सरकार की एक नीति बन गई है। उनका एक रवैया बन गया है, हमको दबाने और हमको झुकाने के लिए।

'आप' सांसद ने आगे कहा, यह सब कुछ आज क्यों हो रहा है, क्यों सौरभ भारद्वाज के घर आज छापा मार दिया गया। क्योंकि खबर बदली है।

## दिल्ली-एनसीआर में बीपीटीपी के ठिकानों पर ईडी की धमाकेदार छापेमारी, विदेशी निवेश से जुड़ा है मामला

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली-एनसीआर में मंगलवार को प्रवर्तन निदेशालय ने रियल एस्टेट की दिग्गज कंपनी बीपीटीपी के कई ठिकानों पर छापेमारी कर हड़कंप मचा दिया। यह कार्रवाई विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम (FEM) के तहत की गई, जिसमें करीब 500 करोड़ रुपये के विदेशी निवेश से जुड़े उल्लंघन का मामला सामने आया है।

**कंपनी के CMD पर गंभीर आरोप**- ईडी के सूत्रों ने सनसनीखेज खुलासा किया है कि बीपीटीपी के CMD काबुल चावला पर विदेशों में गुपचुप तरीके से संपत्ति रखने का आरोप है। इतना ही नहीं, कंपनी और इसके निदेशकों के खिलाफ दिल्ली-एनसीआर के कई पुलिस स्टेशनों में दर्ज FIRs भी ED की जांच के दायरे में हैं। यह मामला अब और गहराता जा रहा है।

**बीपीटीपी की चुप्पी**- ED की इस बड़ी कार्रवाई पर बीपीटीपी की ओर से अभी तक कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है। कंपनी से संपर्क करने की कोशिश की गई, लेकिन जवाब का इंतजार है। क्या यह चुप्पी तूफान से पहले की शांति है? ईडी की इस छापेमारी ने रियल एस्टेट सेक्टर में हलचल मचा दी है। सूत्रों का कहना है कि जांच अभी शुरुआती दौर में है और आने वाले दिनों में और भी बड़े खुलासे हो सकते हैं।

### क्या है मामला?

ईडी की ताजा जांच में पता चला है कि फरीदाबाद की मशहूर रियल एस्टेट कंपनी बिजनेस पार्क्स टाउन प्लानर्स प्राइवेट लिमिटेड ने 2007-08 के दौरान मॉरीशस की कंपनियों से 500 करोड़ रुपये से ज्यादा का विदेशी निवेश हासिल किया। लेकिन यह निवेश ऑटोमैटिक रूट के जरिए लिया गया, जो FEMA नियमों का उल्लंघन माना जा रहा है। सूत्रों के मुताबिक, कंपनी ने पुट ऑप्शन/स्वैप ऑप्शन के जरिए यह निवेश हासिल किया, जो नियमों के खिलाफ था।

## व्यापार खड़ा करने में युवाओं की मदद करेगी सरकार, दिल्ली की नई स्टार्टअप नीति का ड्राफ्ट तैयार

**नई दिल्ली, एजेंसी।** राजधानी में युवा उद्यमी तैयार करने और रोजगार मुहैया कराने के लिए दिल्ली सरकार पांच हजार नए स्टार्टअप को मदद देगी। इन स्टार्टअप को न सिर्फ वित्तीय सहायता, बल्कि फिक्की, सीआईआई जैसे बड़े औद्योगिक संगठनों के साथ मिलकर स्टार्टअप को मार्गदर्शन भी दिलाया जाएगा। दिल्ली सरकार ने इसके लिए नई स्टार्टअप नीति का मसौदा तैयार किया है। इस नीति के तहत सरकार का फोकस स्टार्टअप को निवेश और ग्लोबल मार्केट तक पहुंचाने पर होगा। दिल्ली सरकार की नई स्टार्टअप नीति के तहत महिला उद्यमियों के लिए भी विशेष प्रोत्साहन और सहायता उपलब्ध कराई जाएगी। यह नीति 10 साल के लिए लागू की जाएगी और इसके तहत 2025 से 2035 तक पांच हजार स्टार्टअप को मदद देकर उन्हें न सिर्फ खड़ा करना है बल्कि यूनिकॉर्न बनाने के लिए भी प्रयास किए जाएंगे। इसका मकसद राजधानी के लिए न सिर्फ नवाचार पर आधारित अर्थव्यवस्था का निर्माण करना है, बल्कि दिल्ली को स्टार्टअप का वैश्विक हब बनाना भी है।

# दिवाली-छठ पर यूपी-बिहार जाने वाली ट्रेनों में सीटें अभी से फुल

### फ्लाइट का किराया 3 गुना तक बढ़ा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिवाली एवं छठ पर्व मनाने के लिए यूपी-बिहार जाने वाले यात्रियों के लिए अधिकतर रेलगाड़ियों में रिजर्वेशन वाली टिकटें खत्म हो चुकी हैं। ज्यादातर ट्रेनों में वेटिंग टिकट भी नहीं बन रही हैं। कुछ गाड़ियों में वेटिंग टिकट उपलब्ध भी हैं तो उनके कन्फर्म होने की संभावना न के बराबर है। ऐसे में विमान कंपनियों ने भी अपना किराया 17 से 24 अक्टूबर तक लगभग दो से तीन गुना तक कर दिया है।

हर साल दिवाली एवं छठ पर्व के मौके पर दिल्ली से लाखों लोग बिहार, झारखंड, यूपी के विभिन्न शहरों के लिए सफर करते हैं। आगामी 21 अक्टूबर को दिवाली, जबकि 27-28 को छठ पर्व मनाया जाएगा। ऐसे में 60 दिन पहले रेलगाड़ी के लिए टिकट की बुकिंग सुबह खुलते ही चंद मिनटों में पूरी हो जा रही है। बिहार जाने वाली अधिकांश रेलगाड़ियों में 17 से 24 अक्टूबर तक एक भी सीट नहीं मिल रही है।


बिहार के जयनगर, दरभंगा, पटना आदि के लिए चलने वाली रेलगाड़ियों में वेटिंग टिकट भी नहीं मिल रही है। झारखंड जाने वाली अधिकांश ट्रेनों में भी टिकट का यही हाल है। वाराणसी एवं प्रयागराज जाने वाली कुछ गाड़ियों में 18-19 अक्टूबर की सीट नहीं हैं, लेकिन 20-22 अक्टूबर की कुछ सीटें बची हुई हैं।

विमान कंपनियों ने भी किराया बढ़ा दिया है। दिल्ली से पटना, दरभंगा, गया, आदि रूटों पर विमानों में दो से तीन गुना तक किराया वसूला जा रहा है। गौरतलब है



कि रेलवे की ओर से आवश्यकता पड़ने पर अनारक्षित रेलगाड़ियों का भी परिचालन किया जाएगा। यह गाड़ियां दिवाली एवं छठ के आसपास ही अधिक संख्या में चलाई जाती हैं। हाल ही में रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव ने घोषणा की थी कि त्योहारों के समय 12 हजार विशेष रेलगाड़ियों का परिचालन किया जाएगा। यह देश के अलग-अलग हिस्सों से पूर्व के शहरों को जोड़ेंगी।

# तो बढ़ जाएगा आईफोन का दाम?



## गूगल-अमेजन पर लगा डिजिटल टैक्स तो ट्रंप को लगी मिर्ची, इन देशों को दी धमकी

**वाशिंगटन , एजेंसी।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक बार फिर दुनिया को धमकी दी है। सोमवार को उन्होंने धमकी दी कि जो भी देश अमेरिकी टेक कंपनियों पर डिजिटल सर्विस टैक्स या उससे जुड़े नियम लगाएंगे, उनके खिलाफ अमेरिका भारी-भरकम टैरिफ लगाएगा और चिप निर्यात पर रोक लगाएगा।

ट्रंप का यह बयान उन देशों के लिए सख्त संदेश है, जो अल्फाबेट, मेटा और अमेजन जैसी अमेरिकी दिग्गज टेक कंपनियों पर टैक्स लगा रहे हैं।

**चीन की कंपनियों को मिल रहा छूट और हमें...:** ट्रंप ने अपने सोशल मीडिया मंच ट्रुथ सोशल पर तल्ख लहजे में कहा कि वह अमेरिका की शानदार टेक कंपनियों के खिलाफ होने वाले किसी भी हमले को बर्दाश्त नहीं करेंगे। उन्होंने साफ कहा कि डिजिटल टैक्स, डिजिटल सर्विस नियम और डिजिटल मार्केट रेगुलेशन अमेरिकी टेक्नोलॉजी को नुकसान पहुंचाने और भेदभाव करने के लिए बनाए गए हैं।

ट्रंप ने गुस्से में यह भी कहा कि ये नियम चीन की बड़ी टेक कंपनियों को पूरी तरह छूट देते हैं, जो बिल्कुल नाकाबिले-बर्दाश्त है।

**हम अपने कीमती टेक्नोलॉजी और एक्सपोर्ट पर लगाएंगे प्रतिबंध:** उन्होंने लिखा, डिजिटल टैक्स, डिजिटल सर्विस कानून और डिजिटल मार्केट नियम अमेरिकी टेक्नोलॉजी को नुकसान पहुंचाने और भेदभाव करने के लिए बनाए गए हैं। वे, बेशर्मी से, चीन की सबसे बड़ी टेक कंपनियों को पूरी छूट देते हैं। यह अब बंद होना चाहिए और अभी बंद होना चाहिए! उन्होंने आगे कहा कि अमेरिका अपनी बेहद कीमती टेक्नोलॉजी और चिप्स पर निर्यात प्रतिबंध भी लगाएगा। ट्रंप ने साफ चेतावनी दी, मैं उन सभी देशों को, जो डिजिटल टैक्स, कानून, नियम या रेगुलेशन लागू करते हैं, नोटिस देता हूं कि अगर ये भेदभावपूर्ण कदम नहीं हटाए गए, तो मैं, अमेरिका के राष्ट्रपति के तौर पर, उनके देश के अमेरिका में होने वाले निर्यात पर भारी अतिरिक्त टैरिफ लगाऊंगा।

## प्रधानमंत्री अल्बनीज का सनसनीखेज आरोप- ईरान ने ऑस्ट्रेलिया में यहूदी विरोधी हमले करवाए

**सिडनी, एजेंसी।** ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज ने ईरान पर गंभीर आरोप लगाया कि उसने ऑस्ट्रेलिया में कम से कम दो यहूदी विरोधी हमलों को अंजाम देने का निर्देश दिया। अल्बनीज ने कहा कि ऑस्ट्रेलियाई खुफिया सेवाओं के मुताबिक, सिडनी के एक रेस्टोरेंट और मेलबर्न की एक मस्जिद पर हुए हमलों के पीछे ईरान का हाथ है। इस वजह से ऑस्ट्रेलिया ईरानी राजदूत को निष्कासित कर रहा है।

**ईरान सरकार ने दिए हमलों के आदेश :** अल्बनीज ने खुफिया एजेंसी का हवाला देते हुए बताया कि ऑस्ट्रेलियाई सुरक्षा खुफिया संगठन ने विश्वसनीय खुफिया जानकारी के आधार पर एक चिंताजनक निष्कर्ष निकाला है। कम से कम दो हमलों का निर्देश ईरान सरकार ने दिया था। ईरान ने अपनी संलिप्तता को छिपाने की कोशिश की, लेकिन एएसआईओ का मानना है कि इन हमलों के पीछे ईरान ही था। उन्होंने कहा कि पिछले साल 20 अक्टूबर को सिडनी के लुईस कॉन्टिनेंटल किचन और 6 दिसंबर को मेलबर्न के अदास इजराइल सिनागॉग पर हुए हमलों में ईरान की भूमिका थी, जिसे उसने छिपाने की कोशिश की।

**सामाजिक एकता को तोड़ने की साजिश :** अल्बनीज ने कहा कि एएसआईओ के अनुसार, संभव हो कि ईरान ने और हमलों की योजना बनाई हो। उन्होंने इसे ऑस्ट्रेलियाई धरती पर एक विदेशी राष्ट्र द्वारा रची गई असाधारण और खतरनाक आक्रामकता करार दिया। ये हमले सामाजिक एकता को कमजोर करने और समुदाय में विभाजन पैदा करने की कोशिश थे। अल्बनीज ने बताया कि ऑस्ट्रेलिया ने तेहरान स्थित अपने दूतावास का कामकाज स्थगित कर दिया है और सभी राजनयिक किसी तीसरे देश में सुरक्षित हैं। उन्होंने यह भी घोषणा की कि उनकी सरकार तेहरान के इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कोर को आतंकवादी संगठन घोषित करेगी।

## सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी को दिया गया गार्ड ऑफ ऑनर, द्विपक्षीय रक्षा सहयोग पर हुई चर्चा

**अल्जीयर्स, एजेंसी।** सेना प्रमुख (सीओएएस) जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने सोमवार को अपनी आधिकारिक अल्जीरिया यात्रा के दौरान गार्ड ऑफ ऑनर का निरीक्षण किया और भारत और अल्जीरिया के बीच रक्षा सहयोग को और मजबूत करने को लेकर बातचीत की। जनरल द्विवेदी ने अल्जीरियाई थल सेना कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल मोस्तेफा समाली से मुलाकात की। उन्होंने भारत और अल्जीरिया की सेनाओं के बीच आपसी रक्षा सहयोग को बढ़ाने पर चर्चा की।

भारतीय सेना के जनसंपर्क निदेशालय (एडीजी-पीआई) ने एक्स पर एक पोस्ट में जानकारी दी कि जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने अल्जीयर्स स्थित थल सेना कमान मुख्यालय में गार्ड ऑफ ऑनर का निरीक्षण किया और फिर लेफ्टिनेंट जनरल मोस्तेफा समाली के साथ बातचीत की। बातचीत का उद्देश्य दोनों देशों की सेनाओं के बीच सहयोग को बढ़ाना, शांति और सुरक्षा के प्रति आपसी प्रतिबद्धता को मजबूत करना था।



अपनी यात्रा की शुरुआत जनरल द्विवेदी ने सोमवार को अल्जीरिया में भारत की राजदूत स्वाति विजय कुलकर्णी की ओर से आयोजित स्वागत रात्रिभोज के साथ की। इस कार्यक्रम में अल्जीरियाई गणमान्य व्यक्तियों, विभिन्न देशों के राजदूतों, रक्षा अधिकारियों, वाणिज्य मंडलों के प्रमुखों, थिंक टैंक और शिक्षाविदों ने हिस्सा लिया। जरनल द्विवेदी से पहले हाल ही में भारत की राष्ट्रपति और चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) भी अल्जीरिया की यात्रा कर चुके हैं।

# हाइब्रिड मॉडलों को पसंद कर रहे कर्मचारी

### सर्वे में सामने आई लोगों के मन की बात

**क्वींसलैंड , एजेंसी।** वर्क फ्राम होम के बाद आफिस जाने पर यदि आपको भी तनाव होता है तो आप अकेले नहीं है। दरअसल, महामारी के दौरान की गई इस व्यवस्था ने लोगों को न सिर्फ इसका आदी बना दिया बल्कि मनोवैज्ञानिक रूप से भी वो घर से बेहतर परिणाम देने की स्थिति में आ गए।

हाल ही में बॉन्ड विश्वविद्यालय की ओर से वर्फ फ्रॉम होम को लेकर अमेरिका और ऑस्ट्रेलिया की विभिन्न कंपनियों का विश्लेषण किया गया जिसमें सामने आया कि कोविड के बाद कार्यालय लौटने की दरें जून 2023 के आसपास स्थिर हो गई और तब से इसमें ज्यादा बदलाव नहीं आया है।

**सर्वे में ये बात आई सामने:** निष्कर्ष में पता चला कि ऑस्ट्रेलिया में अगस्त 2024 में 36 प्रतिशत लोग नियमित रूप से घर से काम कर रहे थे जबकि 2023 में यह आंकड़ा 37 प्रतिशत था। यह महामारी से पहले के स्तरों से एक नाटकीय बदलाव है जब केवल पांच प्रतिशत ही नियमित रूप से घर से काम करते थे।

वहीं, यूरोप और उत्तरी अमेरिका में लगभग 30 प्रतिशत कर्मचारी अब हाइब्रिड शेड्यूल पर काम कर रहे हैं जबकि 2020 से पहले ये प्रतिशत न्यूनतम था।

**हाइब्रिड मॉडलों को पसंद कर रहे कर्मचारी:** वर्क फ्रॉम होम और हाइब्रिड माडलों पर शोध से सामने आया कि इस माध्यम से कार्य-जीवन संतुलन में सुधार किया जा सकता है और कर्मचारियों की कमी की दर को भी कम किया जा सकता है।

2024 में किए गए एक परीक्षण में पाया गया था कि हाइब्रिड कार्य व्यवस्थाओं के



कारण 33 प्रतिशत कम छोड़ने की दरें थीं। इसके अलावा व्यक्तिगत उत्पादकता को ट्रैक करने वाले शोध में पाया गया कि पूरी तरह से दूरस्थ कार्य उत्पादकता में 10 प्रतिशत की कमी से जुड़ा था। सामने आया कि कर्मचारी आमतौर पर हाइब्रिड मॉडलों को पसंद कर रहे थे।

**ऑफिस और घर दोनों जगह से काम करने का विकल्प चाहते हैं युवा:** शोधकर्ताओं ने निदान के तौर पर बताया कि कर्मचारियों को कार्यालय लौटने के लिए धीरे-धीरे वापस आने की अनुमति दें। क्रमिक परिवर्तन अचानक बदलाव की तुलना में अधिक प्रभावी होते हैं।

New page 9_page 12 29.05.2025.qxd 26-08-2025 21:29 Page 1



# व्याख्याता हुए साइबर फ्रॉड के शिकार

## पासवर्ड रिसेट के नाम पर दिया घटना को अंजाम

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बोकारो।** आए दिन साइबर ठगी का मामला सुनने को मिलता है। हर स्तर से साइबर क्राइम को लेकर आम लोगों को जागरूक किए जाने के बावजूद साइबर अपराधी हर बार अलग अलग तरीकों का इस्तेमाल कर किसी ना किसी को अपना शिकार बना रहे हैं। ऐसा ही साइबर ठगी का एक और मामला बोकारो इस्पात नगर में प्रकाश में आया है।

बोकारो स्टील सिटी के सेक्टर 3 निवासी विस्थापित महाविद्यालय, बालीडीह के व्याख्याता एवं सरस्वती विद्या मंदिर, 3सी के सचिव राजकुमार सिंह के बालीडीह स्थित भारतीय स्टेट बैंक के बचत खाता से साइबर ठगों ने 49 हजार 500 रुपए उड़ा लिए। एकाउंट से पैसे निकासी घटना 24 अगस्त के पूर्वाह्न लगभग साढ़े ग्यारह बजे घटी।

उल्लेखनीय है कि इस साइबर फ्रॉड में ना ही कोई ओटीपी मांगा गया और ना ही कोई पासवर्ड की मांग की गई बावजूद इसके पैसे गायब हो गए।

पीड़ित द्वारा ऑन लाइन कंप्लेन दर्ज कराने के बाद सिटी थाने में दी गई प्राथमिकी में कहा गया है कि उनके साथ यह साइबर फ्रॉड एसबीआई के यूनो ऐप का पासवर्ड एवं यूजर आई डी को रिसेट करने के नाम पर हुआ है।

पीड़ित को कहा गया है कि 23 अगस्त को उनके मोबाइल पर पूर्वाह्न 11:59 बजे से 12:25 बजे के बीच तीन बार मोबाइल नंबर 7321947759 से सामान्य कॉल आया। पुनः रात्रि 8:37 बजे कॉल आया, जिसमें यूनो एप का पासवर्ड और यूजर आई डी रिसेट करने की बात की गई। इसके बाद एक अन्य मोबाइल नंबर 9978285595 से उनके व्हाट्सऐप पर वीडियो कॉल किया गया। इसके बाद दूसरे दिन 24 अगस्त को उन्हें 49 हजार 500 रुपए के निकासी का मैसेज मिला। तब जा कर उन्होंने सबसे पहले एसबीआई के कस्टमवर केयर को घटना की सूचना दी। इसके बाद प्राथमिकी दर्ज कराया।

# संथाल की चाबी हेमंत सोरेन ने जिसे दे रखी है वो अन्य राज्य का : अमर बाउरी

## वरीय अधिकारी जी हुजूरी करने को विवश



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बोकारो।** झारखंड विधानसभा में पूर्व प्रतिपक्ष के नेता अमर कुमार बाउरी ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पर गंभीर आरोप लगाया है। बोकारो इस्पात नगर स्थित अपने आवास में एक विशेष बातचीत के दौरान श्री बाउरी ने कहा कि 1932 खतियान का सपना दिखा कर सरकार बनाने वाले हेमंत सोरेन ने संथाल को एक गैर झारखंडी को सौंप दिया है। हेमंत सोरेन और झारखंड मुक्ति मोर्चा का यह दोहरा चरित्र है। पंकज मिश्रा का नाम लिए बिना श्री बाउरी ने आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री ने उस बाहरी व्यक्ति को इतना ज्यादा पावर दे दिया है कि डीसी व एसपी तक उसकी जी हुजूरी करने को विवश हैं। एक सवाल के जवाब में श्री बाउरी ने कहा कि मुख्यमंत्री के संरक्षण में झारखंड में कितने ही प्रेम प्रकाश जैसा घूम रहे हैं।

उन्होंने आगे कहा कि राज्य में कानून व्यवस्था किसी से छिपी नहीं है। अपराधियों और भ्रष्टाचारियों को सरकार का संरक्षण प्राप्त है। आम झारखंडी ठगा सा महसूस कर रहा है। उधर कथित बांग्लादेशियों द्वारा आदिवासियोबका शोषण उनकी जमीन हड़पने की घटना आए दिन होती है। खुद की आदिवासियों की हितैषी कहने वाली हेमंत सरकार में ही सबसे ज्यादा शोषण आदिवासियों का हो रहा है। सरकार अब कुछ देखते हुए आंख बंद कर बैठी है।

# बीएसएल विस्तारीकरण हेतु चलाए गए अभियान को कई सांसदों का समर्थन

## सांसदों ने झारखण्ड के अन्य सभी सांसदों के साथ पीएम से मिलने की कही बात

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बोकारो।** बोकारो स्टील प्लांट के प्रस्तावित विस्तारीकरण और बीजीएच को सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल बनाने को लेकर जारी महाहस्ताक्षर अभियान तहत कुमार अमित के पहल पर झारखण्ड के अनेक सांसदों ने प्रधानमंत्री को पोस्टकार्ड लिख कर अभियान को समर्थन दिया। अभियान का नेतृत्व कर रहे कुमार अमित ने राँची में राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश, डा. प्रदीप वर्मा, आदित्य प्रसाद साहु और चतरा लोकसभा सांसद काली चरण सिंह से अलग-अलग मिल कर इस विषय की विस्तृत जानकारी देते हुए उच्चस्तरीय पहल करने हेतु ज्ञापन दिया।

इन सांसदों ने प्रधानमंत्री को इस सम्बन्ध में पोस्टकार्ड लिखकर राज्य हित में इस अभियान को समर्थन दिया और विस्तारीकरण को शीघ्र प्रारंभ करने हेतु झारखण्ड के सभी सांसदों के लेकर सामूहिक रूप से प्रधानमंत्री से मिलने की भी बात कही। कुमार अमित इस विषय को लेकर राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री और अर्जुन मुंडा एवं रघुवर दास से भी मिले और बीएसएल के विस्तारीकरण हेतु ज्ञापन देते हुए उच्चस्तरीय पहल करने का आग्रह किया। दोनों पूर्व मुख्यमंत्रियों ने कहा कि बोकारो सहित झारखण्ड के विकास को गति देने और यहाँ के युवाओं



को रोजगार का अवसर उपलब्ध कराने के लिए यह विस्तारीकरण राज्य के लिए आवश्यक है, इसके लिए राज्य सरकार को अपनी विधि व्यवस्था दुरुस्त कर झारखण्ड में शीघ्र विस्थापन एवं पुनर्वास नीति बनाते हुए झारखण्ड में निवेश का वातावरण बनाना चाहिए। इन दोनों पूर्व मुख्यमंत्रियों ने इस अभियान की सराहना करते हुए आवश्यक उच्चस्तरीय पहल करने की भी बात कही।

# आकस्मिक खाद्यान्न कोष का करें व्यापक प्रचार - प्रसार : आयोग

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बोकारो।** बोकारो परिसदन सभागार में मंगलवार को प्रभारी अध्यक्ष - सह - सदस्या, झारखण्ड राज्य खाद्य आयोग शबनम परवीन ने अपर समाहर्ता मो. मुमताज अंसारी, जिला आपूर्ति पदाधिकारी शालिनी खालखो समेत अन्य जिला एवं प्रखंड स्तरीय पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक किया। इस क्रम में उन्होंने जिले में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम-2013 के तहत संचालित योजनाओं की वस्तुस्थिति एवं संबंधित शिकायतों के निष्पादन की स्थिति, ग्रीन राशन कार्ड, डाकिया योजना तथा झारखण्ड राज्य आकस्मिक खाद्यान्न कोष के जिला स्तर पर आवंटन तथा पंचायत स्तर पर राशि की उपलब्धता एवं व्यय की स्थिति समेत विभिन्न बिंदुओं पर विस्तार से समीक्षा कर जरूरी दिशा - निर्देश दिया।



झारखण्ड राज्य खाद्य आयोग की प्रभारी अध्यक्ष-सह-सदस्या ने कहा कि आकस्मिक खाद्यान्न कोष के संबंध में ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में आम जनता को जागरूक करना आवश्यक है। उन्होंने निर्देश दिया कि इस कोष का व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित हो ताकि जरूरतमंद परिवार समय पर इसका लाभ उठा सकें।बैठक में अध्यक्ष ने जोर देकर कहा कि विद्यालयों में मध्यान्ह भोजन (एमडीएम) का निर्माण केवल रसोई गैस के माध्यम से किया जाए, ताकि स्वच्छता और सुरक्षा सुनिश्चित हो सके। इसके साथ ही, सभी आंगनबाड़ी केंद्रों/विद्यालयों में बच्चों के बीच नियमित रूप से अंडा वितरण करने का निर्देश दिया। वहीं, जो बच्चें अंडा नहीं खाते हैं, उन्हें मौसमी फल उपलब्ध कराने को कहा। समीक्षा क्रम में बताया कि सभी आंगनबाड़ी केंद्रों में बच्चों के बीच अंडा वितरण को लेकर निर्देश दे दिया गया है।

अध्यक्ष ने बैठक में जानकारी दी कि आमजन अपनी समस्याओं और शिकायतों को सीधे आयोग के समक्ष व्हाट्सएप नंबर 9142622194 पर दर्ज करा सकते हैं। समीक्षा बैठक में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम-2013, ग्रीन राशन कार्ड, डाकिया योजना एवं अन्य कल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन की विस्तृत समीक्षा की। बैठक में अत्यंत जरूरी लोगों (मेडिकल इश्यू) को राशन कार्ड बनाने में जिला से अनुशंसा करने की सुविधा पोर्टल पर उपलब्ध कराने की बात कहीं गई। जिस पर अध्यक्ष ने जल्द सकारात्मक पहल करने का भरोसा दिया। उन्होंने आयोग की ओर से इसको लेकर विभाग को पत्राचार करने की बात कहीं। कई जिलों ने इस बाबत उनके समक्ष बात रखी हैं।

बैठक में यह भी निर्देश दिया गया कि प्रखंड और पंचायत स्तरीय निगरानी समितियों की बैठकें नियमित रूप से आयोजित हों। इन बैठकों का संचालन प्रखंड विकास पदाधिकारी द्वारा सुनिश्चित किया जाए। साथ ही, कहा कि अपर समाहर्ता आपूर्ति, मिड डे मील, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, आंगनबाड़ी केंद्रों आदि से संबंधित प्राप्त शिकायतों की नियमित सुनवाई कर त्वरित निष्पादन सुनिश्चित करेंगे।

मौके पर प्रभारी अध्यक्ष-सह-सदस्या शबनम परवीन ने कहा कि झारखण्ड राज्य खाद्य आयोग का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि राज्य के प्रत्येक पात्र परिवार को समय पर और गुणवत्तापूर्ण खाद्यान्न उपलब्ध हो। इसके साथ ही मध्यान्ह भोजन, आंगनबाड़ी सेवाएं और कल्याणकारी योजनाओं का लाभ वास्तविक लाभुकों तक पहुँचे।

*शिकायतों के त्वरित निष्पादन हेतु आयोग पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

इससे पूर्व, उपायुक्त अजय नाथ झा ने बोकारो परिसदन में प्रभारी अध्यक्ष-सह-सदस्या शबनम परवीन से भेंट कर स्मृति चिन्ह देकर स्वागत किया।

# टैक्स कंसलटेंट ने ही कराई थी अपने ऊपर फायरिंग, गिरफ्तार

**बोकारो।** बोकारो स्टील सिटी के सेक्टर 12 निवासी टैक्स कंसलटेंट अभिषेक प्रताप सिंह ने अपने चचेरे भाई मंधीर कुमार सिंह के माध्यम से अपने पार्टनर और उसकी पत्नी को फांसने के लिए अपने ऊपर फायरिंग कराई थी। पुलिस ने इस मामले में अभिषेक प्रताप सिंह और उसके चचेरे भाई मंधीर कुमार सिंह को गिरफ्तार किया है। घटना 23 अगस्त की रात लगभग साढ़े आठ बजे घटी थी। पुलिस ने दोनों के पास से एक देसी लोडेड पिस्टल, 7.62 एमएम का 19 जिंदा गोली, घटना में इस्तेमाल किया गया काले रंग का पल्सर बाइक और दो मोबाइल फोन भी बरामद किया है। इसकी जानकारी एसपी हरविंदर सिंह ने दी है। उन्होंने बताया कि अभिषेक प्रताप सिंह और चंद्र मोहन ओझा दोनों पार्टनर थे दोनों के बीच पैसे का लेनदेन था अभिषेक प्रताप सिंह के नाम से चंद्र मोहन ओझा ने गाड़ी खरीदी थी। किस्त जमा नहीं करने पर अभिषेक का सिविल खराब हो गया था। पैसे की लेनदेन में चंद्रमोहन ओझा और उनकी पत्नी अर्चना ओझा को फसाने के उद्देश्य से अपने भाई के माध्यम से यह फायरिंग कराई थी।

# बिजली का खंभा चुराने वाले चोर पुलिस गिरफ्त में




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बोकारो।** जारीडीह थाना क्षेत्र के गोपीनाथपुर से अलारडीह के बीच में लगे लोहे के बिजली के पोल को 14-15 अगस्त की रात चोरों ने काट ली थी। इस मामले में 25 अगस्त को सहायक विद्युत अभियन्ता, विद्युत आपूर्ति अवर प्रमणडल जैनामोड़ के द्वारा जारीडीह थाने में लिखित मामला दर्ज किया गया था। थाना प्रभारी के द्वारा गठित टीम ने चोरी हुआ लोहे का पोल, चार गैस सिलेंडर और एक पिकअप वैन को बरामद कर लिया है। पुलिस ने चोरी में शामिल तीन चोर को भी गिरफ्तार किया है। उक्त जानकारी एसपी ने थाने में आयोजित पत्रकार वार्ता में दी है। एसपी ने बताया कि चोरी के बाद थाना प्रभारी के नेतृत्व में टीम का गठन किया गया था। इस मामले में फिरोज अली रहने वाले जैनामोड़, भुचुंगडीह, ग्राम-जैनामोड़, मिश्रा साईड, और सुजीत सिंह,ग्राम जोशी कॉलोनी, क्वार्टर नं०-जे०-178 को गिरफ्तार किया है। इन्होंने अपनी अपराध को स्वीकार किया है। इनके निशानदेही पर उजला रंग का पिकअप वैन, एक गैस कटर मशीन,चार बड़ा ऑक्सीजन गैस सिलेंडर और 14 लोहे का बिजली का पोल टुकड़ा बरामद किया है।

# आंगनबाड़ी केंद्रों के लिए शीघ्र जमीन चिन्हित करने का निर्देश

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**धनबाद।** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी आदित्य रंजन ने ग्रामीण विकास विभाग, झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी, झारखंड जल छाजन सहित अन्य योजनाओं की समीक्षा की। समीक्षा के दौरान उन्होंने सभी प्रखंड के प्रखंड विकास पदाधिकारियों को प्रखंड में नरेगा पार्क बनाने का निर्देश दिया।

साथ ही आंगनबाड़ी केंद्रों के लिए शीघ्र जमीन चिन्हित कर आंगनबाड़ी केंद्र शुरू करने का निर्देश दिया। वहीं जहां आंगनबाड़ी केंद्रों का निर्माण पूरा हो गया है उसके हैंड ओवर से पहले सभी जरूरी संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित कर हैंडोवर लेने के लिए निर्देशित किया।

उपायुक्त ने कहा कि प्रखंड की व्यवस्था सुदृढ़ करने का दायित्व प्रखंड विकास पदाधिकारी का है। उन्हें अपने प्रखंड में शिक्षा, स्वास्थ्य, आवास योजना, पेयजल, सड़क, बिजली, पंचायत भवन, जन वितरण प्रणाली सहित सभी संरचनाओं पर ध्यान केंद्रित कर उसे सुदृढ़ करना है। उपायुक्त ने ग्रामीण क्षेत्रों के विकास के लिए विलेज डेवलपमेंट प्लान तैयार करने का निर्देश दिया।

नरेगा अभिसरण (कन्वर्जेंस) से ऐसी योजना लेने का निर्देश दिया जिससे अधिक से अधिक लोग लाभान्वित हो।

बैठक के दौरान उपायुक्त ने प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण, अबुआ आवास योजना, मनरेगा, महात्मा गांधी नरेगा, वीर शहीद पोटो हो खेल विकास योजना, बिरसा हरित ग्राम योजना, बिरसा सिंचाई कूप संवर्धन योजना, 100 दिनों के लिए प्रदान किया गय।

। रोजगार, महिलाओं की भागीदारी, आंगनबाड़ी केंद्र, राष्ट्रीय संसाधन प्रबंधन, श्यामा प्रसाद मुखर्जी रूर्बन मिशन, प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम, सांसद आदर्श ग्राम के साथ-साथ झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी तथा झारखंड जल छाजन इत्यादि की समीक्षा की।

बैठक में उपायुक्त आदित्य रंजन, उप विकास आयुक्त सादात अनवर, निदेशक डीआरडीए राजीव रंजन, जेएसएलपीएस के डीपीएम शैलेश रंजन, सभी प्रखंड के प्रखंड विकास पदाधिकारी, डीआरडीए के प्रोजेक्ट ऑफिसर मनोज कुमार, रूपेश कुमार, पीएम आवास के जिला समन्वयक सुशांत कुमार, सभी प्रखंड समन्वयक मौजूद थे।

# धनबाद में बनेगा पशु चिकित्सालय

**धनबाद।** कोयला नगर में बीमार घायल गायो की चिकित्सा व इलाज के लिए चिकित्सालय बनने जा रहा है जिसका भूमि पूजन 28 अगस्त को बीसीसीएल के सीएमडी समीरन दता एवम धनबाद के उपायुक्त आदित्य रंजन द्वारा किया जाएगा। इस अवसर पर विनोद बिहारी कोयलाचल विश्व विद्यालय के कुलपति, आईएसएम ,सिम्फर एवं अन्य कई महत्वपूर्ण संस्थानों के वरिष्ठ पदाधिकारीगण, प्रतिनिधि ,समाज के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहेंगे। इस स्थान पर गो चिकित्सा के अलावा अन्य कई सेवा कार्य, सीनियर सिटीजन के लिए लाइब्रेरी,बच्चो के लिए बुक बैंक ,होमियोपैथी डिस्पेंसरी ,प्राकृतिक चिकित्सा परामर्श केंद्र ,गो उत्पाद प्रशिक्षण केंद्र आदि भी शुरू किए जाएंगे। यह पूरा प्रकल्प पवित्रम सेवा धाम के नाम से जाना जायेगा पवित्रम सेवा परिवार इस प्रकल्प का संचालन करेगा।मीडिया प्रभारी जितेंद्र अग्रवाल ने बताया कि पवित्रम सेवा परिवार पिछले कई वर्षों से घायल -बीमार गोवंश की चिकित्सा -सेवा का कार्य कर रहा है।

# तीरंदाजी संघ करेगा खिलाड़ियों को सम्मानित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**धनबाद।** धनबाद जिला तिरंदाजी संघ हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी 29 अगस्त को राष्ट्रीय खेल दिवस पर विभिन्न खेलो में राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर के प्रतिभा वान खिलाड़ियों को सम्मानित करेगा। संघ के अध्यक्ष बिजय झा ने मंगलवार को गांधी सेवा सदन में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि ना सिर्फ तिरंदाजी बल्कि हॉकी, फुटबॉल, कैरम, वेट लिफ्टिंग,कब्बडी, वॉली बॉल आदि स्पधाओं के खिलाड़ियों को सम्मानित किया जायेगा।उन्होंने बताया कि यह सम्मान समारोह 29 अगस्त को यूनियन क्लब में आयोजित किया जा रहा है। अभीतक सम्मानित होनेवाले 21 खिलाड़ियों की सूची बन चुकी है। प्रेस कॉन्फ्रेंस में धनबाद जिला तीरंदाजी संघ के अध्यक्ष बिजय झा, महासचिव जुबेर आलम, उदय कुमार सिंह तारकनाथ दास थे।

# डे बोर्डिंग आर्चरी सेंटर की आधुनिक सुविधाओं का लोकार्पण

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बोकारो।** बोकारो इस्पात संयंत्र के ह्यडे बोर्डिंग आर्चरी सेंटर की नई सुविधाओं का लोकार्पण मंगलवार को निदेशक प्रभारी बीरेंद्र कुमार तिवारी द्वारा किया गया। इस अवसर पर अधिशासी निदेशक (वित्त एवं लेखा) सुरेश सुरेश रंगानी, अधिशासी निदेशक (मानव संसाधन) राजश्री बनर्जी, अधिशासी निदेशक (सामग्री प्रबंधन) सीआर मिश्रा, बीजीएच के प्रभारी डॉ. बीबी करुणामय, मुख्य महाप्रबंधक (नगर सेवाएं) कुंदन कुमार सहित अन्य वरीय अधिकारी, प्रशिक्षक एवं बड़ी संख्या में खिलाड़ी उपस्थित थे।



खिलाड़ियों की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए इस अपग्रेडेड केंद्र में आधुनिक चेंजिंग रूम एवं रेस्ट रूम जैसी सुविधाएँ विकसित की गई हैं। इन नई सुविधाओं से खिलाड़ियों को प्रशिक्षण के लिए और भी बेहतर वातावरण एवं सभी आवश्यक सहूलियतें उपलब्ध होंगी।

गौरतलब है कि डे बोर्डिंग आर्चरी सेंटर की स्थापना 21 नवंबर 2013 को की गई थी और तब से यह कई उभरते तीरंदाजों के लिए आधारशिला साबित हो रहा है। वर्तमान में यहाँ 24 कैडेट्स जिसमे 12 बालक एवं 12 बालिकाएँ प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। सभी खिलाड़ी 12 से 16 वर्ष आयु वर्ग के हैं और उन्हें तीन वर्षों की अवधि तक व्यवस्थित प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

बोकारो स्टील प्लांट अपने सीएसआर के तहत खिलाड़ियों के सर्वांगीण विकास के लिए कैडेट्स को निःशुल्क स्पोर्ट्स किट, ट्रैक सूट, जूते, टी-शर्ट और शॉर्ट्स उपलब्ध कराता है। साथ ही प्रतिदिन पौष्टिक अल्पाहार की भी व्यवस्था की जाती है, ताकि खिलाड़ी शारीरिक और मानसिक रूप से मजबूत होकर आगे बढ़ सकें। स्थानीय खेल प्रतिभाओं को तराशने की दिशा में बीएसएल का यह सतत प्रयास न केवल युवा खिलाड़ियों के आत्मविश्वास को नई ऊँचाइयाँ प्रदान कर रहा है, बल्कि राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बोकारो का नाम रोशन करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।

# जनता दरबार पहुंचे लोगों के मामलों की डीडीसी ने की सुनवाई

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बोकारो।** समाहरणालय स्थित उपायुक्त के कार्यालय कक्ष में मंगलवार को उप विकास आयुक्त शताब्दी मजूमदार ने आयोजित जनता दरबार में आम जनता से जुड़ी समस्याओं पर क्रमवार सुनवाई की। इस दौरान जिले के शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्रों से पहुंचे 42 से ज्यादा लोगों की क्रमवार समस्याओं/शिकायतों पर सुनवाई किया। साथ ही संबंधित विभागों के पदाधिकारियों को प्राप्त आवेदनों को अग्रसारित करते हुए अविलंब जांच कर जल्द समाधान करने का निर्देश दिया। इसके अलावा कई मामलों का ऑन स्पॉट निष्पादन किया।

जनता दरबार में विशेष रूप से चास नगर परिषद क्षेत्र के चिकसिया निवासी बुजुर्ग चंद चरण दत्ता ने डीडीसी के समक्ष जन वितरण प्रणाली द्वारा राशन नहीं दिए जाने



की बात कहीं। इस पर त्वरित संज्ञान लेते हुए डीडीसी ने आपूर्ति विभाग को जरूरी निर्देश दिया। पूछताछ क्रम में पता चला कि ई-पास मशीन में बायोमैट्रिक नहीं लगने के कारण राशन वितरण में समस्या आ रही है। इस पर डीडीसी ने संबंधित एमओ/जविप्र दुकानदार को अपवाद पंजी में अंकित कर बुजुर्ग को राशन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। इस बाबत राशन कार्ड में जरूरी इंट्री भी किया गया। जनता दरबार में भूमि अतिक्रमण, भूमि पर कब्जा, आपूर्ति विभाग, शिक्षा विभाग, सहकारिता विभाग, राजस्व संबंधित विवाद, अंचल कार्यालय चास/खेल विभाग, सामाजिक सुरक्षा आदि से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए थे। मौके पर अपर समाहर्ता मो. मुमताज अंसारी, जनसंपर्क पदाधिकारी रवि कुमार, सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा पियुष, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी अविनाश कुमार आदि उपस्थित थे।

# प्रतियोगिताओं में बच्चों ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

**बोकारो।** सरस्वती विद्या मंदिर धनबाद में आयोजित विभाग स्तरीय प्रश्न मंच प्रतियोगिता में सरस्वती विद्या मंदिर 3सी ,बोकारो के भैया-बहनों ने अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। वैदिक गणित प्रतियोगिता में यतीश राज, आयुष सिंह एवं प्रिंस कुमार प्रसाद ने शानदार प्रदर्शन करते हुए द्वितीय स्थान प्राप्त किया। यह टीम अब प्रांतीय प्रतियोगिता में विद्यालय का प्रतिनिधित्व करेगी। अंग्रेजी विषय में आयुषी सिन्हा, मौसम रानी एवं अदिति वर्मा ने कड़ी प्रतिस्पर्धा के बीच तृतीय स्थान हासिल किया। विज्ञान विषय में अंश कुमार, अंतराकुमारी एवं श्रेया कुमारी ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया और अब वे भी प्रांतीय स्तर पर प्रतिभा दिखाएँगे। भागलपुर में बैडमिंटन एवं शतरंज प्रतियोगिता में विद्यालय के भैया ने द्वितीय स्थान प्राप्त कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया। इसी क्रम में सरस्वती विद्या मंदिर 2ए में आयोजित सांस्कृतिक ज्ञान प्रश्न मंच प्रतियोगिता में शिवम कुमार सिंह, आदित्य राज एवं पियूष राज की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए द्वितीय स्थान अर्जित किया। तरुण वर्ग में आशीष पांडे, भोला ठाकुर तथा सागर कुमार ने द्वितीय स्थान प्राप्त करके विद्यालय का गौरव बढ़ाया।

# क्षेत्रीय शतरंज प्रतियोगिता में राजकमल बना चैंपियन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**धनबाद।** विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान नई दिल्ली के तत्वावधान में भागलपुर में दो दिवसीय शतरंज प्रतियोगिता आयोजित की गई।

23 एवं 24 अगस्त को आयोजित इस प्रतियोगिता में राजकमल से अंडर 14 एवं अंडर 17 शतरंज के 10 खिलाड़ियों ने भाग लिया एवं दोनों ही वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त कर राजकमल को क्षेत्र का चैंपियन बनाया। विद्यालय के प्राचार्य सुमंत कुमार मिश्रा ने कहा कि शतरंज से विचार शक्ति पुष्ट होती है, मेधा विकसित होती है, तार्किक क्षमता बढ़ती है एवं सोच समझकर चलने की प्रवृत्ति का विकास होता है। ज्ञात हो कि क्षेत्रीय शतरंज प्रतियोगिता में चैंपियन बने राजकमल के दोनों वर्गों के खिलाड़ी 8 अक्टूबर को चेन्नई में आयोजित राष्ट्रीय शतरंज प्रतियोगिता में भाग लेंगे। प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले भैया में वैभव वर्मा, विनायक कुमार, सन्नी कुमार ,आयुष कुमार ,दिव्यांश, अरुणोदय, शक्ति शर्मा, शुभ सत्यम, मयंक मनोहर एवं मयंक कुमार के नाम शामिल है। टीम का नेतृत्व शारीरिक शिक्षक आलोक कुमार चौधरी एवं चंदन कुमार ने किया। इस उपलब्धि पर विद्यालय के संरक्षक शंकर दयाल बुधिया, अध्यक्ष विनोद कुमार तुलस्यान, उपाध्यक्ष रविंद्र कुमार पटनिया, सचिव संजीव अग्रवाल, सह सचिव दीपक रुइया ,कोषाध्यक्ष चंद्रशेखर अग्रवाल, विद्यालय प्रबंध समिति के अन्य अधिकारी एवं सदस्य गण के साथ विद्यालय के प्राचार्य सुमंत कुमार मिश्रा, उप प्राचार्य मनोज कुमार, उप प्राचार्या लीला सिंह ,प्रभारी प्रतिमा चौबे, कमलनयन, पार्थ सारथी सरकार ,सुमोना दीक्षित एवं छंदा बनर्जी ने उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

# सड़क अधूरी बनाकर पूरी राशि निकासी का आरोप

**धनबाद।** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी आदित्य रंजन ने मंगलवार को जनता दरबार का आयोजन कर जिले के सोनारडीह, एगारकुंड, बस्ताकोला, गोविंदपुर, बलियापुर, निरसा इत्यादि स्थानों से आए लोगों की फरियाद सुनी। इसमें सोनारडीह से आए ग्रामीणों ने उपायुक्त को बताया कि मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत सोनारडीह में आदर्श कॉलोनी से तिवारीडीह तक की 1.6 किलोमीटर सड़क निर्माण में मात्र 20 से 25% कार्य किया गया है। अधूरा कार्य के बावजूद योजना की पूरी राशि की निकासी कर ली गई है। मामले पर त्वरित संज्ञान लेते हुए उपायुक्त ने विस्तृत जांच करने को कहा। जनता दरबार में घनी आबादी के बीच विस्फोटक कारखाना स्थापित करने, भूमि पर जबरन काम रुकवाने, फर्जी दस्तावेज बनाकर जमीन की बिक्री करने, भूमि अधिग्रहण होने के बाद मुआवजा नहीं मिलने, गांव में सड़क निर्माण कराने, गंभीर रोग से ग्रसित व्यक्ति के इलाज के लिए सहायता प्रदान करने सहित अन्य आवेदन प्राप्त हुए।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा डी.बी.कॉर्प.लि. के लिए भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, गोविंदपुर मेन रोड, अशोक नगर, केजी आश्रम, धनबाद (झारखंड) से मुद्रित तथा प्लॉट नंबर 31, कॉपरेटिव कॉलोनी, बोकारो स्टील सिटी, जिला बोकारो (झारखंड) से प्रकाशित। संपादक कमल किशोर, नवबिहार टाइम्स (दैनिक), सत्येंद्र नगर, औरंगाबाद (बिहार), स्थानीय संपादक: मनोज विशाल फोन नंबर: 9431145865, 8210783623, आर.एन.आई. पंजीकरण संख्या: JHAHIN/2017/72655, Email : bokaronbt@gmail.com

CMYK